सूर्योदय 6:11 सूर्यास्त 6:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.6 न्यू | 15.1 अधि |
| धर्मशाला | 11.8 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73651.35 |
| निफ्टी | 22326.90 |
| सोना | 67,310 |
| चांदी | 76,337 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 31 मार्च, 2024 | 18 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 102, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- धर्मशाला में युवा कांग्रेस ने तैयार की चुनावी रणनीति
- विभिन्न क्षेत्रों से 62,250 एमएल अवैध शराब की बरामद

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- संधोल के युवाओं की नसों में घुल रहा नशा
- चौथी पीढ़ी ने संभाल कर रखी है 100 साल पुरानी दराटी

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- एचआरटीसी की बस पलटी, यात्री सुरक्षित
- 125 यूनिट फ्री बिजली न मिलने पर नागरिक सभा करेगी प्रदर्शन

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- आईपीएल से हटे डेविड विली, एलएसजी ने मैट हेनरी के साथ किया करार
- मां की कब्र के पास माफिया मुख्तार अंसारी को किया सुपुर्द-ए-खाक

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज के मैच



गुजरात टाइटंस vs सनराइजर्स हैदराबाद



समय : दोपहर 3:30 बजे (अहमदाबाद)



दिल्ली कैपिटल्स vs चेन्नई सुपर किंग्स



समय : रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

# नरसिम्हा राव समेत चार विभूतियां मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित

## लालकृष्ण आडवाणी को घर जाकर अवॉर्ड सौंपेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित अलंकरण समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव (मरणोपरांत) की ओर से उनके पुत्र पीवी प्रभारक राव ने 'भारत रत्न' प्राप्त किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह (मरणोपरांत) की ओर से उनके पौत्र जयंत चौधरी ने 'भारत रत्न' ग्रहण किया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन (मरणोपरांत) की ओर से उनकी पुत्री डॉ. नित्या राव ने 'भारत रत्न' प्राप्त किया। बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) की ओर से उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर ने 'भारत रत्न' प्राप्त किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर और डॉ. एमएस स्वामीनाथन के परिजनों को 'भारत रत्न' अवॉर्ड देती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### अस्वस्थ होने के कारण नहीं आए आडवानी



**अस्वस्थ** होने के कारण भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आडवाणी के घर जाकर उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित करेंगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारत रत्न' से सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए गए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## तीन निर्दलीय विधायकों का विधानसभा परिसर में धरना





विधानसभा परिसर में धरने पर बैठे तीनों निर्दलीय विधायक।

जय ठाकुर, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा, होशियार सिंह और केएल ठाकुर के इस्तीफे स्वीकार न करने का मुद्दा गरमा गया है। तीनों निर्दलीय विधायकों का विधानसभा सदस्यता से दिया गया इस्तीफा अभी तक विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मंजूर नहीं किया है। इससे नाराज निर्दलीय विधायक शनिवार सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया इन दिनों विदेश दौरे पर हैं और उनका मंगलवार को प्रदेश लौटने का कार्यक्रम है।

निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने धरना-प्रदर्शन करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को 22 तारीख को हम तीनों निर्दलीयों विधायकों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था और 23 तारीख को भाजपा पार्टी ज्वाइन कर ली थी। बार-बार निवेदन के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष हमारा इस्तीफा मंजूर नहीं कर रहे हैं और अध्यक्ष की ओर से एक नोटिस दिया गया और उसमें यह लिखा गया कि तीन निर्दलीय विधायकों ने किसी के दबाव में ये इस्तीफा दिया है। हमने अपनी स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। किसी भी राजनीतिक पार्टी का हम पर कोई प्रेशर नहीं था।


स्पीकर एक कॉन्स्टिट्यूशनल पोस्ट है और स्पीकर किसी के दबाव में आकर अगर ऐसी नोटिस इश्यू करता है तो वह लोकतंत्र की हत्या हैं। (अनंत ज्ञान)

### थाम चुके हैं भाजपा का दामन

**तीनों** निर्दलीय विधायक भाजपा का दामन थाम चुके हैं। विधानसभा सदस्यता से त्याग पत्र देने के बाद इन्होंने भाजपा की सदस्यता ली और ये तीनों अपने-अपने विधानसभा हलकों से उपचुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन जब तक इनके इस्तीफे मंजूर नहीं हो जाते, वे चुनाव नहीं लड़ सकते।

## न्यूज शॉर्ट्स

### हार्ट अटैक से तमिल एक्टर डेनियल बालाजी का निधन



**मुंबई।** मशहूर तमिल अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने पर उनका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना से साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। डेनियल (48) ने शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें चेन्नई के कोटिवकम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डेनियल ने न सिर्फ तमिल बल्कि अन्य साउथ भाषाओं में भी फिल्में की थीं। उन्होंने मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया।

### ईडी ने पीएफआई के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे। तीनों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों पर पीएफआई कैडर को हथियारों का प्रशिक्षण देने और इसके लिए प्रतिबंधित संगठन से धनराशि लेने का आरोप लगाया है। पीएफआई की स्थापना केरल में 2006 में की गई थी।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## भाजपा ने किया मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान, राजनाथ सिंह करेंगे अध्यक्षता

एजेंसी, नई दिल्ली



**भाजपा** ने लोकसभा चुनाव के लिए आज मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान कर दिया है। इस सूची में कई ऐसे नेताओं के नाम शामिल हैं, जो हाल ही में दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस समिति का ऐलान किया है। इस घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह हैं और निर्मला सीतारमण को संयोजक बनाया गया है। इस समिति में अलग-अलग राज्यों से 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है।

वहीं, इसमें अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हैं। इस समिति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भी शामिल किया है। बिहार से रविशंकर प्रसाद और सुशील मोदी सदस्य बनाए गए। वहीं, ओपी धनखड़ और मनजिंदर सिंह सिरसा को भी इसमें शामिल किया गया है।

## बर्फबारी से लाहौल घाटी का दुनिया से कटा संपर्क

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/ मनाली

**जिला** कुल्लू सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की पहाड़ियों पर एक बार फिर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। जहां एक बार फिर से अटल टनल सभी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई है वहीं मनाली-केलांग सड़क मार्ग बंद होने के कारण लाहौल घाटी का फिर से पूरे विश्व से संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने चार अप्रैल तक बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मैदानी इलाकों में जहां गेहूं की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है, वहीं लाहौल-स्पीति में मटर का बिजाई कार्य प्रभावित हुआ है।



लाहौल-स्पीति के केलांग से 4 किलोमीटर दूर कमंडन नाले के पास ताजा हिमपात।

### लाहौल-स्पीति में 159 सड़कें बंद, कई जगह बिजली गुल

**बारिश-बर्फबारी** से राज्य भर में 168 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। इनमें 159 सड़कें अकेले लाहौल-स्पीति जिले में बंद हैं। इसके अलावा कुल्लू में तीन, चंबा में दो, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी और शिमला में एक-एक सड़क बंद है। बर्फबारी से लाहौल-स्पीति में दो और कुल्लू में एक नेशनल हाईवे पर भी वाहनों की आवाजाही ठप है। बारिश-बर्फबारी के साथ अंधड़ चलने से 22 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़ गए हैं।

## लालू की बेटी मीसा भारती को मिली जमानत



**पटना।** पाटलिपुत्र से लोकसभा के राजद प्रत्याशी और लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती शनिवार को दानापुर के व्यवहार न्यायालय में उपस्थित हुई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के द्वारा सुनवाई के बाद उन्हें दस हजार रुपए मुचलके पर जमानत दे दी गई। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में चुनाव के दौरान मीसा भारती पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला मनेर थाना में दर्ज कराया गया था। तब से वह मामला लंबित था।

## बंदर भगाने गईं नानी और दोहती की करंट से मौत

टीम/डाडासीबा, गरली





**जसवां**-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती ग्राम पंचायत कूड़ना सलेटी में करंट लगने से नानी और दोहती की मौत हो गई।

बता दें बीती देर रात अचानक तूफान की वजह से बिजली विभाग की कुछ तारें टूट कर एक खेत में गिर गई थीं, जिस पर सुबह 50 वर्षीय सपना देवी अपने खेतों में बंदर को भगाने के लिए गई जिसके साथ उसकी 5 वर्षीय दोहती आरुही भी थी। अचानक खेत में गिरी बिजली की तारों की चपेट में आने से उक्त महिला व बच्ची आ गई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई है।

नानी और दोहती की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी, सोनिया, प्रियंका और येचुरी केरल में करेंगे चुनाव प्रचार

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम

**लोकसभा** चुनाव के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में राजनीतिक दलों के नेता ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनकी बेटी प्रियंका गांधी और माकपा महासचिव सीताराम येचुरी जैसे स्टार प्रचारक केरल में चुनाव प्रचार के लिए उतरेंगे। केरल में 20 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। पीएम मोदी अब तक कुछ दौरे कर चुके हैं और उनके दोबारा केरल आने की उम्मीद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य शीर्ष नेता भी आएंगे।

कांग्रेस की ओर से, उनके स्टार प्रचारकों में से एक राहुल गांधी अपनी वायनाड लोकसभा सीट का बचाव करेंगे। वह पूरे राज्य की यात्रा करेंगे। राहुल गांधी के मंगलवार को केरल आने की उम्मीद है। वह रोड शो के बाद अपना नामांकन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी इस बार प्रचार के लिए आ सकती हैं और उनके वायनाड, कन्नूर, त्रिशूर और तिरुवनंतपुरम में प्रचार करने की संभावना है।

उधर, प्रियंका गांधी भी कई निर्वाचन क्षेत्रों का तूफानी दौरा करने वाली हैं। जहां तक माकपा का सवाल है येचुरी, पूर्व महासचिव प्रकाश करात और उनकी पत्नी बृंदा करात राज्य में चुनाव प्रचार करने वाली राष्ट्रीय नेताओं में शामिल होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि माकपा के लिए उनके सबसे बड़े प्रचारक कोई और नहीं बल्कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन होंगे। विजयन का कार्यक्रम शुरू हो चुका है और वह राज्य के सभी 14 जिलों की यात्रा करेंगे।

## न्यूजक्लिक केस में 9000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सैल ने आज न्यूजक्लिक केस में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। स्पेशल टीम 9000 पन्नों का चार्जशीट लेकर पटियाला हाऊस कोर्ट पहुंची थी।

इस मामले में न्यूजक्लिक के प्रमुख प्रबीर पुरकायस्थ को भी कोर्ट में पेश किया गया। चार्जशीट में जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी दी गई है। पुलिस ने 100 छापे में करीब 480 इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए थे।





### 38 करोड़ रुपए की फंडिंग का है मामला

न्यूजक्लिक पर आरोप है कि इन्हें विदेश से लगभग 38 करोड़ की फंडिंग मिली थी। एफआईआर में दर्ज है कि अमेरिका के करोड़पति नवल राय सिंघम लगातार न्यूजक्लिक को फंडिंग कर रहे थे।

श्रद्धा

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्री राम ट्रस्ट ने लिया फैसला, इस बार खास होगी रामनवमी

# अयोध्या में रामलला को पहनाए गए सूती कपड़े

एजेंसी, अयोध्या

**अयोध्या** में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। आम से लेकर खास लोग रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी बीच शनिवार को रामलला को पहली बार सूती कपड़े पहनाए गए।

श्री राम ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि बढ़ते तापमान की वजह से अब रामलला को आरामदायक सूती कपड़े पहनाए जाएंगे। दरअसल, शनिवार को मलमल के कपड़े को प्राकृतिक नील से रंग कर और उसके किनारे गोटा से सजा कर तैयार किया गया। फिर कपड़े रामलला को धारण करावाए गए।

बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक रामलला को सिल्क के उत्सवी कपड़े धारण कराए जा रहे था, मगर गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए रामलला को सूती कपड़े पहनाने का फैसला लिया गया है।

अयोध्या में इस बार की रामनवमी बेहद खास होने वाली है। इसीलिए लाखों लोग इस मौके पर अयोध्या में रहेंगे। इसको देखते हुए 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक श्री राम जन्मभूमि मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। दिन हो या रात, आरती हो या फिर भोग, हर समय राम भक्त अपने आराध्य के दर्शन कर सकेंगे।



रामलला की पूजा करते मंदिर के पुजारी।

### पंद्रह लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

**अभी** तक लगभग 15 लाख श्रद्धालुओं के रामनवमी आयोजन में पहुंचने का अनुमान लगाया गया है, लेकिन अयोध्या प्रशासन का मानना है कि श्रद्धालुओं की सही संख्या रामनवमी के बाद ही पता चल पाएगी। इसके लिए न सिर्फ श्री राम मंदिर को 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा बल्कि उनकी व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है।

## शराब घोटाला मामला : केजरीवाल के मंत्री गहलोत से पांच घंटे पूछताछ

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके करीबी मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया था। कैलाश गहलोत नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। वह केजरीवाल सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। उधर, गहलोत ने ईडी की पूछताछ में शामिल होने के बाद संवाददाताओं के पूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी (आप) का स्टैंड यही रहा है, समय के साथ आप सभी इस बात से आश्वस्त हो जाएंगे।



उल्लेखनीय है कि कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। इस मामले में मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह अभी जेल में हैं।

वहीं ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी को नामजद किया गया है जो क्रमश: डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कार-स्कूटी भिड़ंत में स्कूटी सवार घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत जंडपुर में एक कार और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी चालक घायल हो गया। बैजनाथ के जंडपुर में कार चालक चुंदेल पांजला निवासी अवैरी ने अपनी को तेज रफतारी व लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। इस कारण स्कूटी चालक अमर चंद निवासी जंडपुर बैजनाथ घायल हो गया। पुलिस ने उक्त मामले का भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जल्द जमा करवा दें अपने लाइसेंसी हथियार

**गगल।** गगल पुलिस के थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया है के इलाके में आ रही 31 पंचायतें में जिनके पास लाइसेंस बंदूके रखी हुई हैं। वह जल्द गगल पुलिस थाने में जमा करवाए क्योंकि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर रखते हुए स्पेशल आदेश मिले हैं कि जिनके पास लाइसेंस बंदूके हैं। वह जल्द गगल पुलिस थाने में जमा करवाए। थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि इस समय गगल पुलिस थाने में 250 के लगभग हथियार जमा हो चुके हैं। प्रभारी ने बताया कि अगर गलती से कोई जमा नहीं करवाता है तो उसके अगेंस्ट कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### केंद्रीय विद्यालय नलेटी में प्रवेश को कल से करें आवेदन

**परागपुर।** केंद्रीय विद्यालय नलेटी में कक्षा बालवाटिका-तीन के लिए पहली अप्रैल 2024 से 15 अप्रैल 2024 तक पंजीकरण की तिथि निर्धारित की गई है। उपरोक्त पाठशाला की प्राचार्या शशि कटोच ने बताया कि इच्छुक अभिभावक अपने बच्चे की आयु 31 मार्च 2024 तक पांच वर्ष पूर्ण एवं छह वर्ष से कम हो तो वह आवेदन ऑफलाइन माध्यम से पहली अप्रैल 2024, सुबह दस बजे से 15 अप्रैल सायं पांच बजे तक विद्यालय आकर भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय विद्यालय नलेटी की वेबसाइट या दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### योजना का लाभ लेने को जमा करवाएं दस्तावेज

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना, 2017 के लाभार्थियों को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योजना के तहत नवीनीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को सभी आवेदकों का बेरोजगारी भत्ता रोक दिया जाएगा। आगामी वित्त वर्ष में अपने बेरोजगारी भत्ता को प्राप्त करने हेतु लाभार्थियों को पुनः अपनी पात्रता सिद्ध करनी होगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए अपने निकटतम रोजगार कार्यालय में जाकर लाभार्थियों को फार्म सी, रोजगार कार्यालय पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अपनी बैंक पासबुक की फोटो कॉपी जमा करवानी होगी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से जल्द से जल्द अपनी पात्रता सिद्ध करने की अपील की है।

### धीरा स्कूल में बताया मतदान का महत्व



धीरा स्कूल में अभिभावकों को जागरूक करने का दौर।

**डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धीरा में बच्चों के अभिभावकों को (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम) स्वीप के अंतर्गत धीरा स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील कुमार (एईआरओ) द्वारा जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय चुनाव आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। इस दौरान धीरा स्कूल का स्टाफ भी शामिल रहा।

### डीएवी स्कूल तियारा का रिजल्ट शानदार

**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में कक्षा तीसरी से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया और उन्हें मेडल भी दिए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रगति रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए । तीसरी कक्षा में साई प्रणव, कृति, सार्थिक, वैष्णवी, रिद्धि, नक्श और रुद्रांश, कक्षा चौथी से नमित, लक्षित, अक्षिता, दिया, कृतिका, काव्य सैनी, माणिक, अंशिका, अर्णव, कक्षा पांचवीं से गुंजन और ओसियन, कक्षा छठी से शिवंशी, शिवांक सिंह राणा, शनवी चौधरी, कक्षा सातवीं बेदानक, कक्षा नौवीं से अनामिका चौधरी, अनिकेत, अक्षरा, मधु, अतीक, कशिश, यतिन, आशीष, रुशील, अक्षिता, अमित धलोरिया, शिवांश, कक्षा ग्यारहवीं से पीयूष, लक्ष्य, मान्या और अंकिता ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। प्रधानाचार्या एकता ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 115 पंचायत प्रधानों को दिया प्रशिक्षण



डॉ. क्षमा मैत्रेय से भेंट करते सद्दू पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी व एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र बबलू।

**नगरोटा बगवां।** ग्रामीण विकास के लिए चिन्मय संगठन (कोर्ड) तपोवन की ओर से पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मई 2023 से चल रहे इस कार्यक्रम में अब तक 115 पंचायत प्रधान प्रशिक्षण लेने के साथ अपने अनुभव का आदान-प्रदान एक-दूसरे से कर चुके हैं। यह जानकारी शनिवार को तपोवन में कोर्ड की सुपरवाइजर (बड़ोह, नगरोटा बगवां) वीना चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि कुल 148 प्रधान को प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 115 प्रधान प्रशिक्षण ले चुके हैं। शनिवार को पंच प्रतिनिधि पहुंचे थे, जिनमें सद्दू पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी के अलावा रमेहड़, रेहलू, कछियारी, सराह के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष व सद्दू के नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने कोर्ड की संरक्षक डा. क्षमा मैत्रेय से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कोर्ड के कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में पद्मश्री डा. क्षमा मैत्रेय ने भी सनातन पर अपने विचार रखे।

# हालात भी न रोक पाए कदम, एसडीएम बन दिखाया दम

## शीत मरुस्थल के संजीव कुमार भोट धर्मशाला में दे रहे सेवाएं, शिक्षा के प्रति बचपन से ही था लगाव

अनंत ज्ञान स्पेशल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

शिक्षा की लौ से दूर स्पीति जैसे सर्द मरुस्थल के बालक संजीव के दिल में शिक्षा के प्रति लगाव बचपन से ही था। पिता पढ़े-लिखे नहीं थे तथा खेती-बाड़ी व मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजर-बसर करते थे।

संजीव कुमार के 1973 में पैदा होने के एक साल बाद पिता की मौत के बाद आर्थिक हालात कठिन होने लगे। फिर भी यहां स्थित एक बौध मठ के गुरु तथा शिष्य भिक्षुओं के बीच का अंग्रेजी वार्तालाप संजीव को बहुत प्रभावित करता वो अकसर सोचते कि वो भी ऐसे ही धाराप्रवाह में अंग्रेजी बोलेंगे। इसके लिए वो अंग्रेजी सीखने में जुट गए। कहते हैं लगन से किया गया। अभ्यास रंग लाता है। उस समय की शिक्षा प्रणाली में जहां छठी कक्षा में बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाना शुरू की जाती थी तो बालक संजीव अच्छी अंग्रेजी बोलने लगा था। आरंभिक शिक्षा स्पीति घाटी से पूरी करने के बाद संजीव ने पत्राचार से बीए की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने अंग्रेजी में स्टेनोग्राफी की तथा डेढ़ साल जेबीटी की पढ़ाई की। 25 साल की उम्र में संजीव ने एलाईड सर्विस पास कर प्रशासनिक सेवाओं में कदम रखा। (अनंत ज्ञान)

### बिना कोचिंग के पास की परीक्षा



**एसडीएम** धर्मशाला संजीव कुमार भोट बताते हैं कि उनके समय में न तो टीवी थे ओर न ही अखबारें थी। इसके बाद कुछ साधन संपन्न लोगों के पास ही रेडियो हुआ करते थे। वो बताते हैं कि स्पीति के हालात दूसरे हिमाचली क्षेत्रों से हमेशा मुश्किल रहे हैं। ऐसे में शिक्षा की डगर भी आसान नहीं थी तथा सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने बिना कोचिंग के एलायड सर्विसेज की परीक्षा पास की।

### अपनी मेहनत से पाया मुकाम

**एसडीएम** भोट उन लोगों की अगुआई करते हैं जो बिना किसी विशेष पृष्ठभूमि के अपनी मेहनत से मंजिल तक पहुंचे हैं। वो पूरी तरह से सेल्फमेड हैं तथा आम जनता से उनका सीधा संपर्क है। हंसमुख तथा सकारात्मक प्रवृति के भोट धर्मशाला में ही कई पदों पर रह चुके हैं तथा धर्मशाला तथा यहां के लोगों के प्रति उनका गहरा जुड़ाव है। यही वजह है कि जिसे उनके यहां बतौर एसडीएम तैनात होने का पता चल रहा है वो उनसे मिलने पहुंच रहा है।

# 31 मार्च 1959 को दलाई लामा ल्हासा से भारत आए और यहीं के होकर रह गए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



देश-दुनिया के इतिहास में 31 मार्च की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। इस तारीख का महत्व तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के लिए सबसे खास है। 1959 में 31 मार्च को ही दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भारत पहुंचे थे और तब से यहीं होकर रह गए। दरअसल, मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाकर बीजिंग ले जाने वाला है।

इसके बाद तिब्बत की राजधानी ल्हासा में दस मार्च, 1959 से चीन के खिलाफ विद्रोह शुरू हो गया। इस दौरान लगभग 30,000 लोग चीन की सेना को रोकने के लिए मानव दीवार बनाकर दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। चीन की सेना को लोगों को हटाने के लिए तोप और मशीन गन तक लगानी पड़ी। लोगों को बुरी तरह मारा-पीटा गया। दलाई लामा के बॉडीगार्ड्स को मार दिया गया। कई दिन चले संघर्ष के बाद जब चीन की सेना महल में दाखिल हुई, तब तक दलाईलामा वहां से भाग चुके थे। 17 मार्च को 20 शिष्यों के साथ ल्हासा छोड़ने के वो भारत पहुंचे। भारत ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया। तब से आज तक वो भारत में ही हैं।

### केंद्रीय विवि धर्मशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

**धर्मशाला।** इतिहास विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संयुक्त तत्वावधान में तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को सफलता पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में बोलते हुए मुख्य वक्ता और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पांडेय ने कहा कि इतिहास का निर्माण हमारी गौरवशाली परम्पराओं व संस्कृतियों की शानदार उपलब्धियों से होता है। साथ ही इसका सतत संरक्षण और संवर्धन भी इतिहास को महान बनाने का कार्य करता है। इस मौके पर बोलते हुए विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि दो दिनों तक चलने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी मे देश भर के विद्वानों ने बड़े ही परिश्रम पूर्ण तरीके से कार्य करते हुए यह निर्धारित कर दिया है कि किसी भी समाज और राष्ट्र का आधार उसका इतिहास ही होता है।

# सूखने लगा मैक्लोडगंज वाटरफॉल

## सेल्फी लेने को रोजाना पहुंचते हैं सैकड़ों पर्यटक, कारोबारियों को सताने लगा कारोबार का डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

गर्मियों की शुरुआत के साथ पहाड़ों पर इस बार देर से तथा कम हुए हिमपात का असर दिखने लगा है। पर्यटन नगरी धर्मशाला के पर्यटन स्थल भागसू के ऊपर वाटर फॉल प्वाइंट में पानी काफी कम हो चुका है तथा गर्मियों में यहां पानी पूरी तरह सूखने का अंदेशा पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को सता रहा है।

देशी तथा विदेशी यायावरों की पसंद शिवा कैफे का छोटा सा कुदरती पानी वाला तालाब सूखा पड़ा है तथा इसके नीचे स्थित वाटर फॉल में भी पानी कम हो चुका है तथा इसका दायरा सिमट रहा है। बताते चलें कि वाटर फॉल को देखने तथा यहां दूर तक आती पानी की शीतल फुहारों का आनंद लेने पहुंचते हैं। इसके साथ पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों की आजिविका चलती है। वहीं, गर्मियों के शुरू होते ही पानी के बहाव में निरंतर आ रही कमी को लेकर इन छोटे कारोबारियों में अपने काम पर इसका बुरा असर पड़ने की आशंका के चलते चिंता पनपी है।

इसके अलावा नाले में पानी में की कमी के कारण भी इसका असर कारोबार पर पड़ सकता है। बताते चलें कि विशेषकर विदेशी सैलानी घंटों तक नाले के आसपास के क्षेत्र में बैठे रहते हैं तथा रोजाना यहां इन लोगों की चहलकदमी रहती है। ऐसे में नालों के सूखने से जाहिर है कि इसका सीधा असर इन पर्यटन बिंदुओं के पर्यटन कारोबार पर पड़ेगा।

### पानी कम होने से अब तालाब भी होने लगा खाली

**शिवा** कैफे के पांडा बताते हैं कि नाले का पानी निरंतर सूख रहा है तथा इसी के कारण पहाड़ों से पानी न आने के कारण यहां का तालाब भी खाली पड़ा है। उन्होंने बताया कि अभी से इन हालातों को देखते हुए लगता है कि पानी पूरी तरह सूख सकता है, जिसका कारोबार पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पानी सूखने से पर्यटक कम पहुंचेंगे। पर्यटक कम पहुंचने से कारोबार पर गलत असर पड़ सकता है। क्योंकि वाटर फॉल देखने सैकड़ों पर्यटक यहां पहुंचते हैं।



भागसू नाग स्थित वाटर फॉल का दृश्य।

# उपचुनाव : कांग्रेसी खेमे में टिकट के कई दावेदार

## धर्मशाला में रजनीश पाधा और विजेंद्र कर्ण ने की प्रेस वार्ता, बोले-अपनी-अपनी दावेदारी जता रहे कई नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा चुनावों के अलावा प्रदेश की छह विधानसभा सीटों के उपचुनावों को लेकर टिकट की दावेदारियां हर दिन के साथ बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में प्रदेश की हॉट सीट धर्मशाला में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। कांग्रेसी खेमे में टिकट की घोषणा से पहले नेता अपनी-अपनी दावेदारी जताने लगे हैं। आलम यह है कि खेमेबाजी में तेजी से बदले परिदृष्य में कांग्रेस पदाधिकारियों की निष्ठाएं भी बदली हुई हैं।

कोई प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से टिकट मांग रहा है तो कोई पैरवी कर किंगमेकर बनने की फिराक में हैं। खैर कांग्रेस में टिकटों की घोषणा न होने के कारण टिकट के दावेदारों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी को टिकट के मामले में निकाय राजनीति में उनकी सक्रियता को देखते हुए भले ही आगे माना जा रहा हो लेकिन दावेदार कई ओर भी हैं जो टिकट के चाहवान हैं। शुक्रवार को कांग्रेस के विधायक रहे मूलराज पाधा के पुत्र रजनीश पाधा के अलावा विजेंद्र कर्ण ने प्रेस कान्फ्रेंस की। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे विजेंद्र कर्ण के साथ इस मौके पर कांग्रेसी नेता पुनीत मल्ही भी मौजूद रहे। इससे पहले भाजपा की टिकट में पिछला विधानसभा चुनाव लड़े चुके नेता राकेश चौधरी भाजपा छोड़ चुके हैं तो टिकट मिलने पर कांग्रेस से लड़ने का दम भी भर चुके हैं। ऐसे में जब तक कांग्रेस की तरफ से अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की जाती तब तक टिकट के कई दावेदार सामने आ सकते हैं। ऐसे में एक ओर जहां भाजपा लोकसभा तथा विधनसभा उपचुनावों में चेहरों की घोषणा कर चुकी है तो दूसरी ओर कांग्रेस अभी चेहरों पर फैसला नहीं ले पाई है। ऐसे में अंदरखाते प्रचार में जुट चुकी भाजपा के मुकाबले कांग्रेस अभी तक किसी नाम पर सहमति नहीं बना पाई है।

### जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को भी मिले टिकट



**धर्मशाला।** मैं ही नहीं धर्मशाला से टिकट के कई दिग्गज दावेदार हैं। धर्मशाला में होने वाले आगामी उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी जमीन से जुड़े एवं लंबे समय से पार्टी के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता को टिकट दे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं को मनोबल बढ़े। भाजपा ने प्रदेश में जो सरकार गिराने की नाकाम कोशिश की है, उसका जवाब आगामी चुनावों में जनता भाजपा को देगी। जाति, समुदाय एवं व्यक्ति विशेष के ऊपर उठ कर कांग्रेस काईकमान को धर्मशाला से टिकट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को चुना जाना चाहिए। यह बात धर्मशाला में शनिवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक स्व. मूल राज पाधा के पुत्र रजनीश पाधा ने कही। उन्होंने कहा कि धर्मशाला से टिकट के दावेदारों में कई नाम शामिल हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और वे लोग ही असल में टिकट के हकदार हैं। उन्होंने पूर्व ब्लॉक प्रधानों, महिला प्रधानों सहित विभिन्न कार्यकर्ताओं के नाम का जिक्र करते हुए उन्हें टिकट का हकदार बताया।

# चुनावी टिकट प्यारा, जनहित के मुद्दों से हो रहा किनारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी और खेल नगरी धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव के चलते इन दिनों हॉट सीट बनी हुई है। सभी दलों के नेता आए दिन बयानबाजी कर एक-दूसरे पर छींटाकशी करने में मशगूल हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कोई भी धर्मशाला की जनता के मुद्दों पर बोलने को तैयार नहीं है।

कोई चुनावी टिकट के जुगाड़ में लगा है, तो कोई चुनाव जीतने के लिए मैदान में डटा है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही है। उन्होंने इन नेताओं से सवाल किया वे सीयू के धर्मशाला कैंपस की बात क्यों नहीं करते, स्मार्ट सिटी की सड़कों की हालत खराब है, उस पर बोलने से क्यों परहेज कर रहे हैं। स्ट्रीट वेंडर की बात हो या पावन नगरी मैक्लोडगंज में लगे कूड़े-कचरे की ढेरों की बात हो, आखिर जनहित के मुद्दों से क्यों किनारा किया जा रहा है। अतुल भारद्वाज ने टिकट के चाहवान नेताओं पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि जब धर्मशाला की जनता सीयू के लिए सड़कों पर उतर कर न्याय मांग रही थी, तब वह सब कहां थे। उन्होंने कम्युनिटी के नाम पर राजनीति चमकाने वालों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे उस समय कहां चले गए थे, जब लोग 15 दिन तक बारिश और धूप में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। अतुल भारद्वाज ने कहा कि धर्मशाला की जनता स्मार्ट है, वह अब किसी की बातों में नहीं आने वाली है। इसलिए उसी नेता का साथ देगी, जो जनहित के मसलों को हल करवाने के लिए उनके साथ खड़ा होगा।





**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित क्षत्रिय कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में प्रशिक्षु छात्रों द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य गायत्री त्रेहन ने बताया कि यह प्रतियोगिता उपमंडल निर्वाचन अधिकारी एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर द्वारा गठित स्वीप एवं सोशल मीडिया की टीम के आग्रह पर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने वाले लक्ष्य को लेकर आयोजित की गई है

### विभिन्न क्षेत्रों से 62,250 एमएल अवैध शराब की बरामद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के तहत चार मामलों में पुलिस ने 62,250 एमएल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस थाना भवारना के तहत भंगाली झरेट में निर्मल कुमार निवासी भंगाली की दुकान से 6,750 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। दूसरे मामले में पुलिस कांगड़ा के तहत तरसूह रेलवे स्टेशन के पास संतोष कुमारी निवासी तरसूह की दुकान से 6,000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। तीसरा मामला पुलिस थाना 'वामामुखी का है, इस मामले में बस्ती कोहाला जमूकी लिंक रोड़ में एक गाड़ी से 45,000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई। अन्य मामले में पुलिस थाना 'वालामुखी के ही तहत बलारडू रोड़ बिजली रैस्ट हाउस दरंग में सुरेश कुमार निवासी दरंग की दुकान से 4,500 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई। उक्त मामलों की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को उक्त क्षेत्रों से अवैध शराब की बिक्री और जमाखोरी की शिकायतें मिली थीं, जिन पर संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उन्होंने बताया कि उक्त मामलों को हिमाचल प्रदेश आकबारी अधिनियम के तहत दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी गई है।

# इंदौरा के 21, तो नूरपुर के 15 मतदान केंद्र संवेदनशील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चाहे अपराध हो या चुनाव, सीमांत क्षेत्र ऐसे कृत्यों में आगे ही नजर आते हैं। कांगड़ा जिला के कुल 15 विधानसभा क्षेत्रों में संवेदनशीन मतदान केंद्रों में भी सीमांत क्षेत्र आगे हैं। आलम ये कि इंदौरा, नूरपुर, जवाली तथा फतेहपुर में जिले के कुल संवेदनशीन मतदान केंद्रों के पचास प्रतिशत केंद्र स्थित है। जहां कोई अप्रिय घटना होने का अंदेशा हमेशा बना रहता है।

कांगड़ा तथा हमीरपुर संसदीय सीट के तहत आते कांगड़ा जिला 15 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा संवेदनशील मतदान केंद्र इंदौरा में 21, नूरपुर में 15, जवाली में 14 तथा फतेहपुर में 11 हैं। जिले के कुल 15 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 1642 मतदान केंद्रों में से 118 संवेदनशील हैं। नूरपुर हलके में कुल 117 में से 15, देहरा में 100 में से दो, ज्वालामुखी में 102 में से पांच, इंदोरा में 123 में से 21, फतेहपुर में 112 में से 11, जवाली में 119 में से 14, जसवां परागपुर में 11 में से 11, जयसिंहपुर में 112 में से पांच, सुलाह में 130 में से पांच, नगरोटा में 106 में से सात, कांगड़ा में 101 में से दो, शाहपुर में 126 में से चार, धर्मशाला में 91 में से एक, पालमपुर में 87 में से दो तथा बैजनाथ में 105 में से 12 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। उधर, इस बारे में जब तहसीलदार धर्मशाला गिरीराज ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर ऐसी सूची तैयार की गई है तथा धर्मशाला विधानसभा में एक संवेदनशील मतदान केंद्र है।

बैठक | प्रदेश युकां कार्यकारिणी ने धर्मशाला में की बैठक, भाजपा को लिया आड़े हाथ

# धर्मशाला में युवा कांग्रेस ने तैयार की चुनावी रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपनी रणनीति तैयार कर ली है। प्रदेश राजनीति का सबसे बड़ा जिला कांगड़ा है। वहीं, धर्मशाला में विधानसभा चुनाव भी होना है, इसी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन धर्मशाला में किया गया।

इसमें प्रदेश युकां प्रभारी विनीत कम्बोज, सहप्रभारी योगेश हांडा, कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर व धर्मशाला से पूर्व कांग्रेस टिकट प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण सहित सभी जिलाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष शामिल हुए। युकां प्रदेशाध्यक्ष नेगी निगम भंडारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में युवा कांग्रेस रोजगार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद देश व प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में रोजगार का वादा पूरा न करने पर भाजपा को घेरा जाएगा। साथ ही भाजपा द्वारा हर चुनाव में महंगाई को कम करने की बात कही जाती है, लेकिन महंगाई घटने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। यूपीए सरकार से तीन गुना महंगाई एनडीए सरकार के दो कार्यकाल में हो चुकी है। जबकी केंद्र सरकार महंगाई कम करने में नाकाम रही है। भ्रष्टाचार पर नुकेल कसने की बात भाजपा द्वारा कही गई थी, लेकिन भाजपा ने इलेक्ट्रोल बांड के नाम पर भ्रष्टाचार किया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या की गई है। विपक्षी दलों के अकाउंट्स को फ्रीज किया गया है। युवाओं से संवाद करके केंद्र द्वारा किए गए छल बारे बताया जाएगा। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही कांग्रेस आलाकमान लोकसभा और उपचुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा करेगा। हाल ही में आयोजित बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की गई है। लोकसभा और उपचुनाव के लिए युवा कांग्रेस ने युवा नेताओं के नाम आलाकमान के समक्ष रखे हैं। जहां भी उपचुनाव होने हैं, वहां पर युवा कांग्रेस के पास प्रत्याशी हैं। ऐसे में युकां प्रदेश प्रभारी के समक्ष भी युवाओं को टिकट की पैरवी की जाएगी। हमें पूरी उम्मीद है कि युकां कांग्रेस के नेताओं को लोकसभा या उपचुनाव में कहीं न कहीं से चुनाव में उतारा जाएगा।





धर्मशाला में बैठक के दौरान मौजूद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### खाते फ्रीज करने और टैक्स लगाने पर युकां उग्र

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने आगामी चुनावों की रणनीति के लिए आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद, केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ एक रैली निकाली। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश युकां प्रभारी विनीत कम्बोज, सह-प्रभारी योगेश हांडा व कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने और करीब 1700 करोड़ रुपए का टैक्स पार्टी पर थोपने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस को मिल रहे भारी जसमर्थन से बौखला गई है और कांग्रेस पार्टी को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इसमें सफल नहीं होगी।

# चुनावी टक्की

## गिरगिट रूपी रंगबदलू नेताओं से ताऊ परेशान



**जंगली** प्रजाति के गिरगिट इन दिनों परेशान हैं। आखिर वे यह सोच रहे हैं कि कहीं वे अल्पसंख्यक न बन जाएं। उनकी चिंता जायज भी है, क्योंकि अब गिरगिट महज एक जंगली जीव प्रजाति नहीं रही है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी इसलिए ही परेशान हैं। ताऊ कोई भी चुनाव आते देख खुश हुआ करता था। इस बार आखिर क्यों उदास है। हमने भी ताऊ से पूछ ही लिया। ताऊ जी की बात में भी दम लगा। ताऊ के मुताबिक, गिरगिट प्रजाति के बिरले इंसान सुने जाते थे, लेकिन अब एक पत्थर उखाड़ो तो जीव प्रजाति का गिरगिट भले न मिले, लेकिन मनुष्य शरीर वाला गिरगिट दिख जाएगा। ताऊ की समस्या भी जायज है, पहले ताऊ जिस नेता और पार्टी का बिल्ला लगाकर माहौल बनाने शान से निकलता था, लेकिन अब ताऊ के पास बिल्ला ही बचा है। ताऊ के नेता और साथी रंग बदल चुके हैं। -राजेश शर्मा

## ...तो करनी पड़ सकती है राजनीतिक आरक्षण की मांग




**देश** के विभिन्न राज्यों में जातिगत समीकरणों के अनुरूप वोट बैंक के मद्देनजर राजनीतिक दल और सरकारें आरक्षण देने को मुद्दा बनाती रही हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जिस तरह बड़े स्तर पर नेता एक पार्टी से दूसरी पार्टी में छलांग लगा रहे हैं और पार्टी के समर्पित एवं तथाकथित रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले कार्यकर्ता मजबूरन विरोधी पार्टी से आए नेताओं पर पुष्पवर्षा कर रहे हैं। उनकी व्यथा को सहज ही समझा जा सकता है। दल-बदल के इस दौर में सबसे दयनीय स्थिति कार्यकर्ताओं के दम पर खड़ी हुई पार्टी भाजपा के कार्यकर्ताओं की है। कार्यकर्ताओं की भूमिका मात्र दूसरे राजनीतिक दलों से भाजपा में आए नेताओं के गले में फूल मालाएं पहनाने तक रह गई है। चर्चा तो यहां तक यह है कि कहीं अपनी ही पार्टी और सरकारों में भाजपा के कार्यकर्ताओं को आरक्षण की मांग न करनी पड़े। - मस्तू

**7** मई को होगी अधिसूचना जारी

**14** मई तक कर सकेंगे नामांकन

15 मई होगी नामांकन की जांच

2019 : विधानसभा चुनाव में रही थी 76 फीसदी मत प्रतिशतता

**17** मई तक वापस ले सकेंगे नाम

**1** जून को वोटिंग

**4** जून को नतीजे

1950 टोल फ्री नंबर पर दर्ज करवा सकते हैं चुनाव संबंधी शिकायतें

### धर्मशाला विधानभा उपचुनाव

| कुल मतदाता | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| धर्मशाला 83, 150 | 41,604 | 41,546 |



अर्की में युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करती स्वीप टीम।

### हिमाचल कांग्रेस ने निकाला लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में जीत का फॉर्मूला

# जीत वाले कार्यकर्ताओं को मिलेगी सरकार में तरजीह

### मंत्रियों के साथ विधायकों के कंधों पर भी बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी



अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्यशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने नया फॉर्मूला निकाला है। हिमाचल में कांग्रेस प्रत्याशियों को लीड दिलाने वाले नेताओं के लिए सरकार में नियुक्तियों के द्वार खुलेंगे। इसके लिए अपने-अपने क्षेत्र से बढ़त दिलाने की शर्त पर ही सरकार में अहम पदों पर जगह दी जाएगी। नेताओं के सामने अपना पद बरकरार रखने को लेकर प्रत्याशियों को लीड दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करने होंगे।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन पार्टी ने सरकार में तैनात विभिन्न मंत्रियों, विधायकों, और पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से प्रत्याशी को लीड दिलाने की जिम्मेदारी सौंप दी है। कांग्रेस का जो पदाधिकारी जिस क्षेत्र से संबंध रखता है, उसे वहां से पार्टी प्रत्याशी को अपनी परफॉर्मेंस देनी होगी। सरकार और संगठन में समन्वय बनाने को गठित कमेटी की मंजूरी के बाद नियुक्तियां देने का फैसला हो चुका है। लीड दिलाने वाले नेताओं को इनाम के तौर पर सरकार में स्थान दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों के साथ ही विधायकों के कंधों पर भी बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी डाली गई है। (अनंत ज्ञान)

**मंत्रियों विधायकों व पदाधिकारियों को सौंपी प्रत्याशी को लीड दिलाने की जिम्मेदारी**

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को हमीरपुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मंडी, कृषि मंत्री चंद्र कुमार को कांगड़ा और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को शिमला संसदीय क्षेत्रों और विधानसभ उपचुनाव का दायित्व सौंपा गया है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को पब्लिसिटी एवं पब्लिकेशन और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को प्रशासनिक व समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी के यह चुनाव प्रभारी अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में पार्टी को लीड दिलाने वाले कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे और चुनाव पर भी अपनी नजर रखेंगे।

### सरकार ने अभी कई पदों पर नहीं की है तैनाती

हिमाचल सरकार को सत्ता में आए हुए 15 माह बीत चुके हैं, लेकिन अधिकांश निगम और बोर्डों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर तैनानी नहीं की है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार में नेताओं को तरजीह देने के लिए कई बार आग्रह किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री भी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को तरजीह देने की बात कर रहे हैं।

### लोगों तक योजनाएं पहुंचाने के निर्देश

15 माह में सरकार की ओर से किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार की ओर से अभी तक पुरानी पेंशन बहाली, बुजुर्गों का निशुल्क उपचार, महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, बेरोजगारों के लिए 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना, बागवानों के लिए यूनिवर्सल कार्टन, आपदा के समय में पीड़ितों को राहत प्रदान करने की जानकारी घर-घर जाकर देने को भी कहा है।

# कांग्रेस व भाजपा में उपचुनाव से सुधीर की राजनीतिक शुरुआत

कपिल पंडित, धर्मशाला

**कांग्रेस में हारे थे उपचुनाव भाजपा में हार-जीत भविष्य की गर्त में**



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा इस बार भाजपा की टिकट पर धर्मशाला से उपचुनाव लड़कर फिर से अपनी राजनीति की नई शुरुआत करेंगे।

रोचक यह है कि सुधीर ने कांग्रेस से अपनी राजनीति की शुरुआत भी बैजनाथ में उपचुनाव से की थी। हालांकि, उन्हें उस उपचुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा था। 2019 में सुधीर ने उपचुनाव लड़ने से मना कर दिया था।

अब देखना होगा कि भाजपा में शामिल होने के बाद इस बार सुधीर उपचुनाव में किस रणनीति से लड़ते हैं। सुधीर अपने चुनावी अभियान का बिगुल फूंक चुके हैं। सुधीर को राजनीति विरासत में मिली है। एक समय था जब उनके पिता पूर्व मंत्री और बैजनाथ के विधायक पंडित संत राम की हिमाचल की राजनीति में अच्छी पैठ थी। वह पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के सिपहसालारों में शुमार थे। 1998 में पंडित संत राम का निधन हो गया और बैजनाथ में उपचुनाव हुए। कांग्रेस ने उनके पुत्र सुधीर शर्मा को उपचुनाव में उतारा, जबकि भाजपा ने फिर दूलो राम पर भरोसा जताया। उपचुनाव में सुधीर को हार का मुंह देखना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### 2012 में बदला चुनावी क्षेत्र, धर्मशाला से लड़ा चुनाव

**कांग्रेस** ने 2003 और 2007 में सुधीर को टिकट दी और भाजपा ने दूलो राम पर भरोसा कायम रखा। दोनों ही चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। 2012 में कुछ नेताओं का चुनावी क्षेत्र बदल गया। इसमें पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह और सुधीर शामिल थे। 2012 में डिलिमिटेशन के बाद रोहडू के साथ बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र एससी के लिए रिजर्व हो गया। कांग्रेस ने सुधीर को धर्मशाला से टिकट दिया। हालांकि, उस समय कांग्रेस में अंदरखाते बगावत हुई, लेकिन सुधीर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। सुधीर को तत्कालीन वीरभद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 2017 में सुधीर को भाजपा के प्रत्याशी किशन कपूर के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। हिमाचल में सत्ता परिवर्तन के करीब 15 माह बाद ही धर्मशाला में उपचुनाव हुआ। किशन के लोकसभा सांसद बनने के बाद यह उपचुनाव हुआ। भाजपा ने विशाल नैहरिया को टिकट दी। सुधीर के उपचुनाव न लड़ने के चलते कांग्रेस ने नया प्रत्याशी मैदान में उतारना पड़ा। उपचुनाव में कांग्रेस की हार हुई।

# सीएम सुक्खू की प्रतिष्ठा का सबब बनीं सुजानपुर और बड़सर सीट

### प्रत्याशी ऐलान में देरी पर वर्कर्स असमंजस में, मान-मनौवल में जुटे राणा और लखनपाल

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले की राजनीति में सुजानपुर और बड़सर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवारी तय हो जाने के बाद भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र राणा और इंद्रदत्त लखनपाल प्रभावी नेताओं से मिलकर मान-मनौवल में जुट गए हैं, लेकिन कांग्रेसियों को अभी भी पार्टी प्रत्याशियों का इंतजार है। उन्हें असमंजस एक ही बात से है कि कहीं प्रत्याशियों की घोषणा करने में पार्टी पहले की तरह देर न लगा दे। यदि ऐसा हुआ तो फिर चुनाव प्रचार में पार्टी का कारवां पहले की तरह पिछड़ने की आशंका से घिर जाएगा।

भाजपा के दोनों प्रत्याशियों का उनके गृह विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी ने जिस रणनीति के तहत स्वागत किया, उसका मतलब साफ है कि पार्टी की भीतरी सतह में हाईकमान का असर सिर चढ़कर दिख रहा है। पार्टी का माहौल गुटबाजी को लेकर दुबक कर बैठ गया है। सामने सब कुछ ठीक दिख रहा है, लेकिन चुनावी मैदान सजने तक उसकी स्थिति क्या होगी? इसका प्रभाव आगे चलकर ही दिख पाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बड़सर में अभी स्थिति ऊहापोह वाली

**बड़सर** में अभी स्थिति ऊहापोह वाली ही दिख रही है। यहां भाजपा के बागी उम्मीदवार रहे संजीव शर्मा पर भी कांग्रेसियों की नजर है। मुख्यमंत्री से मिलने का पूर्व विधायक बलदेव शर्मा का एक फोटो भी वायरल हुआ है। इन क्यासों के बीच अभी वहां स्थिति असमंजस वाली है।

### प्रत्याशी घोषित होने में लग सकता है समय

कांग्रेस के प्रत्याशी जल्द घोषित हो जाएंगे, ऐसा नहीं दिख रहा। उम्मीद जताई जा रही है कि इनकी घोषणा में अभी डेढ़ सप्ताह का समय और लग सकता है। यही कांग्रेस के आम वर्कर के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले विधानसभा चुनाव में परिस्थितियां अलग थीं।



### कांग्रेस को मजबूत प्रत्याशी की तलाश

कांग्रेस को चुनावी दंगल में उतरने के लिए मजबूत प्रत्याशी की तलाश रहेगी, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में जिताऊ साबित हो सके। ऐसे में सुजानपुर और बड़सर दोनों ही क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं। पुराने चेहरे तो हैं, मगर इस बार की बदली परिस्थितियों में सुजानपुर में कितनी पैठ बनाकर जिताऊ साबित हो पाएंगे, इसकी फिक्र धरातल पर बैठे पार्टी कार्यकर्ता के लिए चुनौती बनी हुई है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू का है गृह जिला, बड़ी चुनौती

**हमीरपुर** मुख्यमंत्री सुक्खू का गृह जिला है। ऐसे में पिछले विधानसभा चुनावों की स्थिति को बरकरार रख पाना उनके लिए बहुत बड़ी चुनौती होगा। वह भी उस परिस्थिति में जब सरकार को गिराने का दम भरने वालों से उनका मुकाबला होगा।

### पूर्व प्रत्याशियों पर नजर

कांग्रेस सुजानपुर में नए चेहरे की तलाश में पार्टी मशक्कत कर रही है या फिर भाजपा प्रत्याशी रहे रणजीत सिंह को पार्टी में शामिल करके दांव खेल सकती है। हालांकि, पार्टी के भीतर आधा दर्जन चेहरे ऐसे हैं, जो पार्टी टिकट के लिए आस लगाए बैठे हैं। जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के राकेश ठाकुर की भी चर्चा हो रही है। पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया भी यहां से प्रत्याशी बनने की सूची में हैं।

### क्या सीएम का नारा करेगा असर?

**उपचुनावों** में क्या सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अपने गृह जिले में नारा बुलंद होगा? इसकी चर्चा भी हो रही है, क्योंकि जिन बागी विधायकों को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है, उन पर अभी जिले में खुलकर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। यदि सीएम का नारा बुलंद हुआ, तो फिर चुनावी फिजां अच्छी खासी सज जाएगी। फिलहाल मुख्यमंत्री का पहली अप्रैल के आस-पास हमीरपुर आने का प्रोग्राम बन रहा है, जबकि भाजपा हमीरपुर में छह अप्रैल को बड़ी रैली करने का दम भर चुकी है।

## युवा मतदाता



**गारली** के विवेक शर्मा पहली बार वोट डालने जाएंगे, लेकिन विडंबना यह है कि चुनाव में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं दिखती। कारण यह है कि नेता सच्चे नहीं रहे हैं। नेता बोलते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। जब विश्वास ही टूटा गया, तो फिर वोट का फायदा भी क्या है। पहली दफा वोट डालना है, पर दिलचस्पी नहीं बन रही। क्योंकि विश्वास की कमी हो गई है। पहले नेता जो कहते थे, उसे करके दिखा देते थे। अब तो झूठ ही झूठ है। सोचूंगा आगे चलकर जब वोट डालने का समय आएगा कि मैं वोट क्यों डाल रहा हूं। -विवेक शर्मा

## महिला मतदाता



**गसोता** पंचायत की पूर्व प्रधान सुदर्शना कुमारी ने चुनाव को लेकर आया राम की राजनीति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि देश में अब चुनाव मजाक बन गए हैं वोटर किस पर विश्वास करें और किस पर न करें। नेता का विश्वास ही नहीं रहा है। आदर्श गायब हो गए हैं, उनका प्रचलन अब नहीं दिख रहा। नेता कभी एक पार्टी में तो कभी दूसरी पार्टी में जा रहा है। आदर्श की राजनीति वोटर पर अपना एक प्रभाव रखती थी। अब पता ही नहीं चल रहा ऐसा क्यों हो रहा। यह काम देश के लोगों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है। इस बार लोगों को ऐसी राजनीति पर सोच विचार जरूर करना चाहिए, ताकि समाज का भला हो सके। -सुदर्शना कुमारी

## पुरुष मतदाता



**विधानसभा** उपचुनाव की स्थिति अजीबोगरीब दिख रही है। ईडी की वजह से माहौल खतरनाक बना हुआ है। टिकट के खेल में इस बार सब कुछ अलग तरह का है। किसे टिकट मिल जाए, किसका कट जाए। इस चुनाव में यह माहौल भी पार्टियों के लिए पहेली से कम नहीं है। ऐसा पहली मर्तबा हो रहा है। आम जनता के मुद्दे गौन हैं। वोटर परेशानी के सबब में है। बेरोजगारी का कोई हल नहीं हो पाया। महंगाई भी अपना रंग दिखा रही है। आधार कार्ड के जरिए बाहर से हिमाचल आए लोग यहां कई तरह की परेशानियां पैदा कर रहे हैं। कुछ लोग किराए के लालच में उनके आधार कार्ड बनवाने में मदद कर रहे हैं। इससे हालात और खराब होने वाले हैं। वोटिंग का अंदाज ही बदल गया है। पहले जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाता था, लेकिन अब इसका रूप स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। वोटर केवल बेवकूफ बन रहा है। -गोपाल सिंह

# लालच के गंदे प्रदर्शन को देख रही जनता : सुक्खू

**बागी विधायकों पर फिर भड़के**

**बोले- कुछ लोगों को नहीं अपनी जिम्मेदारी की परवाह**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के नेताओं और कांग्रेस से बगावत करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ और लालच के गंदे प्रदर्शन को जनता देख रही है और जनता आने वाले वक्त में इसका जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों की जवाबदेही होती है, उन्हें पांच साल तक जिम्मेदारी दी जाती है। आया राम-गया राम के साथ खरीद फरोख्त की प्रथा को वही लोग हवा देते हैं, जिन्हें जनादेश और जिम्मेदारी की परवाह नहीं होती। जनता पर फिर से चुनाव का बोझ डालकर और खुद के लालच और स्वार्थ के चलते लोकतंत्र को कुचलकर भाजपा और स्वार्थी जनप्रतिनिधि सबसे ज्यादा नुकसान जनता का कर रहे हैं। पहली अप्रैल से मुख्यमंत्री सुक्खू लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार भी शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार की ओर से 15 महीने में किए गए काम को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

# झूठी सरकार टिकने वाली नहीं: जयराम



**सुक्खू की वजह से चुनाव लड़ने से दूर भाग रही प्रतिभा**

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की जनता एक नहीं दो सरकार चुनने जा रही है। यह मात्र लोकसभा का चुनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब जनता 14 माह की सरकार को चलता कर नई सरकार चुनेगी। मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार बचाने के लिए जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन उनकी यह झूठी सरकार टिकने वाली नहीं है। एक महीने पहले ही प्रदेश कांग्रेस सरकार अपना बहुमत खो चुकी है। मुख्यमंत्री की वजह से ही प्रतिभा सिंह चुनाव लड़ने से दूर भाग रही हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वह कह रही हैं कि काम न होने से कार्यकर्ता नाराज हैं।

**राजनीति** विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बजते ही लाहौल-स्पीति में चढ़ा सियासी पारा, तप गया ठंडा रेगिस्तान

# लाहौल में भाजपा बिखरी, कांग्रेस नहीं दिख रही एकजुट

कमलेश वर्मा, केलांग/काजा



**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति में विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बजने के साथ ही सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक रवि ठाकुर को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से चुनावी मैदान में उतारा है, जिससे लाहौल-स्पीति के ठंडे रेगिस्तान का ताप बढ़ गया है।

वहीं, पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने नाराज होकर बगावत शुरू कर दी है। उन्होंने अपना इस्तीफा देने के साथ ही यह ऐलान किया है कि वह हर हाल में चुनाव लड़ेंगे। चाहे आजाद या फिर कांग्रेस से। स्पीति को छोड़कर लाहौल के सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी इस्तीफा देकर रवि ठाकुर को टिकट देने का विरोध जताया है। वरिष्ठ नेता जवाहर शर्मा भी टिकट की दावेदारी जता रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें साइड लाइन कर दिया है, जिसका नुकसान भाजपा को झेलना पड़ सकता है। कांग्रेस एकजुट होने का दावा कर रही है, लेकिन यहां दावेदार बढ़ने से एकजुटता नहीं दिख रही है। कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, लेकिन जिला कांग्रेस में टिकट के लिए एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। कांग्रेस में टिकट के चाहवानों का घमासान चला हुआ है और अपने ही संगठन में एक टिकट के कई दावेदार बैठे हैं, जो टिकट न मिलने की स्थिति में अपनों को पटकनी दिलवा सकते हैं।

**भाजपा ने रवि ठाकुर पर खेला दांव कांग्रेस में टिकट के अधिक चाहवान**

**कांग्रेस से लाहौल से 11 और स्पीति से तीन टिकट की दौड़ में**

### कांग्रेस में टिकट के तलबगारों की बढ़ रही तादाद

**लाहौल-स्पीति** में कांग्रेस टिकट के तलबगारों की संख्या 14 पहुंच गई और जो धीरे-धीरे बढ़ रही है। लाहौल से 11, जबकि स्पीति से तीन टिकट की दौड़ में हैं। वहीं, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से टिकट के लिए दावेदारी न जताने की अपील की है, लेकिन कई नेता टिकट के लिए अपने-अपने स्तर पर कोशिशों में जुटे हैं। कांग्रेस में जिस तरह से दावेदारी जताने की होड़ लगी है, उससे कहीं न कहीं गुटबाजी भी सामने आ रही है और जिले में गुटों में बंटी कांग्रेस यदि एकजुट न हुई तो भाजपा को फायदा मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस टिकट के ये हैं चाहवान

**लाहौल-**स्पीति जिले से पूर्व विधायक रघुवीर ठाकुर, कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं एपीएमसी सदस्य अनिल सहगल, जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेश शर्मा (कौपा), जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा, राज्य वन निगम के निदेशक तोग चंद, पूर्व में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रहे और अभी हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए सुदर्शन जस्पा, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला परिषद सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुंगा बोध, जिला परिषद सदस्य दोरजे लार्जे, कर्ण देव बोध, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संसार चंद के अलावा स्पीति से रपतन बोध, सोहन सिंह और सोनम तरगे सहित कुल 14 लोग दावेदारी जता रहे हैं।

### डॉ. रामलाल मार्कंडेय कांग्रेस के संपर्क में



**भाजपा** के बागी नेता पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय के भी अब कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। मार्कंडेय ने चुनाव लड़ने का ऐलान करने के बाद शिमला की ओर रुख किया है और अब वह कांग्रेस नेताओं के संपर्क में हैं। लिहाजा मार्कंडेय की यदि कांग्रेस में एंट्री होती है और टिकट मिलता है तो ऐसे में फिर पहले से टिकट के 14 चाहवान भी बगावत कर सकते हैं, जिसका नुकसान कांग्रेस को झेलना पड़ सकता है।

हैप्पी बर्थडे



भड़वाल गांव के आशोक कुमार को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



हर्षित जैरथ को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाढ़ की गर्विता कुमारी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# पेड़ गिरने से स्कूटी सवार आए चपेट में, महिला घायल

## तूफान से कांगड़ा बस स्टैंड के समीप पेश आया हादसा; लगा लंबा जाम, चालक हुए परेशान

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

राष्ट्रीय उच्च मार्ग कांगड़ा बस स्टैंड के समीप तेज तूफान के कारण एक पेड़ के गिरने से स्कूटी चालक व महिला सवार चपेट में आ गए। स्कूटी सवार महिला को चोटें आईं जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

वहीं, यातायात व विद्युत व्यवस्था कुछ देर के लिए बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने गिरे हुए पेड़ को काटकर सड़क के एक किनारे किया। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पहले दोपहिया वाहनों को निकाला वहीं कुछ देर बाद यातायात सुचारु रूप से चलाया गया। तेज हवा के साथ यह हादसा पेश आया। इससे सड़क के दोनों और लंबा जाम लग गया। वहीं, पेड़ गिरने से बिजली की मेन लाइन को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे पूरा कांगड़ा अंधेरे में डूब गया। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार बिजली की मेन लाइन पर पेड़ गिरने पर पेड़ धीरे-धीरे सड़क पर गिरा। वहीं, बड़ा हादसा होने से भी टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवा चलने से पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिर गया। इसकी चपेट में एक स्कूटी आ गई। इसमें एक महिला भी सवार थी, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले जाया गया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के पेड़ जो दुर्घटनाओं को न्योता या सड़क के किनारे जो पेड़ है उन पेड़ों को काट दिया जाए, ताकि कोई बड़ी अप्रिय घटना न घटे। इस संबंध में बात करने पर सहायक अभियंता विद्युत मंडल नंबर-एक पुलकित दीक्षित ने बताया कि पेड़ गिरने के कारण विभाग को कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन इस घटना के बाद कुछ स्थानो की विद्युत आपूर्ति जरूर बाधित हुई है। जिसे बाद में सुचारु रूप से चला दिया गया है। (अनंत ज्ञान)



पेड़ गिरने के बाद एक-एक करके दोपहिया वाहनों को भेजते हुए पुलिस कर्मी।

## दोदूं ब्रह्मणा में तूफान से गोशालाओं-मकानों की उड़ी छतें, फसलों को भी पहुंचा नुकसान



तूफान से उड़ी गोशाला की छत

**रक्कड़।** शुक्रवार रात को मुसलाधार बारिश के साथ आए तूफान ने उपमंडल देहरा भर के भिन्न-भिन्न इलाकों में भारी तबाही मचाने की खबरे सामने आ रही है। वहीं, इस दौरान जहां कई गोशाला और रिहासी मकानों की छते उड़ गई, तो कही खेतों में तैयार हो चुकी गेहूं की फसल व बागवानों को भी भारी नुकसान पहुचां है। ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत गांव दोदूं ब्रह्मणा की बात करें तो यहां किशोरी लाल की टीनपोश गोशाला की छत का नामोनिशान मिट चुका है। इसमें गरीब परिवार का काफी नुकसान हुआ है। जबकि गांव सलेटी में भी तूफान से खेतों मे गिरी बिजली की तारों ने नानी और चार वर्षीय मासूम दोहती को अपनी चपेट में लेकर इन दोनो की एन मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। उधर, गांव निचला करियाड़ा में कृष्ण दत्त शर्मा संजीव शर्मा, सतपाल, देशराज, रमेश चंद, कुशल चंद, निरजन दास आदि की बात माने तो आधी रात को तेज तूफान से फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

# मारपीट करने पर चार पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में लड़ाई-झगड़े, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के चार मामले दर्ज हुई हैं।

पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत बसोट कुठारना में प्रवीण कुमार, विट्टी देवी व पूजा देवी निवासी बसोट डाकघर कुठारना तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा ने रवि कुमार निवासी वार्ड नंबर-पांच बसोट कुठारना के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां दीं। वहीं, पुलिस थाना पालमपुर के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल पालमपुर के पास त्रिलोक व महिंद्र निवासी पारला टांडा ने भुवनेश सूद निवासी वार्ड नंबर-तीन का रास्ता रोककर गाली-गलौज, व मारपीट की। पुलिस थाना बैजनाथ के तहत उल्धार के पास सुभाष चंद निवासी उल्धारने सोहन सिंह निवासी उल्धार दियोट का रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकीयां दीं। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत हटवास में हैप्पी सैणी, सुधीर कुमार, विरेंद्र सिपहिया व कुछ अन्य लोगों ने हिमांशु कपूर निवासी घाड़ तहसील पालमपुर, मिलन शर्मा, कर्ण पटियाल व रजत का रास्ता रोककर गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां भी दी हैं। उक्त मामलों की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर सिंह ने बताया कि सभी मामलों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## सोनू लंबानाला ने अंकु पहलवान को हराकर जीती बड़ी माली

**धर्मशाला।** खनियारा श्री इंद्रु नाग देवता के छिंज मेले में माली नूरपुर लंबानाला के सोनू पहलवान ने जीती। जबकि उपविजेता पहलवान अंकु हाड़ा रहे। विजेता पहलवान को 51 हजार व उपविजेता पहलवान को 41 हजार रुपए की नकद राशि दी गई। कांगड़ा-चंबा के सांसद किशन कपूर ने पहलवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने अपने बचपन की साझा किया। बहुत से पुराने लोगों के नाम लेकर व यहां के हरेक पल को याद कर भावुक हुए। उन्होंने यह भी बताया कि अस्वस्थता के कारण उनके आपरेशन भी हुए हैं, लेकिन अब वह स्वस्थ हैं। खनियारा की जनता, धर्मशाला की जनता व कांगड़ा-चंबा की जनता ने उन्हें बहुत स्नेह दिया है, इसके लिए भी वह उनके आभारी है। आज राजनीति के भी मायने बदलने लगे हैं। किशन कपूर ने मेला कमेटी की ओर से बेहतर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।



विजेता पहलवानों के साथ मेला कमेटी के सदस्य।



**गगल।** गगल के नजदीक नेशनल राष्टीय मार्ग मंडी पर एक स्कूटी पर एक नहीं पांच सवारियों ने स्कूटी में बैठकर जाम लगा दिया। सभी लोग स्कूटी पर बैठे पांचों सवारियों को देख रहे थे। क्योंकि यह सभी सवारियां बिना हेल्मेट के ही थी और सरेआम नेशनल हाईवे पर घूम रहे थे। इन पांचों को किसी का भी डर नहीं था क्योंकि यह कानून की धज्जियां उड़ा रहे थे खुदा न खस्ता अगर कुछ दुर्घटना हो जाती है तो एक नया ही इतिहास रचते चला जाता क्योंकि यह हाईवे इतना व्यस्त रहता है कि कोई इंसान क्रॉस करना चाहे तो उसे मिनटों इंतजार करना पड़ता है लेकिन यह शहजादे इतने निडर होकर घूमते हैं



## न्यूज ब्रीफ

### झरलोग-पट्टा में दंगल आज

**हमीरपुर।** झरलोग-पट्टा दंगल इस वर्ष 31 मार्च को मनाया जाएगा। दंगल में करीब पांच लाख रुपए की कुश्तियां लड़ी जाएंगी। दंगल कमेटी सदस्य संजय कुमार, पुरुषोत्तम, जगत राम, राज कुमार आदि ने बताया कि आसपास के गांवों के सहयोग से यह दंगल हर वर्ष करवाया जाता है। यह जानकारी पूर्व उपप्रधान संजय कुमार ने दी है।

### भगवती स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



भगवती स्कूल के अव्वल बच्चे प्रिंसिपल के साथ सामूहिक चित्र में।

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में कक्षा नर्सरी से कक्षा नौवीं और 11वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। कक्षा नर्सरी से हर्षित, वेदिक, अनुष्का, सानविका, अभिनंदन, सानवी, यशिका, अमायरा गौतम, जतिन, अमायरा, रियांश ने प्रथम स्थान अनाया, नमिश, आरव, अर्श ने द्वितीय स्थान व आशवी, नायरा, आशिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बाकी अन्य कक्षाओं के स्टूडेंट्स ने भी ए-ग्रेड प्राप्त किया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों व सभी अभिभावकों को अच्छे परीक्षा परिणाम पर बधाई दी और भविष्य में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

### चमराल स्कूल में नवाजे गए मेधावी स्टूडेंट्स



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रशासन व अन्य।

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमराल में आज निकले गए वार्षिक परिणाम के दौरान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुदर्शन सिंह जरियाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर हेड टीचर बली राम ने वार्षिक परिणाम प्रस्तुत किया गया तथा अव्वल आए बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। मुख्यातिथि ने स्कूल को 11000 की प्रोत्साहन राशि स्कूल प्रदान की।

### भोरंज में इंतकाल मामलों का कार्य युद्धस्तर पर

**भोरंज।** भोरंज में इंतकाल के मामलों को लेकर राजस्व विभाग प्रति सप्ताह दो-तीन पटवार सर्कल को लेकर इंतकाल के मामलों को निपटाने में जुटा है। शनिवार को पटवार खाना टिक्कर खरवाडा में डुंगर, महल के इंतकाल के मामले निपटाए। तहसीलदार भोरंज बालकृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को 41 इंतकाल के मामले निपटाए गए, जिसमें से डुंगरी पटवार सर्कल में 23, टिक्कर खरवाड़ा 10 और महल आठ पटवार के मामले निपटाए गए। इस मौके पर कानूनगो देस राज, पटवारी अमर सिंह, पुरुषोत्तम लाल, सपना कुमारी उपस्थित रहे।

### नैक पीयर दल ने किया भोरंज कॉलेज का दौरा



भोरंज महाविद्यालय की समीक्षा के बाद सामूहिक चित्र में नैक पीयर दल के सदस्य।

**जाहू।** नैक पीयर दल द्वारा दो दिन तक भोरंज महाविद्यालय की समीक्षा कर उपलब्धियों की सराहना की। गौरतलब है कि सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं के लिए नैक की मान्यता का होना अनिवार्य है। इस कड़ी को लेकर नैक पीयर दल द्वारा भोरंज महाविद्यालय का दो दिवसीय दौरा था जो कि शनिवार का समाप्त हो गया। नैक पीयर दल के द्वारा भोरंज कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र अग्रणी का दर्जा दिया गया। प्राचार्य विजय कुमार ने बताया कि नैक पीयर द्वारा नैक मान्यता का होना किसी भी संस्थान के लिए आवश्यक है। नैक पीयर की मान्यता का किसी भी संस्थान की शिक्षा प्रणाली गुणवत्ता को जांचना व संस्थान में शिक्षा के अतिरिक्त कौन-कौन सी गतिविधियां चलाई जाती है, इनका निरीक्षण करना होता है।

## हमीरपुर-भोटा एनएच पर सफर नहीं आसान

# सड़क पर गड्ढे या गड्ढों में सड़क

विक्रम ढटवालिया, भोटा (हमीरपुर)

शिमला को जोड़ने वाला हमीरपुर-भोटा नेशनल हाईवे खतरनाक गड्ढों से लबालब हो चुका है। इस सड़क मार्ग पर वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं रहा है। 15 किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं बचा है, जहां हालात अच्छे हों। मुकम्मल तौर पर यह रोड उखड़ गया है। पिछले रोज से जारी बारिश ने तो इसकी दशा दिशा ही और खराब कर दी है। वाहन चालक पूछ रहे हैं कि नेशनल हाईवे के अधिकारी इतनी बड़ी लापरवाही आखिर क्यों कर रहे हैं।

वाहन चालक पूछ रहे हैं उनका कसूर क्या है। बड़े-बड़े गड्ढों में उनकी गाड़ी का जितना नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई आखिर कौन करेगा? क्या नेशनल हाईवे अथॉरिटी के पास मरम्मत के लिए पैसे की कमी है, या फिर जान-बूझकर लापरवाही खाता और जारी है?



हमीरपुर भोटा नेशनल हाईवे पर बने गड्ढे।

### वाहन चालक पूछ रहे रोड टैक्स देते पूरा, फिर क्यों यह लापरवाही

उनका कहना है कि रोड टैक्स की वसूली तो सरकार पूरी करती है। फिर सड़कों की हालत क्यों नहीं सुधर रही। नेशनल हाईवे जैसे सड़क मार्गों पर ही यदि अधिकारी मौन धारण कर लेंगे, तो फिर वाहन चालकों को भगवान ही बचाएगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मीडिया के फोन उठाते नहीं है। इस जानकारी के लिए भी उन्होंने बात नहीं की। (अनंत ज्ञान)

### अधिकारी लापरवाही से काम को दे रहे अंजाम

**वैसे** भी यह सड़क मार्ग सीएम के गृह जिले हमीरपुर के तहत पड़ता है और यदि अधिकारी इस लापरवाही से यहां काम को अंजाम दे रहे हैं, तो फिर डर किसका होगा? क्या नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को पूछने का किसी के पास कोई हक नहीं है? मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री हिमाचल सरकार के मंत्री और फिर जिला के अधिकारी क्या सभी के सभी खस्ता हाल इस सड़क पर रत्ती भर भी पसीज नहीं रहे।

## क्लस्टर स्कूल कोटला में मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



क्लस्टर स्कूल कोटला में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित।

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

क्लस्टर स्कूल कोटला में शनिवार को प्राथमिक और माध्यमिक विंग ने संयुक्त रूप से परीक्षा परिणाम जारी किए गए, जिसमें आठवीं कक्षा में 99 प्रतिशत स्कोर के साथ शानवी शर्मा, इशिका शर्मा प्रथम, 98 प्रतिशत अंक लेकर दीक्षा द्वितीय और 97 प्रतिशत अंक लेकर अक्षिता कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

सातवीं कक्षा में उदय शर्मा प्रथम, विनय शर्मा द्वितीय, प्रीति और सुनिधि तृतीय रहे जबकि कक्षा छठी में नमीशा शर्मा प्रथम, आरुषि शर्मा द्वितीय और सांची तृतीय स्थान पर रही। मिडल स्कूल में कुल 18 में से 17 स्टूडेंट्स ए-ग्रेड और एक छात्र बी-ग्रेड में शुमार हुआ। प्राथमिक विंग में भी स्टूडेंट्स का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और अधिकांश स्टूडेंट्स ए-ग्रेड में उत्तीर्ण हुए। पांचवीं कक्षा में गुंजन और निशांत 99 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे। मेधावी बच्चों को स्कूल प्रशासन ने मेडल, मोमेंटो और डिजिटल प्रिंट प्रोग्रेस कार्ड, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## गिरा बरगद का पेड़, टला बड़ा हादसा







हमीरपुर : मिनी सचिवालय के बाहर मृदुल चौक पर पार्किंग के गेट के किनारे वर्षों पुराना बरगद का पेड़ अचानक जड़ से उखड़ गया। पार्किंग के दोनों गेट उससे बंद हो गए। पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी चकनाचूर हो गई।

## शनिवार को बाबा बालक नाथ में चढ़ा 19,59,261 रुपए का चढ़ावा

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेलों के चलते शनिवार को भक्तों ने 19,59,261 रुपए का नकद चढ़ावा बाबा जी की पवित्र गुफा में चढ़ाया, वहीं तीन ग्राम 700 मिलीग्राम सोना, 218 ग्राम 940 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 205 पौंड, यूएसए के 144, कनाडा के 610 डॉलर, यूएई के पांच दराम, मलेशिया 20 तथा पांच यूरो बाबा की सेवा में अर्पित किए। गौरतलब है कि इन दोनों सिद्ध पीठ में बाबा जी के चैत्र मास के मेले चल रहे हैं और हर रोज देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा की गुफा में नतमस्तक हो रहे हैं। ऐसे में सिद्ध नगरी में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ देखने को मिल रही है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि शनिवार और रविवार को बाबा के दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है ऐसे में न्यास प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है ताकि भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न झेलनी पड़े।

## हमीरपुर में किस विधायक को अवार्ड हुए हैं करोड़ों के ठेके : रीना

**नादौन।** महिला ब्लॉक कांग्रेस नादौन की प्रधान रीना देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की नापाक कोशिश करने वाले बागी नेता बहानेबाजी कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने उनके क्षेत्रों में काम नहीं किए हैं। इस पर केवल हमीरपुर के निर्दलीय विधायक ही बता दें कि उनके क्षेत्र में 40 करोड़ से अधिक धनराशि के विकास कार्य किस विधायक को अवार्ड हुए हैं। अब तक ठेकेदारी कर अब विधायक बनने वाले बताएं कि उनका क्या काम रोका है। निर्दलीय विधायक स्पष्टीकरण दें और हमीरपुर में अवार्ड हुए ठेकों का हिसाब जनता को दें। अगर ठेके नहीं लिए हैं तो श्वेत पत्र जारी करें, लेकिन दकियानूसी राजनीति से परहेज करें। उन्होंने कहा कि इन लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनावों में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में एतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

## जयराम ठाकुर को दिव्य स्वप्न देखने की बीमारी : कौशल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रवीण प्रेम कौशल ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के चार जून को भाजपा की दो सरकारें बनने के दावे को दिव्य स्वप्न देखने की बीमारी बताया है। उन्होंने कहा है कि जय राम इसी की वजह से दिनदहाड़े मुख्यमंत्री की कुर्सी के सपने लेते रहते हैं।

कौशल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने का भाजपाई षड्यंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। छह विधानसभा उपचुनावों के उपरांत प्रदेश में कांग्रेस सरकार और मजबूत होगी, क्योंकि प्रदेश के मतदाता भाजपा की दलबदल और धनबल की राजनीति को समर्थन नहीं देंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जय राम प्रदेश के इतिहास में सबसे असफल मुख्यमंत्री रहे हैं और वह नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी लगातार नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। जिसका खामियाजा उनके साथ-साथ भाजपा को भी भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नड्डा, जय राम और राजीव बिंदल की तिकड़ी ही भाजपा का बंटाधार करने के लिए काफी है।

## राणा ने भाजपा पदाधिकारियों से की बैठक



भाजपा पदाधिकारियों से टौणीदेवी में बैठक करते राजेंद्र राणा।

अनंत ज्ञान, टौणीदेवी

भारतीय जनता पार्टी टौणीदेवी में त्रिदेव ग्राम केंद्र अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों कर्मठ कार्यकर्ताओं की बैठक टौणीदेवी मंदिर परिसर में भाजपा सुजानपुर मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर बिक्रम राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार एवं मुख्यातिथि राजेंद्र राणा का स्वागत किया गया तथा सभी पदाधिकारियों से परिचय करवाया गया। बैठक में आगामी चुनावों के बारे रणनीति बनाई गई व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, अनिल काकू, विजय बहल, इंस्पेक्टर प्यार चंद आदि उपस्थित रहे।

## डीएवी आलमपुर ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम





मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते शिक्षक।

**सुजानपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में वार्षिक परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण काजल, मुख्य अग्रणी पीएनबी जिला प्रबंधक हमीरपुर, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र सिंह पीएनबी जिला विपणन प्रबंधक व अवतार सिंह प्रबंधक, पीएनबी सुजानपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने मुख्यातिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विभिन्न क्षेत्रों में विजयी स्टूडेंट्स को पदक देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों व अभिभावकों को उनकी अभूतपूर्व सफलता के लिए बधाई दी।

## महिला वॉलीबाल में फार्मेसी कॉलेज सराज विजेता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। महिला वर्ग के टेबल टेनिस युगल में इंजीनियरिंग कॉलेज प्रगतिनगर शिमला प्रथम, सुंदरनगर कॉलेज द्वितीय और ग्रीन हिल्स सोलन तृतीय स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग के युगल में इंजीनियरिंग कॉलेज ज्यूरी रामपुर प्रथम, गौतम कॉलेज द्वितीय, सुंदरनगर की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही।





प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान।

महिला वर्ग के एकल में ग्रीन हिल्स सोलन प्रथम, फार्मेसी कॉलेज रोहडू द्वितीय, सुंदरनगर तृतीय, पुरुष वर्ग के एकल में प्रगतिनगर शिमला प्रथम, ज्यूरी रामपुर द्वितीय और सुंदरनगर तृतीय स्थान पर रहा। चेस के पुरुष वर्ग में इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां प्रथम, सुंदरनगर द्वितीय और इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला बिलासपुर तृतीय, महिला वर्ग में सुंदरनगर प्रथम, सराज द्वितीय और पीजी कॉलेज धर्मशाला तृतीय स्थान पर रहा। समापन समारोह में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव, गौतम कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, सचिव डॉ. रजनीश गौतम व अन्य मौजूद रहे।

## टौणी देवी में लड़कियों ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, टौणी देवी

स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी अभिभावकों के साथ शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।

पाठशाला का परिणाम शत प्रतिशत रहा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले स्टूडेंट्स छठी में भावना, कनिका, गोपाल, सातवीं में याश्मीन, अंशिका, वंशिका, आठवीं में रुचि, अंजलि, अंश नवमी में शगुन, श्रद्धा, आनंदिनी आदि रहे।

उन्होंने सत्र 23-24 में सभी सदस्यों का अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद किया और 5 अप्रैल से शुरू होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में और लोगों को भी जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी अध्यापक के साथ लगभग 80 अभिभावक भी उपस्थित रहे।



शिक्षा संवाद में संबोधित करते प्रधानाचार्य रांगड़ा।

## मुख्यमंत्री के नाम पर लड़ा जाएगा सुजानपुर में विधानसभा चुनाव

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

केसीसी बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुक्खू के चेहरे पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। जिला हमीरपुर का सीएम होने से जनता मुख्यमंत्री का पद हाथ से नहीं गंवाना चाहती, जिसको लेकर मुख्यमंत्री के नाम पर यह चुनाव लड़ा जाएगा तथा कांग्रेस भारी मतों से यह सुजानपुर विधानसभा की सीट भी जीतेगी। सुजानपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात उन्होंने कही।

पठानिया ने भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र राणा पर आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें हर मान-सम्मान दिया। जब वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे, राणा को लोकसभा प्रत्याशी के साथ उनकी पत्नी को उपचुनाव में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का कांग्रेस से प्रत्याशी बनाया गया। चुनाव हार जाने के बावजूद उन्हें कांग्रेस सरकार में आपदा प्रबंधन बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कुलदीप पठानिया ने कहा कि सीएम के खिलाफ निशाने साधने पर राणा का ऐसा स्वागत किया जा रहा है, जैसे कोई बड़ा युद्ध जीत कर आए हों, लेकिन जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, प्रदेश कांग्रेस महिला कार्यकारिणी की सदस्य सुषमा शर्मा आदि मौजूद थे।



पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

**लापरवाही** लंबे समय बाद भी टूटी सुरक्षा दीवार की अभी तक नहीं हो पाई रिपेयर

## मेडिकल कॉलेज की जर्जर दीवार हादसे का कर रही इंतजार

रवि ठाकुर, हमीरपुर

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज की जर्जर सुरक्षा दीवार कभी भी हादसे में तब्दील हो सकती है। अक्सर मरीज शॉर्टकट में जिस रास्ते का प्रयोग कर रहे हैं, वह जर्जर दीवार मरीज के ऊपर कभी भी गिर सकती है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने अगर समय रहते जर्जर दीवार पर ध्यान नहीं दिया, तो कभी भी अस्पताल में अप्रिय घटना घट सकती है।

मेडिकल कॉलेज के तीन नंबर गेट पर जहां मरीजों की पर्चियां बनाई जाती हैं, उसके ठीक पीछे वाली सुरक्षा दीवार का कुछ हिस्सा सड़क किनारे नालियों को ठीक करते हुए गिर गया था। लंबे समय बाद भी टूटी सुरक्षा दीवार की रिपेयर अभी तक नहीं हो पाई है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज इलाज करवाने पहुंच रहे मरीज आजकल शॉर्टकट के चक्कर में इसी रास्ते का ज्यादातर प्रयोग कर रहे हैं, क्योंकि बच्चों की ओपीडी भी यहां से नीचे की ओर है।





मेडिकल कॉलेज की जर्जर सुरक्षा दीवार।

ऐसे में बच्चों वाली महिलाएं भी ज्यादातर इसी शार्ट कट रास्ते की दीवार का सहारा लेकर चढ़-उतर रहे हैं, जबकि दीवार का एक हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जो कि कभी भी मरीज के ऊपर गिर सकता है। बताया जा रहा है कि कई मरीज शॉर्ट कट रास्ते के चक्कर में यहां से गिरकर घायल भी हो चुके हैं, क्योंकि बड़ा स्टैप होने के चलते भी मरीज यहां से गिर रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन ने अगर संबंधित रास्ते को जल्द बंद नहीं किया, तो जर्जर दीवार के नीचे कोई भी मरीज आकर बुरी तरह से घायल हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

> वहीं मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्राचार्य का कहना है कि समस्या उनके ध्यान में आ गई है। जल्द ही अस्थाई रास्ते को बंद कर दिया जाएगा, ताकि कोई भी मरीज यहां से गिरकर या फिर जर्जर दीवार के चलते घायल न हो सके।
> -डॉ. रमेश भारती, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज हमीरपुर

# चौथी पीढ़ी ने संभाल कर रखी है 100 साल पुरानी दराटी

**अनिल शर्मा, मंडी**

**भाग-7**

**बारीक गरी चीरने के काम में प्रयोग करती थीं महिलाएं**

अनंत ज्ञान स्पैशल

दुश्मन के दांतों को खट्टा करने के लिए जिस-जिस धातु से तलवार बनाई जाती थी उसी से गरी चीरने की दराटी का निर्माण भी किया जाता था। ऐसे ही 100 वर्ष से अधिक पुरानी एक दराटी मंडी में धागों के विक्रेता दिनेश एंड संज परिवार के पास है।

मंडी पीडिया के फाउंडर विनोद बहल ने बताया कि मंडी नगर में रियासत काल से ही कई प्रकार के पकवान बनाए जाते रहे हैं। इनमें से गरी यानी नारियल से बनने वाले पकवान भी शामिल हैं। गौर करने वाली बात है कि मंडी में कुछ औरतें तेज गति से बारीक गरी चीरने के लिए बहुत प्रसिद्ध थी और उस समय के सामाजिक ताने-बाने में एक दूसरे को गरी के गोले चीरने के लिए दिए जाते थे।

शादी में लगन के दौरान कटी हुई बारीक गरी जिसे मंडयाली में मकसूद कहते हैं, बारातियों को मिठाई के साथ रखी जाती थी। इसका प्रयोग मंडयाली धाम में बदाने के मीठे में ऊपर से डालने के लिए भी किया जाता है। इससे बदाने के स्वाद में विशिष्टता का समावेश होता है। आज के युग में कटी हुई बारीक गरी बाजार से ही खरीदी जाती है। (अनंत ज्ञान)

### बनावट और आकार में है विशेष

नारियल के गोले को चीरने के लिए कई घरों में प्रायः एक विशेष प्रकार की दराटी हुआ करती थी, जिसका आकार व बनावट अपनी एक विशेषता लिए हुए होता था। चित्र को ध्यान से देखें तो इसमें छिपकली की तरह दिखने वाली दराटी दिखाई देगी। उसके अग्रभाग पर एक गोल छल्ला भी नजर आ रहा है। इसके पैने हिस्से को ढकने के लिए एक लंबी सूती कपड़े की पट्टी को लपेटा जाता था और गरी चीरते समय औरतें अपने अंगूठे के ऊपर उसे लपेट लेती थी, ताकि जोर पड़ने पर अंगूठा सुरक्षित रहें क्योंकि दराटी बहुत पैनी हुआ करती थी।



### नगर में हैं ऐतिहासिक कलाकृतियां

यह दराटी नगर के धागा विक्रेता दिनेश एंड संज के परिवार ने 100 वर्षों से अधिक समय से संभाल कर रखी है। चौथी पीढ़ी के वंशज करण टंडन ने दराटी की फोटो उपलब्ध करवाते हुए कहा कि यह हमारी समृद्ध संस्कृति की पहचान है। मंडी नगर में ऐसी कई प्रकार की कलाकृतियां हैं, जो ऐतिहासिक नगर मंडी की विशिष्टता को दर्शाती हैं। इसमें प्रतिमाएं, तलवारें, बंदूकें, भवन आदि शामिल हैं।

# गुणवत्तापूर्वक शिक्षा के लिए बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाएं: कुसुमलता

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



कुम्मी स्कूल के अध्यापक ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी में चालू शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

प्रधानाचार्य कुसुमलता ने बताया कि पिछले सप्ताह भर से स्कूल के आसपास के गांवों में शिक्षकों की टीमें बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें सरकारी स्कूल में संस्कारित और गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया है कि वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निजी स्कूलों के बजाय सरकारी स्कूलों में पढ़ाने में प्राथमिकता दे।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न प्रकार की निशुल्क सेवाओं व स्कॉलरशिप का लाभ भी बच्चों को मिलता है। स्कूल में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेमी बोले- सुक्खू हैं ईमानदार मुख्यमंत्री

**मंडी।** सरकाघाट कल्याण सभा के मुख्य संरक्षक केएस प्रेमी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक ईमानदार व मेहनती मुख्यमंत्री बताया है। एक प्रेस बयान में प्रेमी ने कहा कि सुखविंद्र सुक्खू एक सामान्य परिवार से निकले हुए व सुलझे हुए अनुभवी राजनीतिज्ञ है जो कि राजनीति में बहुत लंबा अनुभव रखते हैं। उनके कार्यकाल को घटाना या सरकार गिराने के षड्यंत्र को उन्होंने ओछी राजनीति करार दिया है। प्रेमी ने कहा कि वे पूरी उम्र पार्टी में काम करते रहे अब उन्हें काम करने का बेहतर मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी व परिवार की बचत को जनकल्याण के लिए सरकारी खाते में दे सकता है, वह प्रदेश के कल्याण के लिए बहुत कुछ कर सकता है। उन्होंने बागी विधायकों को धोखेबाज करार देते हुए मुख्यमंत्री के ईमानदार प्रयासों को रोड़ा अटकाना करार दिया।

### डॉ. हरि सेन के निधन पर जताया शोक



बार एसोसिएशन सुंदरनगर के सदस्य शोक प्रकट करते हुए।

**सुंदरनगर।** बार एसोसिएशन सुंदरनगर के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने शनिवार को सुकेत रियासत के राजा डॉ. हरि सेन एवं नाचन से पूर्व विधायक टेक चंद डोगरा के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की हैं। इसको लेकर बार एसोसिएशन ने न्यायालय परिसर के बार रूम में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा इनके द्वारा क्षेत्र के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया। बार एसोसिएशन सुंदरनगर के अध्यक्ष कुलदीप सेन ने कहा कि सुकेत रियासत के अंतिम राजा डॉ. हरि सेन के निधन की खबर मिलते ही संपूर्ण सुंदरनगर में दुख की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. हरि सेन दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से इतिहास के प्रोफेसर पद से रिटायर्ड हुए थे और महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के चेयरमैन भी थे। डॉ. हरि सेन बीते कुछ समय से बीमार चले हुए थे। कुलदीप सेन ने कहा कि पूर्व विधायक एवं सीपीएस टेक चंद डोगरा के आकस्मिक निधन पर भी बार एसोसिएशन सुंदरनगर ने दुख व्यक्त किया गया तथा उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

### कैप्टन चंद्र बोले-कंगना को करेंगे सपोर्ट

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में एक्स सर्विसमैन लीग के उपाध्यक्ष कैप्टन चंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रेस वार्ता में कर्नल शाही ने कंगना रनौत को मंडी से टिकट मिलने पर विरोध जनक बयान दिया था। इसकी एक्स सर्विसमैन लीग के उपाध्यक्ष कैप्टन चंद्र सिंह ने कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि कर्नल शाही के पर्सनल विचार है, इसमें लीग ने कंगना को टिकट मिलने पर खुशी जाहिर की है। चंद्र सिंह ने कहा कि करीब 12 हजार फौजियों में से कुछ लोग भाजपा से संबंध रखते हैं, उन्होंने कंगना को टिकट मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हम सब कंगना को सपोर्ट करेंगे और विजय दिलवाएंगे। इस अवसर पर कैप्टन गोविंद सिंह, कैप्टन राजेंद्र सिंह ठाकुर, कैप्टन जोगिंद्र सिंह, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह, सूबेदार बुद्धि सिंह ठाकुर, कैप्टन भक्त राम, सूबेदार चंद्रमणि, हवलदार रमेश जम्वाल, कश्मीर सिंह, कुंती देवी, व्यास देवी, सुनीता शामिल रही।

### मीडिया कर्मियों से मांगा सहयोग

**मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्री-सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है। बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन केबल नेटवर्क, ईपेपर, टीवी, सोशल मीडिया अथवा मतदान पूर्व और मतदान दिवस के दिन प्रिंट मीडिया में जारी नहीं किया जा सकता है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मीडिया कर्मियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि वे बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित न करें। इसके अतिरिक्त सरोगेट विज्ञापन का भी प्रकाशन न करें।

### घनैतर स्कूल में बच्चों को बांटे रिपोर्ट कार्ड

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत पिपली के गांव कुराटी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला घनैतर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पिपली के गांव ढ़गौण से कांशी राम जो आर्मी से सेवानिवृत्त व गांव दोंथल से राम सिंह जो आर्मी से सेवानिवृत्त हैं ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। पाठशाला प्रबंधन समिति द्वारा विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पाठशाला प्रभारी गौरी शंकर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों का वार्षिक परिणाम सुनाया गया और साथ में उनके रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस मौके पर विशेष अतिथियों में कांशीराम ने 1100 रुपए व राम सिंह ने 2100 रुपए की धनराशि पाठशाला प्रबंधन समिति को भेंट स्वरूप प्रदान की।

### मतदाताओं को प्रेरित करें: स्वाति डोगरा

**सरकाघाट।** सहायक निर्वाचन अधिकारी सरकाघाट स्वाति डोगरा ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आयोजित बीएलओ व पर्यवेक्षकों की एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सरकाघाट-35 के सभी बूथों के बीएलओ को अपने-अपने बूथों पर मतदाताओं को प्रेरित करके मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। स्वाति डोगरा ने बताया कि 85 से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए चुनाव आयोग ने विशेष प्रबंध किए हैं।

### मुदडू स्कूल में होनहारों को नवाजा

**नेरचौक।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मुदडू में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी निर्मला देवी उपस्थित हुई। उन्होंने शैक्षणिक खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व मेडल भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक दुर्गा प्रसाद ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा स्कूल की उपलब्धियां एवं गतिविधियों बारे बताया। कार्यक्रम में अभी हाल ही में एच ए एस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कर्णवीर ठाकुर और उनके पिता भीम सिंह ठाकुर को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कर्णवीर ठाकुर को अखंड शिक्षा ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोती योजना के तहत स्मृति चिन्ह व टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान ज्योति वाला अध्यापिका कल्पना ठाकुर, द्रौंमती, प्राथमिक शिक्षक संघ बल्ह के पूर्व प्रधान भीम सिंह ठाकुर, अधीक्षक रूपेश गुप्ता सहित बच्चों के अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन

## मंडी में जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के खाते फ्रीज करने के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**बीजेपी कर रही विभागों का दुरुपयोग: प्रकाश चौधरी**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को आईटी विभाग द्वारा अवैध तरीके से कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज करने के विरुद्ध उपायुक्त कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार संस्थाओं और विभागों का दुरुपयोग कर रही है, उससे लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आईटी विभाग द्वारा बार-बार कांग्रेस पार्टी को नोटिस भेजे जा रहे हैं उससे तो यह लगता है कि केंद्र सरकार कांग्रेस पार्टी को कमजोर कर रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या आईटी विभाग ने बीजेपी को भी कोई नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के खाते में जो पैसा है उसमें से भी टैक्स लिया है या नहीं, इसको भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने नाचन के पूर्व विधायक टेक चंद डोगरा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और शोकग्रस्त परिवार जनों को संबल प्रदान करे। इस दुख की घड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी उनके परिवार के साथ खड़ी है। इस मौके पर एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया, अजय ठाकुर, आकाश शर्मा, रवि सिंह, रिंकू चंदेल, कर्म चंद जोगिंद्र गुलरिया, योगेश, टेक सिंह, प्रवीण कुमार, लाल सिंह, रमेश कुमार, मीना ठाकुर, महेंद्र गुप्ता, जितेंद्र कुमार, गिरधर, जितेंद्र कौंडल, देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।




शनिवार को डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन करते जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता।

### पेड न्यूज के मामलों पर पैनी नजर

**मंडी।** लोकसभा चुनाव के लिए गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने बताया की आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया में प्रकाशित, प्रसारित या वायरल होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, बल्क मैसेज तथा पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कमेटी नजर रख रही है की प्रिंट मीडिया में प्रकाशित विज्ञापन उम्मीदवार की अनुमति या जानकारी पर ही प्रकाशित किया गया है। यदि पाया गया कि बिना अनुमति के विज्ञापन प्रकाशित किया है तो विज्ञापन प्रकाशित करने वाले प्रकाशक पर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता कल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले में होंगे मुकाबले**

पहली से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर में महिला मंडलों के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें रस्साकशी, मटका फोड़, मटकी दौड़, रंगोली, लोकनृत्य, समूह गायन, चेयर रेस इत्यादि शामिल हैं।

मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि इन खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं के आयोजन के लिए प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी के संयोजन में एक समिति का गठन किया गया है। मतदाता जागरूकता पर आधारित थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन पहली अप्रैल को प्रातः 10 से लेकर 11 बजे तक किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रातः 9 बजकर 45 मिनट तक किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए पंजीकरण पहली अप्रैल सायं पांच बजे तक किया जाएगा।

खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं के आयोजन के लिए खेल कोच रीता ठाकुर, ऑफिस कानूनगो तहसील कार्यालय जोगिंद्रनगर लता देवी तथा ग्रामीण राजस्व अधिकारी टिकरू दीपा कुमारी को शामिल किया गया है। एसडीएम ने बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन दो अप्रैल, मटका फोड़ व मटकी रेस का आयोजन तीन अप्रैल तथा म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन चार अप्रैल को किया जाएगा। ये सभी स्पर्धाएं प्रत्येक दिन प्रातः साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक मेला ग्राउंड में आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि यदि म्यूजिकल चेयर रेस के लिए प्रतिभागी कम होंगी तो यह स्पर्धा भी तीन अप्रैल को ही आयोजित कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि समूह गायन स्पर्धा का आयोजन दो अप्रैल तथा लोकनृत्य का आयोजन तीन व चार अप्रैल को रितु कला मंच पुराने मैला मैदान में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समूह गायन स्पर्धा के लिए समय पांच से सात मिनट रहेगा जबकि प्रतिभागियों की संख्या 10 होनी चाहिए।

### एक सप्ताह के लिए यातायात बाधित

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र के लिंक अप्पर तुलाह सड़क में डंगे के कार्य के चलते एक सप्ताह तक यातायात बड़ी-छोटी गाड़ियों के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने शनिवार को बताया कि अप्पर तुलाह सड़क में डंगे का कार्य विभाग ने शुरू किया है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह तक बड़े-छोटे वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि जगह तंग होने की वजह से यह निर्णय विभाग द्वारा लिया गया है। उन्होंने इसी दौरान क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान आवाजाही बंद रहेगी।

# नाचन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टेक चंद डोगरा का निधन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



विधानसभा क्षेत्र नाचन में कांग्रेस पार्टी के उतार व चढ़ाव के साक्षी एवं क्षेत्र का चार बार नेतृत्व करने वाले पूर्व विधायक एवं सीपीएस टेक चंद डोगरा का शनिवार सुबह मेडिकल कॉलेज नेरचौक में उपचार के बाद घर पर पहुंचते ही निधन हो गया। टेक चंद डोगरा 77 वर्ष के थे। नाचन विधानसभा क्षेत्र से टेक चंद डोगरा चार बार विधायक रहे और एक बार सीपीसीएस भी बने। वर्ष 1993 में टेक चंद डोगरा का टिकट कटने पर उन्होंने आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता था। डोगरा मिल्क फेडरेशन हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन और एससी एवं एसटी विकास निगम के चेयरमैन भी रहे हैं। टेक चंद के निधन पर मंडी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता ब्रह्मदास चौहान, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, एपीएमसी मंडी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, कौल सिंह ठाकुर, रंगीला राम राव, प्रकाश चौधरी, हीरापाल ठाकुर, चेतराम ठाकुर, सोहन लाल ठाकुर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### नए मतदाताओं का किया पंजीकरण




**नेरचौक।** अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज में वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया। इसके लिए स्वीप टीम द्वारा अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता व मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम बल्ह व सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बल्ह विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए कुल 108 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से दो मतदान केंद्र महिला कर्मचारी संभालेंगी। जबकि तीन आदर्श मतदान केंद्र व एक युवा संचालित मतदान केंद्र बनाया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार इस बार महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिला संचालित बूथ, युवा संचालित बूथ बनाए जाएंगे।

# संधोल के युवाओं की नसों में घुल रहा नशा

**दीक्षित धलारिया, संधोल**

**उड़ता पंजाब की तरह नशे में डूबता जा रहा क्षेत्र**

अनंत ज्ञान स्पैशल

युवा देश की रीढ होता है, जिनकी आंखों में सपने, पैरों में गति और हाथों में ऊर्जा होती है, लेकिन इनकी नसों में ही जब नशा घुल जाए तो दशा व दिशा पतन की ओर ही जाती है। ऐसा ही कुछ हाल है जिला मंडी के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले उड़ता संधोल की।

संधोल को यह संज्ञा दी जाए तो कोई अंचभा नहीं होगा क्योंकि संधोल में किशोर, युवाओं से लेकर अधेड़ तक हर कोई नशे की गिरफ्त में है। 4-5 दिन के अंतराल में संधोल में कोई नशेड़ी न धरा जाए ऐसा कोई मौका नहीं आता है। आए दिन समाचार पत्रों व आम जनमानस की जुवान से दुकान, चौराहों पर अज कुण पकडोया भंगा कन्नै यही बातें सुनने को मिलती है। पुलिस ने लंबे समय से व्यापक नशा जागरूकता अभियान क्षेत्र में छेड़ा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों से बैठक से लेकर स्कूल, कॉलेजों तक में पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम भले ही चलाए है, नशे पर लगाम कसने के अनेक सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में नहीं आ रही है। निरंतर क्षेत्र में नशे के मामले बढ़ रहे हैं। संधोल क्षेत्र के परिवारों में अपने बच्चों को नशे के इस जाल से कैसे बचाएं यह चिंता का विषय बना हुआ है। संधोल सीमावर्ती क्षेत्र होने की वजह से नशे के सौदागरों के लिए नशे की खेप संधोल पहुंचाना आसान है, दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों पर पैनी नजर रखकर शिकंजा कसने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में नशा अपने पैर पूरी तरह पसार चुका है स्थानीय युवा अब चिट्टे की जद में आ चुके हैं सफेद जहर क्षेत्र में अपना रंग दिखा रहा है। नशा खरीदने के लिए ये युवा चोरी के रास्ते पर बढ़ चुके है कभी बाइकों, गाड़ियों का तेल चुराना तो कभी घरों से ही गहने गायब करके बेचना, तो कभी गांवों में चोरी को अंजाम देना क्षेत्र में आम हो गया है। पिछले 2-3 वर्षों में संधोल के अनेक युवाओं को कई जगह नशे की खेप के साथ धरा जा चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय पुलिस ने लोगों से भले अपील की है कि नशे का शक होने पर संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें, क्योंकि नशे को जनसहयोग से ही नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन नशे के सौदागर यानी बड़े नशा माफिया खुले में घूम रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



**अभियान** नगर निगम ने सकोढी खड्ड में छेड़ा है स्वच्छता अभियान

# तीन दिन में निकाला आठ टन कूड़ा-कचरा

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम मंडी द्वारा सफाई को लेकर अभियान जारी है। नगर निगम द्वारा सकोढी खड्ड से दो से तीन दिनों में करीब आठ टन कूड़ा कचरा निकाला गया है। बता दें कि शहर से गुजरती इस खड्ड में बहुत सा कूड़ा काफी लंबे समय से बिखरा हुआ था जिसके कारण खड्ड के आस पास बने मकानों में रहने वाले लोगों को भारी समस्याओं और बदबू का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम के सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि खड्ड से रजाई, गद्दे, बोतलें, डिब्बे, कपड़े, लिफाफे, जूते, चप्पल भारी मात्रा में पड़े हुए थे, जिसे निकालने का कार्य नगर निगम स्वच्छता कर्मियों द्वारा करवाया जा रहा है। यह अभियान जब तक सकोढी खड्ड पूरी तरह से साफ नहीं होती तब तक जारी रहेगा। वहीं शुक्रवार रात को हुई बारिश और तूफान से क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा लिया गया और शहर में ब्लॉक हुई नालियों की सफाई भी की गई। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में अनधिकृत रूप से लगाए बैनरों को भी हटाया गया और जिन बैनरों की समय अवधि पूर्ण हो गई थी उन्हें भी निकाला गया। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बैनर लगाने के लिए अनुमति लेना जरूरी रहेगा। बिना अनुमति के बैनर लगाने पर भारी जुर्माने का भुगतान करना पड़ सकता है। शहर में सफाई कार्य नगर निगम द्वारा जारी रहेंगे। (अनंत ज्ञान)



शहर की नालियों को साफ करते सफाई कर्मी।



शनिवार को शहर में अनधिकृत बैनरों को हटाती नगर निगम मंडी की टीम।

### छठी कक्षा में सुमन ठाकुर प्रथम

**सुंदरनगर।** राजकीय उच्च विद्यालय सोहर का छठी से नौवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम मुखाध्यापिका रेणु लता व स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जगदीश चंद की अध्यक्षता में निकाला गया। वार्षिक परिणाम में छठी कक्षा में सुमन ठाकुर प्रथम, रचना ठाकुर द्वितीय सथन एवं गुंजन तीसरे स्थान पर, सातवीं कक्षा में कविता देवी प्रथम, जीविका ठाकुर द्वितीय व मधु तीसरे, आठवीं कक्षा में साक्षी देवी प्रथम, कृषिका ठाकुर द्वितीय और लक्ष्य ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। नौवीं कक्षा में सुहानी देवी प्रथम, शिवकर्ण एवं अंबिका ठाकुर दूसरे और कृतिका ठाकुर तीसरे स्थान पर रही। रेणु लता ने अव्वल रहे सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी।

# आसमानी आफत ने ली बच्ची की जान; फसल बर्बाद, किसान परेशान

## प्रशासन ने पीड़ित परिवार को दी फौरी राहत, बारिश-तूफान से भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



आंधी व तूफान से खेत में बिछी गेहूं की फसल।

जिले में शनिवार तड़के मौसम आफत लेकर आया। भारी बारिश और आंधी के कारण इन बच्चे की जान चली गई और किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के आसमान से ऐसी आफत बरसी कि असुरक्षित ठिकाने में नींद के आगोश में दो वर्षीय बच्ची सदा की नींद सो गई। बाहरी राज्य के मजदूरी करने वाले मुन्ना निवासी बिहार हाल रिहाइश वार्ड नंबर पांच टक्का ऊना झुगी झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे थे। शुक्रवार की आधी रात के बाद शनिवार तड़के झोपड़ी के ऊपर आंधी के कारण आम का पेड़ गिर गया। इस हादसे में मुन्ना की 2 वर्षीय पुत्री सपना की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को फौरी राहत भी दी गई है। उधर किसान देवराज, इंद्र राणा, अशोक कुमार, राजीव कुमार और रामकिशन आदि ने बताया कि फसल के भूमि पर गिरने से अब चूहों के फसल पर हमले का खतरा बढ़ गया है। फसल अभी कच्ची है और इसमें कटाई के समय तक बहुत नुकसान हो जाएगा। मौसम की मार से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।

बारिश और आंधी से पेड़ बिजली की तारों पर गिरने से कई जगह शनिवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। यहां तक कि कुछ संपर्क मार्गों पर भी पेड़ गिरने का कारण यातायात ठप रहा। शनिवार देर शाम तक सभी व्यवस्थाएं बहाल कर दी गई थीं। दोपहर तक बारिश की फुहारें होती रहीं, लेकिन बिजली और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए जुटे रहे।

उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि जिले में बारिश और आंधी के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। सभी राजस्व अधिकारियों को आंकलन रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। उन्होंने इस बीच एक हादसे में बच्ची की मौत की घटना पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने बाहरी राज्यों अथवा मेहनत मजदूरी करने वाले ऐसे परिवारों से अपील की है जो असुरक्षित ठिकानों में रहते हैं कि वे असुरक्षित स्थानों से दूर रहें।

# संतोषगढ़ में आज होगा बॉडी बिल्डिंग मुकाबला

## विजेताओं को कनाडा जाने का मिलेगा मौका

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

देशभर के नामी बॉडी बिल्डर्स 31 मार्च को संतोषगढ़ में जुटेंगे। गणपति जिम एंड फूड सप्लीमेंटस के सौजन्य से दिवंगत हनीश बंगड़ को समर्पित भारत क्लासिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता इस रविवार को नगर के प्रसिद्ध इंद्र पैलेस संतोषगढ़ में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में सेहतमंद बॉडी बिल्डर्स अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगें। पुरुष एवं महिला वर्ग की अलग अलग श्रेणियों में विजेता बॉडी बिल्डर्स पर आयोजनकर्ताओं की ओर से न केवल करीब 20 लाख रुपए एवं स्कूटी उपहार इनामी वर्षा की जाएगी। विजेताओं में से दक्षता अनुसार चयनित बॉडी बिल्डर्स को कनाडा जाने का अवसर भी मिलेगा। संतोषगढ़ राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश स्तर की स्पर्धा में तीन श्रेणियों में बॉडी बिल्डर्स भाग लेंगे।

आयोजनकर्ता दिलीप डोजी ने बताया कि स्पर्धा में पुरुष वर्ग फिजिक जूनियर एवं सीनियर, क्लासिक बॉडी बिल्डिंग, बॉडी बिल्डिंग जूनियर, वीमेन बिकनी ओपन, मास्टर्स एवं स्टार ओपन श्रेणियों में प्रतिभागी बॉडी बिल्डर्स भाग लेंगें। बॉडी बिल्डिंग जूनियर एवं मेन्स फिजिक में विजेताओं को 31 हजार रुपए की इनाम वर्षा होगी। भारत क्लासिक में पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 21 हजार, दूसरे स्थान पर 15 हजार, तीसरे पर 10 हजार, चौथे पर छह हजार व पांचवे स्थान पर पांच हजार की इनाम वर्षा होगी। ओवरऑल बॉडी बिल्डिंग सीनियर एवं मेन्स फिजिक जूनियर व वीमेन बिकनी प्रतियोगिता में हर विजेता स्कूटी तक का इनाम पा सकेंगे।

डोजी ने बताया कि भारत क्लासिक में यहां देश भर के बॉडी बिल्डिंग में नाम कमा चुके बिल्डर्स भाग लेकर स्पर्धा को चार चांद लगाएंगे। दूसरी ओर हिमाचल बॉडी बिल्डिंग, मिस्टर ऊना और मिस्टर गणपति जिम के लिए भी स्थानीय बॉडी बिल्डर्स अपने शरीर के जौहर दिखाएंगे। इस स्पर्धा में विजेताओं पर 11 हजार व 5100 लेकर उत्तम उपहार बॉडी बिल्डर्स के लिए शामिल हैं। इसके अलावा ओवरऑल विजेताओं को कनाडा जाने का अवसर भी दिया जाएगा।

# कांग्रेस सरकार झूठ के सहारे काट रही गिने-चुने दिन : देवेंद्र भुट्टो

## बोले- पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर राष्ट्रीय नेता, उनका मान- सम्मान रहेगा यथावत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**





कुटलैहड़ भाजपा की बैठक में उपस्थित देवेंद्र भुट्टो और अन्य भाजपा नेता।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित बनाने के मंडल भाजपा के सभी विभागों के पदाधिकारियों द्वारा संकल्प लिया गया।

शनिवार को बंगाणा के होटल में भाजपा मंडल कुटलैहड़ द्वारा भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के सम्मान में समारोह रखा गया था। भाजपा के समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, कुटलैहड़ के मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू, महासचिव मास्टर रमेश शर्मा, राजेंद्र मलांगड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनिका कौशल के अलावा कुटलैहड़ के 118 बूथों के अध्यक्ष पालक वी एवम अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस दौरान देवेंद्र भुट्टो ने राज्यसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध और अपने निष्कासन को लेकर भी बात सांझा की। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने बिना नोटिस दिए हमारी विधायक की सदस्यता रद्द करवाई है। भुट्टो ने कहा कि उनका भाजपा में शामिल होने का फैसला इसलिए उपयुक्त है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी के पास न कोई नेता है और न ही नेतृत्व है। झूठ के सहारे कांग्रेस की सरकार गिने चुने दिन काट रही है।

भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश आगे बढ़ रहा है और भाजपा देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा दल बन चुका है। भुट्टो ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के प्रयासों से खुले 21 सरकारी कार्यालय को जब सीएम साहब ने बंद किया, तो इनको खुलवाने के लिए 31 नोट कुटलैहड़ की जनता की तरफ से सीएम को दिए। विधायक के 14 माह के कार्यकाल में हमने कुटलैहड़ की जनता के लिए करीब एक दर्जन योजनाओं का खाका तैयार करके सीएम को दिया, लेकिन 14 माह में सीएम साहब आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए कुटलैहड़ विस क्षेत्र को एक भी योजना स्वीकृत नहीं कर सके। कुटलैहड़ में नाबार्ड से जो मुझे 25 करोड़ मिला, या विधायक निधि 6 करोड़ मिली थी। केवल वही कुटलैहड़ के विकास पर खर्च हो रहे हैं।

भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ से लगातार चार बार जीते और पूर्व सरकार में मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर हम सभी के मार्गदर्शक हैं। वह राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं और कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास पुरुष भी हैं। उन्होंने कहा कि कंवर के नेतृत्व में हमीरपुर लोकसभा से अनुराग ठाकुर लगातार 5वीं बार बड़ी जीत प्राप्त होगी।

# सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाना हर कांग्रेसी का फर्ज : पटियाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ब्लॉक कांग्रेस कुटलैहड़ के पूर्व पदाधिकारी अरुण पटियाल ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना हर कांग्रेस कार्यकर्ता का फर्ज है। शनिवार को उपमंडल बंगाणा में के लठियानी में उनका जनसंपर्क अभियान के तहत आम जनता से मिलना हुआ।

इस दौरान उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह द्वारा 5वीं गारंटी को पूरा करने के लिए आभार प्रकट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उपचुनाव में भुट्टो को सबक सिखाने के लिए तैयार है। पत्रकारों द्वारा पूछे सवाल पर कांग्रेस नेता अरुण पटियाल ने उपचुनाव में अपने उम्मीदवारों को लेकर कहा कि यदि कांग्रेस हाईकमान एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आदेश दिया तो वे चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। किसी अन्य प्रत्याशी को भी विधानसभा का टिकट मिलता है तो भी तन मन से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए काम किया जाएगा। पार्टी की जीत को सुनिश्चित किया जाएगा और कुटलैहड़ में जीत का इतिहास बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री का कुटलैहड़ का दौरा 4 अप्रैल को समूरकलां में है और हम सभी एकजुटता के साथ उनके कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

# कुपोषण से निदान को ऊना में विशेष मुहिम

## आंगनबाड़ी कार्यकताओं व आशा वर्करों को कुपोषित बच्चों और धात्री महिलाओं की पहचान करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना में बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत जिला के विभिन्न स्थानों से कुपोषित बच्चों की पहचान करके उन्हें इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग डाटा एकत्रित करवा रहा है। उप्पयुक्त ने मार्च महीने के दूसरे सप्ताह इस संबंध में आदेश भी जारी किए थे।

बता दें कि इस मुहिम के तहत सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंस्था प्रोद्योगिकी संस्थान, पालमपुर के माध्यम से बच्चों के लिए तैयार पोष्टिक तत्वयुक्त उत्पादों को क्रय करके ज़िला के समस्त कुपोषित बच्चों तथा बीपीएल की धात्री महिलाओं को प्रदान किया जाना है। प्राथमिकता तौर पर प्रथम तीन माह में बच्चों में आने वाले अंतर का विश्लेषण किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे छह माह तक बढ़ाया जाएगा। जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशावर्करों के माध्यम से बच्चों की सेहत में होने वाले सुधार बारे फीडबैक लेकर डाटा तैयार किया जाएगा।

जिला ऊना के लोगों की आर्थिक स्थिति व जीवन शैली के दृष्टिगत यहां अन्य जिलों की अपेक्षा कुपोषित बच्चों की संख्या ज्यादा नहीं है। इसे देखते हुए उपायुक्त ने बाल विकास संरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए थे कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों के माध्यम से पूरे जिला में कुपोषित बच्चों तथा बीपीएल परिवारों की धात्री महिलाओं की पहचान करके 31 मार्च से पहले पूरी फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि इसी आधार पर उत्पादों के क्रय के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार की जा सके। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को शिशु पोष्टिक आहार में मिलेट्स प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए कहा था।

उपायुक्त ने सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंस्था प्रोद्योगिकी संस्थान, पालमपुर तथा जिला के सभी सीडीपीओ व खंड विकास अधिकारियों के साथ एक वर्कशॉप का आयोजन करके इस मुहिम के सफल कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे।

इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। जिले में ऐसे बच्चों और धात्री महिलाओं की पहचान करके आंकड़ा भी तैयार किया जा रहा है। इसमें यह भी विशेष ध्यान रखा गया है कि जो बाहरी राज्यों से यहां मजदूरी के लिए परिवार पहुंचते हैं उनको भी डाटा एंट्री को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

# चैतन्य शर्मा ने गगरेट के हित में लिया फैसला : अभिषेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, अंब**



गगरेट विधानसभा के युवा नेता अभिषेक शर्मा ने चैतन्य शर्मा की जीत का दावा किया है। शनिवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि चैतन्य शर्मा ने गगरेट के हित में अपना भविष्य दांव पर लगाया है।

उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि चैतन्य शर्मा ने जो फैसला लिया है वह गगरेट के हित में लिया है। युवा विधायक की 28 साल की उम्र में ऐसा कदम उठाना हर किसी के बस की बात नहीं। चैतन्य शर्मा को कांग्रेस के कुछ नेता बिना तर्क और बिना वजूद के उनकी छवि को खराब करने में लगे हुए हैं। चैतन्य शर्मा उन सभी व्यक्तियों के चेहरे जल्द गगरेट की जनता के सामने पुरे सबूतों के साथ सामने लाएंगे। गगरेट की जनता ने पहले भी चैतन्य शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया है। अब जब उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है। अब फिर से चैतन्य शर्मा गगरेट की जनता के हक और विकास के लिए चुनाव मैदान में है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता फिर से चैतन्य शर्मा का साथ देगी और पिछली बार से ज्यादा मतों से उन्हें विजय बनाकर शिमला भेजेगी।

### कांग्रेस का गगरेट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा पर पलटवार

# बाप की अंगुली पकड़ कर नेता नहीं बने सुखविंद्र सुक्खू

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कांग्रेस नेता।

विधानसभा उपचुनाव में विस क्षेत्र गगरेट से भाजपा द्वारा घोषित किए गए प्रत्याशी चैतन्य शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस ने जबरदस्त पलटवार किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गमले में पैदा हुए नेता अगर बरगद को कीचड़ उछालेंगे तो खुद हंसी के पात्र बनेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री छात्र राजनीति से पैदा हुए ऐसा नेता हैं जिनका जीवन संघर्ष में तपकर कुंदन बना है। वह अपने बाप की अंगुली पकड़ कर नेता नहीं बने।

यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एडवोकेट राकेश चौधरी, पूर्व सचिव एडवोकेट रवि पराशर, एडवोकेट वीनस जसवाल, एडवोकेट होशियार सिंह, भानू प्रताप अरुण चौधरी, मधुसूदन जसवाल, नरेश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित राम लुभाया, स्टील कंज्यूमर काउंसिल आफ इंडिया के पूर्व सदस्य यशपाल राणा ने कहा कि चैतन्य शर्मा अब मुख्यमंत्री पर निशाना साध कर अपने पाप को नहीं छुपा सकते। जब वह चुनाव में वोट मांगने जाएंगे तो उन्हें जनता को बताना होगा कि मात्र चौदह माह बाद ही कर्ज में चल रहे प्रदेश पर उपचुनाव का बोझ क्यों डाला गया। उन्होंने कहा कि वह कोई कारगिल का युद्ध जीतकर उपचुनाव में नहीं आए हैं बल्कि उन्हें विधानसभा से अयोग्य करार दिया गया है। जिस व्यक्ति को गगरेट की जनता ने भारी मतों से जीत दिलाकर विधानसभा भेजा था वह चौदह माह बाद ही अयोग्य घोषित होकर फिर से जनता के अदालत में आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू किसी की अंगुली पकड़ कर राजनीति में नहीं आए बल्कि वह एनएसयूआई, युवा कांग्रेस व कांग्रेस संगठन की बतौर अध्यक्ष सेवा करके मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं।

### 'जिंदगी में अब कभी विधायक नहीं बन पाएंगे चैतन्य शर्मा'

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि चौदह माह के कार्यकाल में चैतन्य शर्मा ने अपने संगठन वाईएसपी का ही पोषण किया जबकि कांग्रेस को गगरेट में रसातल में पहुंचाने का काम किया। वाईएसपी की भी जांच होनी चाहिए कि इसके लिए फंड कहां से आता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने चौदह माह के कार्यकाल में ही कई गारंटियां पूरी करके दिखाई हैं। जिस पंडाल से वह मुख्यमंत्री सुक्खू पर आरोप लगा रहे थे उसी पंडाल से लोगों ने उन्हें सीएम की शान में कसीदे पढ़ते भी सुना है। उन्होंने दावा किया कि चैतन्य शर्मा इस बार तो क्या जिंदगी में अब कभी विधायक नहीं बन पाएंगे और उपचुनाव के बाद उनकी जगह सलाखों के पीछे होगी

# सैकड़ों श्रद्धालु बाबा सिद्ध चानो वली के मंदिर में हुए नतमस्तक, ग्रहण किया प्रसाद

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

गगरेट क्षेत्र के गांव संघनई काला पंगा में स्थित बाबा सिद्ध चानो वली के मंदिर मे शनिवार को हर साल की तरह इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा सिद्ध चानो वली के मंदिर में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में समाजसेवी विश्वजीत सिंह पटियाल ने विशेष रूप से शिरकत कर बाबा सिद्ध चानो वली का आशीर्वाद लिया।

मुख्या सेवादार बृज लाल ने बताया कि सुबह पूजा अर्चना के बाद झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। उन्होंने कहा कि बाबा बाबा सिद्ध चानो वली के दरबार में जो कोई अपनी मुरादे लेकर आता है वो मनवांछित फल पाकर जाता है।

उन्होंने कहा कि भक्तों के लिए शनिवार का दिन काफी खास होता है। इसे बाबा सिद्ध चानो वली का दिन माना जाता है। लोगों का मानना है कि जिस किसी को न्याय नहीं मिलता उसे बाबा के दरबार में न्याय जरुर मिलता है। जो कोई बाबा सिद्ध चानो वली के दरबार में सच्ची श्रद्धा से आता है वह कभी खाली हाथ नहीं जाता।

इस मौके पर विनोद, पवन, बलबीर, शिव राम, हरनाम सिंह, मुलखराज आदि उपस्थित रहे।

# टिकट के लिए दौड़-धूप शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कांग्रेस के टिकट की दावेदारी गगरेट के कई नए पुराने नेता कर रहे हैं, लेकिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने टिकट की दावेदारी कभी नहीं जताई है।

हालांकि काफी समय से वह गगरेट में कांग्रेस संगठन का कार्यभार देख रहे हैं और वह भी गगरेट से कांग्रेस के सशक्त उम्मीदवार हो सकते हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार जिला परिषद के पूर्व सदस्य अश्विनी कर्मचारी नेता राजन शर्मा ,एडवोकेट विकास कश्यप बृजेश डोगरा पूर्व विधायक राकेश कालिया, कुलदीप सिंह दीपा, के नाम भी कांग्रेस टिकट के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार सभी नेता अपनी अपनी गोटियां फिट करने में लगे हुए हैं।

# गोंदपुर बनेहड़ा व भंजाल स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा व भंजाल स्कूल की छठी सातवीं नवमी दसवीं परीक्षा का परिणाम और ग्यारहवीं की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपलों सरला ठाकुर और राजेश शर्मा ने दी ।

# रिश्वत की शिकायत के लिए डायल करें 1950

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनावों के लिए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचकों को डराने और धमकाने, रिश्वत लेने व देने के मामलों में तुरंत कार्रवाई करने के लिए विशेष उड़न दस्ते बनाए गए हैं।

उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे चुनावों में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। रिश्वत लेने से बचें और यदि किसी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे रिश्वत और वोटरों को डराने व धमकाने के मामलों की जानकारी है, तो वह जिला स्तर पर स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ के टोल फ्री नंबर 1950 पर तुरंत शिकायत करे। शिकायत पर अविलंब कार्रवाई होगी तथा शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### सी-विजिल ऐप भी कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल ऐप सीविजिल डॉटट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन या गूगल-पे स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता की अवहेलना करने वालों की शिकायत आसानी से सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है।

### सुविधा ऐप पर मिलेगी चुनाव कार्यक्रमों की अनुमति

**जतिन** लाल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने चुनावी कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न अनुमतियों को लेकर 'सुविधा ऐप' बनाई है। इसके माध्यम से चुनावी रैलियों, नुक्कड़ बैठकें और लाउडस्पीकर के प्रयोग समेत चुनाव प्रचार से जुड़ी विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की जा सकती हैं। इसमें स्टार प्रचारकों और पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, हेलीकॉप्टर और हेलीपैड के उपयोग, पार्टी का अस्थाई कार्यालय खोलने, व्हीकल परमिट, गाड़ियों में लाउडस्पीकर लगाने की परमिशन, उम्मीदवार और चुनाव एजेंट के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में वाहन की अनुमति समेत चुनावी कार्यक्रमों से जुड़ी विभिन्न अनुमतियां प्राप्त की सकती हैं।

**श्रद्धा**

### दिलों में संघर्ष, सेवा व सहयोग की प्रेरणा लिए मुबारिकपुर पहुंची डॉ. आस्था की पदयात्रा

# हर जगह लोगों का हुजूम, साथ को जुटे हजारों हाथ

**अनंत ज्ञान, ऊना**



डॉ. आस्था की पदयात्रा की मुंह बोलती तस्वीरें

दिलों में संघर्ष, सेवा और सहयोग की अनंत प्रेरणा लिए डॉ. आस्था और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पदयात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए दूसरे दिन मुबारिकपुर पहुंची। स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के जीवन पर्यंत समर्पण और उनके निस्वार्थ सेवा भाव के सम्मान को अर्पित इस पदयात्रा में हर जगह लोगों का हुजूम रहा, वहीं इस दौरान स्नेह और साथ देने के भाव से हजारों हाथ सहयोग में जुटे दिखे।

बता दें, डॉ. आस्था अपने पिता मुकेश अग्निहोत्री के साथ अपनी मां स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की आत्मिक शांति के साथ साथ सभी के लिए माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद लेने की मंगलकामना के साथ माता चिंतपूर्णी मंदिर के लिए पदयात्रा पर निकली हैं। शुक्रवार को आस्था कुंज गोंदपुर जयचंद हरोली से आरंभ हुई यह पदयात्रा पहले दिन रात्रि ठहराव क लिए खड्डु में रूकी थी। वहां से शनिवार प्रात: यात्रा आरंभ की तो बारिश-तूफान रास्ते की बाधा बन कर सामने थे। पर प्रो. सिम्मी की अधूरी इच्छा को पूरा करने के संकल्प को लेकर फौलादी इरादों से आगे बढ़ते कदमों को कोई बाधा नहीं रोक पाई। इस पदयात्रा में मुकेश अग्निहोत्री पिता के साथ साथ बेटी आस्था के लिए मां का फर्ज भी निभाते दिखे।

उन्होंने बेटी के पैरों में निकल आए छालों पर बड़े लाड से मरहम लगाया और हर बाधा को पीछे छोड़ बढ़ते चले जाने का हौंसला दिया।

### बेटी के संकल्प में सहयोगी होकर चल रहा हूं साथ : मुकेश अग्निहोत्री

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वे बेटी के संकल्प में सहयोग करने की भावना से उनके साथ पदयात्रा में चल रहे हैं। यह आस्था का जज्बा और हिम्मत ही है कि वे अपनी मां के लिए इस तरह की पदयात्रा पर निकली हैं। इस कठिन समय में जनता का जिस प्रकार का स्नेह और साथ हमें मिल रहा है, उसके लिए जितना आभार जताएं कम होगा। यह पदयात्रा प्रो. सिम्मी के समर्पण और उनके निस्वार्थ सेवा भाव के सम्मान की यात्रा है। बता दें, प्रो. सिम्मी अपने पति प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की चुनावी जीत पर हर बार माता चिंतपूर्णी की पदयात्रा करती थीं। उन्होंने पांच बार नंगे पांव यह पदयात्रा की थी। इस बार भी वे पति की चुनावी जीत के बाद माता चिंतपूर्णी के मंदिर नंगे पांव माथा टेकने पहुंची थीं। इस वर्ष भी 12 फरवरी को घर पर माता रानी का जागरण रखा हुआ था परंतु जागरण से पहले ही वो हमें छोड़ कर चले गई।

### डॉ. आस्था बोलीं- ये हमारे लिए भावुक पल, जनता का प्यार बना है संबल

**डॉ.** आस्था ने कहा कि यह पदयात्रा उनके और उनके पिता के लिए भावुक पल है। पहले उन्होंने मां सिम्मी अग्निहोत्री के साथ यह पदयात्रा की थी। अब मां का शरीर तो साथ नहीं हैं पर उनका आशीर्वाद और प्रेरणा निरंतर साथ है। यही उनका बल है। इस समय में जनता का अथाह प्यार उनका संबल बना है।

### कल माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन के साथ संपन्न होगी पदयात्रा

**पदयात्रा** के दूसरे दिन डॉ. आस्था अपने पिता मुकेश अग्निहोत्री तथा स्वेच्छा से बड़ी तादाद में साथ चले लोगों के संग भदसाली, ईसपुर, पंडोगा,पंजावर,नगनोली, गुग्लैहड़, बढेडा राजपूतां, जाडला, लोहारली, चरूडू और अंब से होते हुए मुबारकपुर पहुंचीं। यात्रा में हर आमोखास के साथ साथ चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जिला ऊना कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, ऊना यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राधव ठाकुर समेत राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की अनेक हस्तियां भी शामिल हुई। यह पदयात्रा रविवार को सुबह मुबारकपुर से आरंभ होकर माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन के साथ संपन्न होगी।

"आपकी सफलता का रहस्य आपके दैनिक एजेंडे से निर्धारित होता है।" -जॉन सी मैक्सवेल



संपादकीय

# कांग्रेस में गहराता वित्तीय संकट

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी देश की सबसे पुरानी और कभी सबसे बड़ी पार्टी रही कांग्रेस आज एक नहीं, बल्कि कई मोर्चों पर जूझ रही है। एक दिन पूर्व ही आयकर विभाग ने पार्टी को एक बहुत बड़ा झटका दिया है। विभाग ने पार्टी को 1823 करोड़ रुपए का रिकवरी नोटिस जारी किया है। यह नोटिस वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए है। आयकर विभाग ने कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस के कई बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। जाहिर सी बात है कि लोकसभा चुनाव के समय आयकर विभाग की यह कार्रवाई किसी न किसी राजनीतिक मंशा के तहत की गई है। विभाग की कार्रवाई का मकसद कहीं न कहीं कांग्रेस को आर्थिक तौर पर कमजोर करना है। विभाग के इस कदम से वर्तमान में कई मोर्चों पर जूझ रही देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए चुनाव में अब वित्त का प्रबंध करना भी एक बड़ी चुनौती रहेगी। केंद्र की एनडीए सरकार ने आयकर विभाग के जरिए आर्थिक तौर पर कांग्रेस पार्टी की कमर बुरी तरह तोड़ दी है। जब राष्ट्रीय स्तर पर किसी पार्टी के साथ ऐसा किया जाता है तो निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक जो संदेश पहुंचता है, उसमें जीत का उत्साह तो रह ही नहीं जाता।

कभी पार्टी की जीत का दम भरने वाले कई नेता और कार्यकर्ता अब कांग्रेस की जीत को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। इन्हें विश्वास ही नहीं है कि वे कांग्रेस की टिकट पर जीत पाएंगे। पार्टी पर विश्वास के अलावा कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक बहुत बड़ा डर भी सता रहा है और यह डर है सरकारी जांच एजेंसियों का। कांग्रेस नेताओं को हर पल यह डर रहता है कि कहीं उनके आवास या अन्य ठिकानों पर ईडी या सीबीआई का छापा न पड़ जाए। कई नेता इसी खौफ के चलते पार्टी बदल चुके हैं और कई बदलने को तैयार बैठे हैं। इन नेताओं का मानना है कि कांग्रेस में रहेंगे तो आज न तो कल उन पर ईडी और सीबीआई का छापा पड़ ही जाएगा, वहीं अगर पार्टी बदल लेते हैं तो उनके सारे पाप धुल जाएंगे।


कांग्रेस में चल रही गुटबाजी भी इस पार्टी के लिए सिरदर्द बना हुआ है। गुटबाजी से जूझ रही कांग्रेस क्या भाजपा का मुकाबला कर पाएगी? यह सवाल आमजन के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी परेशान किए हुए है। कांग्रेस के भविष्य के प्रति चिंतित तमाम नेता आत्मचिंतन की बात अनेक बार उठा चुके हैं। उनकी बातों पर पार्टी का ध्यान क्यों नहीं जाता यह भी गंभीर विषय है। कभी देश के करीब हर राज्य में सत्ता में रहने वाली यह पार्टी आज महज एक-दो राज्यों तक सिमट कर रह गई है।

कांग्रेस की आज जो स्थिति है, उसके लिए पार्टी कहीं न कहीं स्वयं ही जिम्मेदार है। पिछले दस सालों में ऐसे कई मुद्दे आए, जिन पर जनता को साथ लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकती थी। जनता की नब्ज पहचान कर उनका भला करने की नीयत से कई ऐसे काम कर सकती थी, जिनकी वजह से उसकी लोकप्रियता कुछ हद तक ही सही वापस हासिल हो सकती थी, लेकिन पूरे दस साल तक कुंभकरणी नींद सोयी रहने के बाद अब यह पार्टी भारत जोड़ो, न्याय यात्रा और गठबंधन के सहारे केंद्र में सत्तासीन होने की आस लगाए बैठी है। पर सवाल यह है कि अपने ही नेताओं और कार्यकर्ताओं का विश्वास खो चुकी कांग्रेस क्या जनता का विश्वास जीत पाएगी? क्या देश की जनता को सचमुच इस पार्टी पर आज भी विश्वास है? पिछले दो लोकसभा चुनावों के परिणामों को देखकर तो ऐसा नहीं लग रहा कि इस बार भी कांग्रेस के लिए केंद्र की राह आसान होगी। एक दशक से केंद्र की कुर्सी पर कब्जा जमाए बैठी पार्टी इस बार भी धन, बल और कूटनीति के मोर्चे पर कांग्रेस से कई कदम आगे दिख रही है। खैर, राजनीति में किसके जीत का सेहरा बंधेगा, यह भविष्यबाणी करना आसान नहीं है, क्योंकि जनता के मन में क्या है, यह तो वो ही जानती है।

# लोकतंत्र के महापर्व में संवाद की शालीनता अपरिहार्य

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं, लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं, लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उत्तप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, संप्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे।

संहिता में राजनीतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है। शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था 'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि 'शब्द की मार बड़ी है।' शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, 'हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।' मन का अनुशासन जरूरी है।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

अनुशासित मन से सुंदर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, 'मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा, सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है। सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्मांड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अंड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अंड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा।

वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अंड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खंड 1-4) में कहा गया है, 'हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।' वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी संपूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है। ऋग्वेद में वाणी का सुंदर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यंती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है।

शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है, लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं। प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, 'सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी।' दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिंग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिंग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छांदोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है, लेकिन वाणी की शक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। 2024 के महासमर में सुंदर वाणी का प्रयोग जरूरी है, लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने-सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, 'मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं।' आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परंपरा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कंगना रनौत के लिए आसान नहीं चुनावी पारी

हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। भाजपा ने यहां से बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत को टिकट दी है, तो वहीं कांग्रेस की ओर से प्रतिभा सिंह ने हाईकमान के कहने पर चुनाव लड़ने के लिए एक तरह से अपनी रजामंदी दे दी है। ऐसे में यहां राजघराने की रानी और फिल्मी रानी में होने वाला मुकाबला काफी रोचक बन गया है।

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पांचवीं सूची में लोकसभा के और उम्मीदवारों के नाम जारी किए, जिनमें कंगना रनौत का नाम भी शामिल था। प्रतिभा सिंह जहां राजघराने से संबंध रखती हैं और उनका राजनीतिक कद भी काफी बड़ा है तो वहीं कंगना रनौत अपने बेबाक अंदाज और देश के प्रति अपने प्रेम को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। वह मंडी की स्थायी निवासी भी हैं। उनका मनाली में भी घर है। हो सकता है मंडी में शहर के लोग, जो बरसों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट डाल रहे हैं, उन्हें अभिनेत्री होने का लाभ न दें, लेकिन पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा कंगना को मत दे सकते हैं। दूसरी ओर स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के प्रदेशवासियों के लिए किए कामों और प्रतिभा सिंह के राजनीतिक कद के कारण छोटी काशी में कड़ा मुकाबला होने वाला है। कंगना जहां अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं, तो प्रतिभा सिंह कूटनीति के लिए। वह एक ऐसे परिवार से संबंध रखती हैं, जिसका हिमाचल के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। चुनाव का गणित अलग होता है और यहां जमीन से जुड़े रहकर काम करना होता है। ज्यादातर देखा यही गया है कि बहुत ही कम फिल्मी सितारे चुनाव जीत पाते हैं और जीत भी जाते हैं तो लोगों के बीच कम ही नजर आते हैं।



लेखक : हरजीव कुमार
अनंत ज्ञान समाचार पत्र

ऐसे में क्या हिंदी सिनेमा की क्वीन यह सब कर पाएंगी? क्योंकि कंगना रनौत अचानक पार्टी में आई हैं, संगठन में में उनके स्वागत को लेकर सबकी एक राय नहीं है। कंगना को मंडी संसदीय क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत दुर्गम जगहों पर भी जाना पड़ेगा। क्या इसके लिए यह तैयार है, यह भी एक बड़ा सवाल है। बहरहाल, मंडी संसदीय सीट पर दो रानियों के बीच होने वाला मुकाबला काफी रोचक नजर आ रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## सहेज लूं खुशियों के पल



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

**सोचती** हूं मिटा दूं जिंदगी से
तमाम सारी नफरतें
गमों को दरकिनार कर
प्यार से रहें सब मिलजुलकर
सहेज लूं खुशियों के पल
मुश्किलें हैं आती-जाती
समय की है धारा बहती
आज गम है तो खुशी है कल
सहेज लूं खुशियों के पल
औरों की खुशियों में जो
हमेशा अपनी खुशी देखें
जिंदगी से उसकी गम जाते निकल
सहेज लूं खुशियों के पल
ऐसे मोड़ भी जिंदगी में आए
जब पांव थे मेरे डगमगाए
पर हर मोड़ पर हुई मैं सफल
सहेज लूं खुशियों के पल।

# छात्रों को अन्य विषयों के साथ-साथ म्यूजिक की शिक्षा हर पाठशाला में दिलाई जाए

हमारी संस्कृति और संगीत दोनों ही लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके हैं, जो कि एक दिल के तारों को झंझोर कर रख देती है। आज हमें भारतीय होने का तो गर्व है, परंतु जब हमारी संस्कृति और संगीत और सभ्यता ही कायम नहीं रहेगी, तो हम कैसे भारतीय होने पर गर्व महसूस करेंगे। आज हम पाश्चात्य सभ्यता पर चल रहे हैं। आज हम सभी को भी संगीत, संस्कृति और सभ्यता को कायम रखने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए तो वहीं, हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में प्रदेश सरकार को संगीत को प्रारंभिक शिक्षा से शुरुआत करने की भी परम आवश्यकता है।

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में किसी भी क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस अगर कोई दरकार और जरूरत है तो वह है उन तमाम युवाओं और छात्रों की प्रतिभा को निखारने और समाज के बीच लाने की, जिनके अंदर प्रतिभा तो बेशुमार है परंतु बेहतरीन मंच और आर्थिक अभाव में अपनी कला को दिखाने का सौभाग्य नहीं मिल पाता है। गांव के उन दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं और छात्रों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए आज प्रदेश सरकार का ध्यान ऐसे महत्वपूर्ण विषय की ओर अग्रसर करना चाहेंगे जो कि आने वाले भविष्य अर्थात छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, जैसे हमेशा देखने व सुनने को मिलता है कि हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय प्रदेश और पहाड़ी कला संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रहने वाले हिमाचल प्रदेश में एक सबसे बड़ी चुनौती और समस्या यह भी है कि यहां पर अभी तक छात्रों को आर्टिस्ट अर्थात (संगीत) के क्षेत्र में पाठ्यक्रम लागू नहीं किया गया है, जबकि हमेशा जनता और सरकार की अपेक्षा रहती है कि हिमाचल प्रदेश में अच्छे गायक उपलब्ध हों, परंतु यह सब तभी संभव हो पाएगा, जब छात्रों को अन्य विषयों के साथ-साथ म्यूजिक की भी शिक्षा हर पाठशाला में दिलाई जाए।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के अंदर गायन के क्षेत्र में गजब की प्रतिभा देखने को मिलती हैं, वह भी बिना किसी वाद्ययंत्र और म्यूजिक वातावरण के, तो अगर प्रदेश सरकार भविष्य में छात्रों को स्कूलों में म्यूजिक का सब्जेक्ट पाठ्यक्रम में शामिल करती है तो निसंदेह भविष्य में हिमाचल प्रदेश में सैकड़ों बेहतरीन कलाकार और गायक उपलब्ध हो सकते हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से अलग-अलग भाषाओं और विधाओं में परिपक्व बनकर अपने प्रदेश व देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित करवा सकते हैं। अगर भविष्य में सकारात्मक बदलाव और परिवर्तन इस क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश सरकार करने का प्रयास करती है तो आज कलाकारों के लिए नाम के साथ-साथ सोशल मीडिया और कार्यक्रमों के माध्यम से आर्थिकी रूप से भी मजबूत बन सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सत्ता की चाबी युवाओं के हाथ

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकसभा चुनाव में अब लगभग साफ हो गया है कि सत्ता की चाबी युवा मतदाताओं के हाथ में ही रहने वाली है। यह बात राजनीतिक दलों को भी समझ में आ गई है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को रिझाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल युवा मतदाताओं की मुखरता ही चुनाव परिणामों में परिलक्षित होती है। साफ है कि लोकसभा के पिछले दो चुनावों में युवा मतदाताओं का रुझान नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति रहा है।

हालांकि, मजे की बात यह है कि जिन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रही है, उन प्रदेशों के युवाओं ने क्षेत्रीय पार्टी को अधिक तरजीह दी है। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि युवा केवल भाजपा के साथ ही हैं, अपितु युवाओं का रुझान नेशनल और स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर अलग-अलग देखा जाता रहा है। हालांकि यह भी इंट्रेस्टिंग है कि कोई भी दल पिछले चुनावों में समग्र रूप से 50 फीसदी मत का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं। दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी लाख जतन के बावजूद 33 प्रतिशत मतदाताओं को हम मतदान केंद्र तक ले जाने में सफल नहीं हो पाए हैं।

तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि साक्षरता से भी इसका कोई सीधा संबंध इस मायने में नहीं है कि बिहार की साक्षरता दर बढ़ने के बावजूद मतदान प्रतिशत में दो फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह तो एक मिसाल मात्र है, पर दो बातें साफ हो जाती हैं कि युवा और महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति पहल की है और इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाओं और युवाओं के अधिक वोट भाजपा को मिले हैं।

जहां तक दुनिया के देशों के लोकतंत्र की बात है इंडोनेशिया में जितने कुल मतदाता हैं, उससे ज्यादा मतदाता तो हमारे यहां 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं। फिर 26 से 35 वर्ग के मतदाता भी युवाओं की श्रेणी में ही आते हैं। दुनिया के चार सबसे बड़े मतदाता वाले देशों के कुल मतदाताओं से भी अधिक मतदाता हमारे देश में हैं। इस साल 18वीं लोकसभा के लिए 98.6 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय यूनियन में 40 करोड़, इंडोनेशिया में 20.4 करोड़, अमेरिका में 16 करोड़ और पाकिस्तान में 12.8 करोड़ मतदाता हैं। खैर यह तो अलग बात हुई, पर लोकसभा के पिछले दो चुनावों के परिणामों से साफ हो गया है कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि युवाओं और महिलाओं का यह भरोसा ही नई सरकार खासतौर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूती प्रदान करने में अधिक रहा। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 82 लाख नए मतदाता हैं तो 47.15 महिला मतदाता व 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 17वीं लोकसभा के चुनावों में जहां करीब 1.5 करोड़ नए मतदाता या पहली बार मतदान, वहीं 18वीं लोकसभा के चुनावों में 1.82 करोड़ नए मतदाता पहली बार मताधिकार का उपयोग करेंगे।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दूसरी ओर गत लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं को दो हिस्सों 18 से 25 वर्ष व 26 से 35 वर्ष के दो वर्गों में युवाओं को बांटते हुए मतदान प्रतिशत का विश्लेषण किया गया और मजे की बात यह कि युवाओं के दोनों ही वर्ग के युवाओं ने भाजपा को कांग्रेस की तुलना में बड़े अंतर से पसंद किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवाओं ने भरतीय जनता पार्टी को वोट दिए, वहीं 26 से 35 आयु वर्ग के 46 फीसदी युवा मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया। मजे की बात यह है कि दोनों ही आयु वर्ग के मतदाताओं में 26-26 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया, तो 28 से 30 प्रतिशत तक युवाओं का भरोसा अन्य दलों पर रहा, पर कांग्रेस और भाजपा के बीच युवाओं के भरोसे का अंतर कोई छोटा-मोटा नहीं बड़ा अंतर रहा है और यही कारण रहा कि भाजपा या यों कहें कि नरेंद्र मोदी अधिक मजबूत होकर उभरे।

2019 के मत रुझानों से यहां यह बात भी साफ हो जानी चाहिए, चाहे युवा हो या महिला या नए मतदाता, तीनों ही श्रेणी में कांग्रेस की तुलना में बीजेपी को अधिक समर्थन मिला है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि 2024 का चुनाव जिसका बिगुल बज चुका है और पहले चरण के लिए नामांकन का काम पूरा हो गया है और दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रगति पर है, ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल हो उसे युवाओं-महिलाओं को केंद्रित चुनाव कैंपेन चलाना ही होगा। चुनाव घोषणा पत्रों में इस तरह के एजेंडे रखने होंगे, जिससे युवा मतदाता प्रभावित हो सके। भाजपा जहां 370 और 400 पार की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस और कहने को तो इंडी, क्योंकि अभी इनमें आपसी तालमेल पूरी तरह से नहीं बैठा है, वह भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टियां पिछले कुछ सालों से लगातार अपना जनाधार खोते हुए हाशिये पर जा रही हैं, ऐसे में भाजपा या नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना किसी दिवास्वप्न से अधिक नहीं लग रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अवैध खनन के गोरखधंधे से बढ़ रहा जनता पर कर्ज का बोझ

कीचड़ पर पत्थर मारने से उसके कुछेक छींटे अपने दामन को भी दागदार करते हैं। यह बात नेताओं को स्मरण रखने की जरूरत है। राज्यसभा सीट भाजपा की झोली में डालने वाले तीन वागी विधायकों के स्टोन क्रशरों के खिलाफ सुख की सरकार द्वारा अब कार्रवाई किए जाने से कई सवाल उठते हैं? हिमाचल में आई भयंकर बाढ़ का जिम्मेदार प्रदेश सरकार ने अवैध खनन माना है।

सच बात यही है कि अवैध खनन कारण ही सैकड़ों लोगों को बेमौत मरना पड़ा। आपदा का आकलन करना भी सरकार के लिए उस समय भारी पड़ गया, जब मंत्री और विधायकों के तर्क-वितर्क आना शुरू हुए थे। मकान, पशुशालाएं, सड़कें, पुल, रेलमार्ग तक इस बाढ़ में तहस-नहस होकर जनता के लिए मुसीबत का कारण बने। सुख की सरकार ने पूर्व सरकार पर अवैध खनन किए जाने को लेकर उस पर 100 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप जड़ा था। आखिरकार कौन सी प्रदेश सरकार प्रकृति प्रेमी रही, इसका जनता को मंथन करना चाहिए। व्यास नदी किनारे जिला कांगड़ा की जद में आने वाले कई स्टोन क्रशरों का संचालन सरकार ने बंद करके क्रोधित जनता के गुस्से को फिलहाल शांत किए जाने का काम किया था। स्टोन क्रशरों के अधिकतर मालिक जनता द्वारा चुने गए नेता और उनके सगे-संबंधी हों तो प्रकृति प्रेम का दिखावा करना भी एक ढोंग लगता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू जनसभाओं में आह्वान कर रहे कुछेक वागी विधायक अवैध खनन माफिया में संलिप्त हैं, इसलिए ऐसी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

प्राकृतिक आपदा उपरांत सुख की सरकार केंद्र सरकार पर लगातार आरोप लगा रही है कि उन्हें कोई राहत राशि नहीं मिली है। नेताओं के स्टोन क्रशर हिमाचल प्रदेश में तबाही मचाएं और केंद्र सरकार फिर आर्थिक पैकेज क्या जारी कर सकती है। हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर बाढ़ के जिम्मेदार अधिकतर नेत जिनसे इसकी भरपाई होनी चाहिए। राजनीति की आड़ में माननियों ने किस तरह खड्ड, नालों का सीना चीरकर अवैध खनन जरिए प्रकृति से खिलवाड़ किया, जो शर्मनाक है। एक वागी विधायक ने मीडिया को दिए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री के भाई को स्टोन क्रशर का मालिक बताकर उन पर कई संगीन आरोप जड़े हैं।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कितनी अजीब बात है जो दर्द देते हैं, वही मलहम लगाकर जनता से तालियां बटोरते हैं। सुख की सरकार प्राकृतिक आपदा में बेघर हुए लोगों को सात लाख रुपए राहत राशि देकर पूर्व भाजपा सरकार को जनहित विरोधी करार दे रही है। नेताओं ने अवैध खनन को व्यवसाय का मुख्य धंधा न बनाया होता तो प्रदेश में इतनी तबाही नहीं आती और न बेघर लोगों को राहत राशि वितरित करनी पड़ती। अवैध खनन के गोरखधंधे में प्रदेश की जनता पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा और नेता अपनी तिजोरियां भरने में लगे हैं। कुछेक पंचायतें अपने सगे संबंधियों को उक्त राशि वितरित किए जाने में मशगूल हैं।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हिमाचल प्रदेश को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से मजबूत बनाए जाने के प्रयास भी सरकार लगातार कर रही है। पर्यटन को विकसित बनाने के लिए नेताओं की ताजपोशी की जा रही है। जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने पर सुख की सरकार अपना फोकस बनाए हुए है। धार्मिक स्थलों को बस सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। हिमाचल प्रदेश से अयोध्या के लिए बसों का संचालन होना धार्मिक पर्यटन को बढ़ाएगा। मौसम में अचानक बदलाव आने से पहाड़ी राज्यों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा कि यूरोपीय देशों में ज्यादा गर्मी पड़ने का असर अब दक्षिण देशों पर पड़ना शुरू हो चुका है। इन देशों में आसमान पर घने बादलों ने इस कदर डेरा जमा रखा है कि वह कभी भी बरस कर जनता के लिए परेशानियां खड़ी कर सकते हैं।

आगामी भविष्य में पहाड़ी राज्यों की जनता की समस्याएं कम होने की बजाए बढ़ने के आसार ज्यादा लगते हैं, इसलिए सभी को एहतियात बरतने की जरूरत रहेगी। यही बजह है कि आजकल बारिशें बेमौसमी होकर आम आदमी का जीवन अस्त-व्यस्त करके फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। पहाड़ी राज्यों में अक्सर बादलों का फटकर लोगों के लिए मुसीबत बनना भी यही कारण है। धरती पर जब भी पाप बढ़ता है, उसका खामियाजा उल्टा जनता को ही भुगतना पड़ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदूषण** नियंत्रण के लिए नई दिशा की ओर बढ़ते हुए हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए आदर्श तकनीकी और नैतिक मूल्यों को मिलाने का संकल्प बनाना होगा। विशेषज्ञता के साथ हमें व्यक्तिगत संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग के साथ तकनीकी उपायों का अध्ययन करना होगा, ताकि हम एक प्रदूषण मुक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, 156 शहरों में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रही थी। इसमें तीन शहर थे जिनकी हवा बहुत खराब थी, जिसका मतलब है कि उन शहरों के एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से अधिक था। इसके अलावा, 21 अन्य शहरों की हवा की गुणवत्ता भी खराब श्रेणी में थी। प्रदूषण एक जटिल समस्या है जिसका समाधान विज्ञानिक दृष्टि से होना चाहिए, क्योंकि यह पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। इससे प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा हो रहे हैं। इससे वायुमंडल, जल और खाद्य में दूषित हो रहे हैं।

प्रदूषण का सीधा संबंध पकृति से मानते हैं, लेकिन यह सिर्फ किसी भी एक चीज को होने वाली हानि या नुकसान से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि उन सभी प्राकृतिक संसाधनों को खराब करने या व्यर्थ करने से है, जो हमें प्रकृति ने बड़े ही सौंदर्य के साथ सौंपे हैं। **-आश्वी शर्मा, नगरोटा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# होली–उतराला सड़क का काम शुरू, लोगों ने जताई खुशी

## संघर्ष समिति के सदस्यों ने मां लाके वाली मंदिर में किया हवन-यज्ञ

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली–उतराला सड़क का शुक्रवार को विधिवत पूजा–अर्चना के बाद काम शुरू कर दिया गया। इस मौके पर सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी व होली–उतराला संघर्ष समिति के सदस्यों ने मां लाके वाली माता के मंदिर में हवन यज्ञ व विधिवत पूजा–अर्चना की।

हवन यज्ञ के दौरान इस सड़क के निर्माण के दौरान कोई भी विघ्न बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए मां लाके वाली से कामना की गई। इस मौके पर यहां पर 20 पौधे दियार के रोपे गए। होली–उतराला संघर्ष समिति के अध्यक्ष गगन पटियाल ने कहा कि संपूर्ण विधिवत पूजा–अर्चना के बाद होली उतराला सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। इस सड़क का निर्माण बड़ी परियोजना के तहत किया जा रहा है। जिसका काम एमसीसी कंपनी को सौंपा गया है। हाल में सरकार ने इस सड़क के लिए 50 लाख से अधिक की राशि भी दी गई है। उतराला की ओर से 21 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो गया है।

> मौके पर यहां पर 20 दियार के पौधे भी रोपे गए

जबकि होली की तरफ से इस सड़क के निर्माण में तेजी लाने के लिए काफी धरने–प्रदर्शन व आंदोलन भी किए गए। गौरतलब है कि इस सड़क निर्माण के दौरान होली–उतराला सड़क की दूरी 250 किलोमीटर कम हो जाएगी। इस सड़क के निर्माण को लेकर वर्षों से लोग संघर्षरत रहे हैं। हाल में ही इस सड़क के निर्माण में तेजी लाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा एक संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। इस संघर्ष कमेटी ने गांव–गांव जाकर इस सड़क निर्माण के लिए जनमत भी जुटाया है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग की सुस्त कार्य प्रणाली को लेकर मौन प्रदर्शन व ज्ञापन भी सरकार और प्रशासन को सौंपे।

अब विधिवत पूजा–अर्चना के साथ ही इस सड़क का काम शुरू होने के साथ इलाके में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद यहां के लोगों को कांगड़ा जाने के लिए अढ़ाई सौ किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। यहां के अधिकतर लोग जिला कांगड़ा में सर्दी में पलायन कर जाते हैं। लिहाजा सड़क निर्माण होने के बाद यहां के सूने पड़े गांव व आंगन एक बार फिर हरे भरे हो जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम डलहौजी को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विधायक डीएस ठाकुर व अन्य।

**डलहौजी।** विधायक डीएस ठाकुर ने शनिवार को जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय डलहौजी को भटियात के चुवाड़ी में स्थानांतरित न करने के संदर्भ में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जनता के साथ एसडीएम डलहौजी को ज्ञापन सौंपा। बताते चलें कि हाल ही में इस कार्यालय को डलहौजी से चुवाड़ी स्थानांतरित करने की अधिसूचना प्रदेश सरकार की ओर से जारी हुई थी जिसको लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने भटियात दौरे के दौरान जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय डलहौजी को चुवाड़ी में स्थानांतरित न करने की घोषणा की थी मगर सरकार की ओर से इसकी अभी तक कोई भी आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। प्रदेश सरकार के इस फैसले को लेकर क्षेत्र की जनता में रोष व्याप्त है।

### बारिश से फसलों का हुआ नुकसान

**चंबा।** जिला में शुक्रवार दोपहर बाद हुई बारिश से कई स्थलों पर काफी नुकसान हुआ है। एक ओर जहां किसानों की फसल तबाह हो गई तो वहीं दूसरी ओर जगह-जगह पेड़ गिरे दिखाई दिए। विभिन्न जगह पेड़ों के गिरने से बिजली की तारें टूट गई जिससे कई जगह बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। हालांकि शुक्रवार सुबह मौसम सामान्य होने के चलते लोग रोजमर्रा की तरह अपने कार्य से जिला मुख्यालय पहुंचे, लेकिन एक बार फिर मौसम के मिजाज बिगड़े और बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी और आंधी तूफान आरंभ हो गया। तूफान से विभिन्न जगह पेड़ और खंभे आदि भी गिरे। जिससे एक तरफ जहां रास्ते बाधित हुए तो वहीं दूसरी ओर तारें टूट जाने बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप्प रही। फिलहाल कहीं से भी किसी जान-माल नुकसान होने की सूचना तो नहीं है, लेकिन बारिश से निजी संपत्ति कुछ हद तक नुकसान अवश्य हुआ है।

### भुरु नाग मंदिर में विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

**डलहौजी।** श्री राम महायज्ञ श्रीराम कथा आयोजन के तीसरे दिन भुरु नाग देवता मंदिर में शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु एवं राम भक्तों का तांता लगा रहा। शनिवार को इस आयोजन में विशेष रूप से सामूहिक विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया गया। इस दौरान भक्तों ने भक्ति रस में डूब कर अपने आप को कृतार्थ किया।

### शनिदेव मंदिर में भक्तों ने टेका माथा

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड मे स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकडों भक्तों ने शीश नवाया। मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा के बारे में बताया। पुजारी ने बताया कि सत्य, अहिंसा व नेकी की राह पर चलने वाले भक्तों पर सदैव शनिदेव की दृष्टि बनी रहती है। जबकि लोभी व हिंसा के शिकार मनुष्य शनि प्रकोप दृष्टि का शिकार होते है। इसलिए हे भक्तों शनिदेव महिमा पाठ में बताई गई घटनाओं से सबक लेते हुए अपने जीवन में अच्छाई एवं नेकी के मार्ग का अनुसरण करे। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से दिनभर भक्तों का आने-जाने का सिलसिला देर शाम भगवान शनिदेव की आरती तक चलता रहा।

### गढ़गांव स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतरीन

**मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में शनिवार को सत्र 2023 -24 का पाठशाला प्रबंधन समिति की अंतिम आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में पाठशाला प्रभारी अध्यापक प्यार चंद सकलानी ने उपस्थित एसएमसी के प्रधान, सदस्यों और अभिभावकों सहित बच्चों का स्वागत करते हुए कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जोकि शत-प्रतिशत रहा। इसके साथ बच्चों को पूरे वर्ष भर की उपलब्धि स्तर को रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से अभिभावकों को अवगत करवाया गया और प्रगति रिपोर्ट कार्ड वितरण किए गए। इसके अतिरिक्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की गई।

### सुंदरनगर में मनाया राष्ट्रीय पेंसिल दिवस

**सुंदरनगर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स चैप्टर के सौजन्य से आर्किटेक्चर विभाग पॉलिटेक्निक सुंदरनगर के सहयोग से राज्य की महिला आर्किटेक्ट्स के योगदान के प्रति समर्पण के रूप में राष्ट्रीय पेंसिल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वास्तुकार नंद लाल चंदेल, अध्यक्ष आईआईए एचपी चैप्टर के नेतृत्व में हेरिटेज वॉक से हुई, जिसमें लगभग 200 आर्किटेक्ट, छात्र और अन्य हितधारक समान ड्रेस कोड में शामिल हुए और वास्तुकला विरासत और भूमिका और महत्व के महत्व के बारे में आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए। वास्तुकार एनआईटी हमीरपुर की सहायक प्रोफेसर अमनजीत कौर ने पहाड़ी क्षेत्रों की विरासत और पहचान को समझना विषय पर मुख्य भाषण दिया। उन्होंने पहाड़ी वास्तुकला के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि पहाड़ी क्षेत्रों को विकसित करने और हिमाचल प्रदेश राज्य में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए वास्तुकारों की सेवाएं ली जानी चाहिए, ताकि जगह की स्थलाकृति का सम्मान किया जा सके। स्पॉट प्रतियोगिता जीतने वाले विद्यार्थियों को वास्तुकार नंदलाल चंदेल चैप्टर चेयरमैन आईआईए एचपी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदर्शित छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# प्रधान एसोसिएशन ने मनरेगा कार्यों को लेकर सौंपा ज्ञापन



डीसी मुकेश रेसपपाल को ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रधान ब्लॉक एसोसिएशन चंबा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

प्रधान ब्लॉक एसोसिएशन चंबा द्वारा पंचायतों के रुके हुए मनरेगा के कार्यों को लेकर एसोसिएशन प्रधान देसराज शर्मा की अगुआई में उपायुक्त चंबा मुकेश रेसपपाल को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन प्रधान देसराज शर्मा ने बताया कि मनरेगा के तहत वार्षिक कार्य अवधि 31 मार्च तक होती है। ऐसे में विकास खंड चंबा में मनरेगा कार्य अभी रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में अगर यह मंजूर कार्य शुरू नहीं होते हैं तो अप्रैल माह में मनरेगा का नया शेल्फ शुरू होने से पूर्व के कार्यों की राशि लैप्स हो जाएगी। उपायुक्त ने एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस दिशा में खंड विकास अधिकारी चंबा से बातचीत कर इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।ताकि विकास खंड चंबा के अधीन पंचायतों में मनरेगा के तहत मंजूर कार्य की राशि लैप्स न हो और पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्य परवान चढ़ सकें। इस मौके पर विभिन्न पंचायत प्रधानों व प्रतिनिधियों सहित एसोसिएशन पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# चंबा के साहिल का एनसीए क्रिकेट कैंप के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा जिला के क्रिकेट खिलाड़ी साहिल शर्मा का चयन एनसीए क्रिकेट शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर अप्रैल में पुडुचेरी में आयोजित किया जाएगा। साहिल चंबा जिला के उपमंडल सलूणी निवासी हैं। साहिल ने हिमाचल की टीम से अंडर–19 प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया था।



वहीं, इंडिया की टीम–बी में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। अपने लगातार बेहतर प्रदर्शन की बदौलत साहिल शर्मा ने चंबा जिला सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं, चंबा शहर के ओबड़ी मोहल्ला निवासी एवं क्रिकेटर काशिका ठाकुर का चयन जेडसीए शिविर के लिए हुआ है। काशिका ने अंडर–19 प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम से भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। इसकी बदौलत उनका चयन जेडसीए शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर पहले हिमाचल व बाद में गुजरात में चलेगा। उक्त दोनों खिलाड़ियों के चयनित होने पर जिला चंबा क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों मनुज शर्मा, अमित कुमार, संजय पराशर, याकूब, हमीद, किशन, हरमीत, गौरव, कुलदीप, विनोद, सुनील, मिथुन ठाकुर, अंतरिक्ष, साहिल के पिता केहरो व काशिका के पिता अशोक ठाकुर ने शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिला में खुशी का माहौल है।

# गाड़ी से10.56 ग्राम चिट्टा बरामद

**डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के दल ने एनएच 154 ए पर स्थित गांव लाहड़ में शनिवार सुबह नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान पठानकोट से आ रही गाड़ी को रोका गया तो उसमें सवार चार युवक घबरा गए। पुलिस ने जब उन चारों व गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के अंदर से कुल 10.56 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने तुरंत चारों आरोपी युवकों को हिरासत में लेकर चारों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान गौरव, अविनाश, बंटी एवं राहुल के रूप में हुई है। ये चारों युवक डलहौजी क्षेत्र से संबंध रखने वाले हैं। इस मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि इन चारों आरोपी युवकों को अदालत में पेश किया जाएगा।

# धरवाला बाजार में जाम हुआ आम

## हर रोज लोगों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर के धरवाला में शनिवार को लगा जाम।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के धरवाला में गाड़ियों का जाम आम हो गया है। यहां पर सुबह शाम जाम लगने के कारण यहां से गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । यही नहीं जाम के कारण राहगीरों के साथ–साथ स्कूल के बच्चों को भी आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन जाम इतना भारी लग रहा है कि जाम के बीच में गुजरना हर किसी के लिए टेडी खीर साबित हो रहा है। यहां पर तंग बाजार व पार्किंग न होने की वजह से आए दिन सुबह शाम भारी जाम लग रहा है। जाम के कारण हर रोज घंटों जाम लगने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम को खोलने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोगों को हर रोज काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस चौकी गैहरा की ओर से भी यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक कर्मचारी की नियुक्त किया है। बावजूद इसके यहां पर आए दिन भारी जाम लग रहा है। भारी जाम के कारण यहां के दुकानदारों को भी काफी परेशानियां आ रही है। स्थानीय लोगों में सुभाष कुमार, राकेश कुमार, कवि, रवि शर्मा, सुरेश कुमार ,चैन लाल, राजूराम ने कहां है कि यहां पर हर रोज लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि यहां पर तंग मोड को खुला करके इस समस्या का समय रहते हल किया जाए। लोगों ने प्रशासन व सरकार से समाधान करने की गुहार लगाई है।

### सड़क की दशा सुधारने की मांग

**मंडी।** मंडी–रिवालसर रोड को चौड़ा करने का कार्य हर रोज आवाजाही करने वाले वाहन राहगीरों के लिए आफत बन गया है। अनेक स्थानों पर दोपहिया वाहन वालों को बहुत ही ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है जबकि छोटे वाहनों को भी परेशानी हो रही है। इस स्थान पर सड़क किनारे मिट्टी व पत्थर होने के चलते लंबा–लंबा जाम भी लग रहा है या पास देने के लिए भारी असुविधा हो रही है। राम सिंह, विनोद, रीना देवी व रिंकू ने सरकार से मांग की है कि यहां पर सड़क सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जाएं ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# ड्रीम इलेवन से जीती राशि से घर बनाने का सपना पूरा करेंगे प्रदीप

**एमएम डैनियल, चंबा**

भाग्य कब बदल जाए, कब किस्मत जाग जाए यह कहना बहुत मुश्किल है। ऐसा कुछ आलम इन दिनों जिला चंबा में देखने को मिल रहा है। गत तीन दिनों में ही ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट प्रतियोगिता में चंबा जिला के विभिन्न क्षेत्रों के तीन प्रतिभागियों ने करोड़ों की इनामी राशि अपने नाम कर एक रिकॉर्ड बना दिया है।

सर्वप्रथम पंचायत कीड़ी निवासी विपिन ठाकुर ने एक करोड़ पांच लाख, उसके बाद चुराह विस क्षेत्र निवासी अमर सिंह ने एक करोड़ और अब चंबा में कार्यरत हमीरपुर जिला के बड़सर क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने एक करोड़ रुपए की राशि जीती है। ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे विजेता रहे प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि वह जिला चंबा के पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में सिविल

> ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट की चौथी श्रेणी के बने विजेता



सप्लाई विभाग के मेडिसन स्टोर में बतौर फार्मास्टि प्रभारी के तौर पर कार्यरत है। जबकि वह हमीरपुर जिला के बड़सर विस क्षेत्र से ताल्लुक रखते है।

उन्होंने कहा कि ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट प्रतियोगिता में उन्होंने इसी सीजन से ऑनलाइन क्रिकेट खेलना आरंभ किया। उन्होंने बताया कि आईपीएल सीजन 2024 में वह पहली बार खेलते हुए 12वें मैच में आरसीबी बनाम केकेआर टीमों के मध्य मैच खेला गया। जिसमें उन्होंने आरसीबी टीम पर 59 रुपए का दाव लगाया। जिसमें सर्वप्रथम वह पहले पायदान पर रहे, लेकिन कुछ प्वाइंट के अंतर से वह चौथे पायदान पर एक मात्र प्रतिभागी के रूप रह गए। जिसके पश्चात कुछ पल के बाद उन्हें एक करोड़ रुपए बतौर इनाम राशि विजेता होने का संदेश प्राप्त हुआ। जिसे पढ़ने के पश्चात पहले तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ, लेकिन जब कंपनी की ओर पूर्ण रूप से कंफ्रेमेशन का संदेश आया तो विश्वास हुआ। जिसके बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि जब से होश संभाले है और नौकरी पेशे से जुड़े है तब से एक–एक पाई वह जोड़कर अपने मकान बनाने का सपना सदैव देखते आए है। जिसे वह अब ड्रीम इलेवन ऑनलाइन क्रिकेट प्रतियोगिता से अर्जित राशि से पूर्ण कर पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय स्कूल ने निकाला वार्षिक परीक्षा का परिणाम




भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा में छात्र को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा ने पांचवी से 11वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य भुवन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में निपुण होने के लिए प्रोत्साहित किया। कक्षा पांचवीं में पवन कुमार प्रथम, दिवांशी द्वितीय, मास्टर वरदान तृतीय रहे। आठवीं में ऐश्वर्या प्रथम, नितिन ठाकुर द्वितीय, आरुषि तृतीय जबकि नौवीं में वंशिका वर्मा प्रथम, खुशी गुप्ता द्वितीय, नवोदित व पलक तृतीय स्थान पर रहे। जबकि छठी व सातवीं कक्षा का परिणाम ग्रेडिंग सिस्टम से निकाल गया।

### कियाणी स्कूल के होनहार किए सम्मानित

**तीसा।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कियाणी में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा देवी ने बताया कि दस दौरान परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई दी।

## सूडोकु 0018 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0017 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

31 मार्च, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** षष्ठी(09:33) **: नक्षत्र :** ज्येष्ठा (10:57), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** व्यतिपात (09:51) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:50), राहुकाल (05:05 -06: 38)।

### विशेष दिन

- 31 मार्च 2024 को श्री एकनाथ षष्ठी।
- 1 अप्रैल 2024 को शीतला सप्तमी।

**मेष :** व्यापारिक कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। नवीन कार्यों पर विशेष प्रयास की आवश्यकता है। मित्रों के सहयोग से कुटुंब की समस्याएं हल होंगी।

**वृषभ:** अपनी प्रतिभा से परिवार का मान बढ़ाएंगे। साझेदारी में आपसी मनमुटाव के चलते व्यापार प्रभावित होगा। अकस्मात धन मिलेगा।

**मिथुन:** विचारों में सकारात्मकता लाएं। अच्छे लोगों से भेंट होगी, जो आपके हितचिंतक रहेंगे। क्रोध, उत्तेजना पर संयम रखें। संतान के विवाह की चिंता रहेगी।

**कर्क :** बुद्धि विवेक से रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान की तरक्की से खुश होंगे। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। सामाजिक लोगों के व्यवहार के कारण आप क्रोधित होंगे।

**सिंह :** अपनी आगामी योजनाओं को गुप्त रखें। कार्य की गति बढ़ेगी। कठिन कामों में सोच-समझकर ही हाथ डालें। भूमि, जायदाद के सौदों में लाभ होगा।

**कन्या :** आज इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिवार में तनाव रहेगा। आर्थिक स्थिति कष्टकारी होगी। नए संबंध लाभप्रद रहेंगे।

**तुला :** किसी विशेष कार्य के होने से हर्ष होगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा, व्यापारिक कार्यों से यात्रा संभव है। यात्रा सुखद, सुफलदायक रहेगी। किसी बड़े निवेश में हानि की आशंका है।

**वृश्चिक:** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नई योजनाएं पूर्ण होंगी। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें।महत्वपूर्ण कामों में हस्तक्षेप से नुकसान संभव है।

**धनु :** आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। कई आवश्यक अनुबंध होंगे। माता के स्वास्थ की चिंता रहेगी। व्यापार में अधिक लाभ प्राप्ति के योग हैं।

**मकर:** दिन की शुरुआत में कार्यों की अधिकता रहेगी। बहनों से मन मुटाव की स्थिति बनेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

**कुंभ :** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से मन मुटाव होगा। व्यवसाय में उन्नति होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। धर्म में रुचि बढ़ेगी।

**मीन :** यात्रा में अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसायिक कार्य सिद्धि होगी। नवीन व्यापार के प्रस्ताव मिलेंगे। वाहन खर्च बढ़ेगा। संतान के कार्यों से चिंता में वृद्धि हो सकती है।

**लोकसभा चुनाव** | मतदान केंद्र कुरांह में 'स्वीप' ने जागरूक किए लोग

# निष्पक्ष एवं निर्भय मतदान की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अनुभाग चंबा की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान स्वीप टीम द्वारा मिशन 414 के अंतर्गत मतदान केंद्र कुरांह–119, के मतदाताओं, गांववासियों, विद्यालयों के अध्यापकों, स्टाफ नव पंजीकृत मतदाताओं के लिए लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।

विधानसभा अनुभाग चंबा के स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि पिछले संसदीय चुनावों में उक्त मतदान केंद्र में कम मतदान प्रतिशत के कारणों और आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत में सुधार के लिए किए गए प्रयासों को जानने के लिए क्षेत्र का दौरा व जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।



कुरांह में आयोजित शिविर के दौरान स्वीप टीम व अन्य।

स्थानीयलोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, अध्यापकों, बुजुर्गों, महिलाओं, तथा युवाओं के साथ बातचीत की गई। आगामी लोकसभा चुनाव के तहत सभी उपस्थित लोगों विशेषकर देश के भावी कर्णधारों एवं युवाओं को मतदान संबंधी जागरूक किया गया। स्वीप टीम के सदस्य गुलशन पाल व डॉ. राजेश सहगल ने लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भय मतदान करने की शपथ दिलवाई । इस अवसर पर विद्यार्थियों व लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को नया वोट बनवाने, बने हुए वोट या पहचान पत्र में हुई त्रुटि को ठीक करने, वोट को कटवाने, वोट स्थानांतरण करवाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन, वीएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन वोट पंजीकरण की प्रक्रिया भी बताई गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मुख्य कड़ी जागरूक मतदाता है। मतदाता ही लोकतंत्र का मुख्य आधार हैं। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी, चंबा विधानसभा क्षेत्र प्रोफेसर अविनाश, टीम सदस्यों में गुलशन पाल, डॉ. राजेश सहगल, बूथ लेवल अधिकारी कुरांह मीना कुमारी, स्थानीय लोग, मतदाता उपस्थित रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश द्वारा स्थानीय लोगों से आगामी संसदीय चुनावों में मतदाता प्रतिशत में सुधार करने का आग्रह किया। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी चम्बा श्री अरुण शर्मा का आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए धन्यवाद दिया तथा जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल को क्षेत्र दौरे के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने के लिए धन्यवाद भी किया।

### 15 व्यापारियों के चालान काटे

**मंडी।** मंडी नगर निगम की टीम द्वारा शनिवार को महाशिवरात्रि मेला ग्राउंड पड्डल में दबिश देकर 15 लोगों के चालान काटे गए। नगर निगम द्वारा मेला ग्राउंड में लाउडस्पीकर के जरिए पत्राचार के जरिए वह मौखिक तौर पर बार–बार समझाया गया कि अपना कूड़ा कचरा अपनी दुकान से बाहर न फेंके व नगर निगम की तरफ से दिए गए डस्टबिन का इस्तेमाल करें। व्यापारियों ने इस बात को हलके में लिया और नियमों की अवहेलना कि जिस पर नगर निगम ने कार्रवाई की। सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि कूड़ा कचरा फैलाने की सबसे ज्यादा समस्या डूम के अंदर वाली साइट पर पाई गई क्योंकि अंदर वाले एरिया की साफ–सफाई का ठेका प्रशासन की तरफ से किसी और को दिया गया है। वे लोग सही तरीके से अपना काम नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से नगर निगम को परेशानी का सामना करना पड़ा जिस पर नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए चालान काटे।

# स्की-माउंटेनियरिंग ओपन चैंपियनशिप का आगाज, डीसी ने दिखाई हरी झंडी

## उत्तराखंड, भारतीय सेना व हिमाचल की टीमों के कुल 27 प्रतिभागी ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान, बंजार**



स्की -माउंटेनियरिंग ओपन चैंपियनशिप के शुभारंभ मौके पर प्रतिभागी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए।

कुल्लू जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसको विकसित करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग व जिभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के सयुंक्त तत्वावधान मे 'शोभला सराज' उत्सव के अंतर्गत शनिवार को जलोड़ी में भारी बर्फबारी के बीच स्की - माउंटेनियरिंग ओपन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

उपायुक्त तोरुल एस रविश ने हरी झंडी दिखा कर स्की - माउंटेनियरिंग ओपन चेम्पियनशिप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन विभाग के साथ जिले के अनछुए पर्यटन गंतव्य विकसित करने व साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि कुल्लू जिला अनेक के अनछुए पर्यटक स्थलों को विकसित करने की कड़ी में यह अपने आप सराहनीय प्रयास है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ मिलकर के इस राष्ट्रीय स्तर के स्की -माउंटेनियरिंग ओपन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड, भारतीय सेना, तथा हिमाचल की टीमों के 27 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

इसके साथ-साथ ही जीभी में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे यहां के संस्कृति एवं खान-पान से रूबरू होने का भी देश-विदेश के पर्यटकों को मौका मिलेगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा ने कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर की माउंटेनियरिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो कि हिमाचल में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसमें पर्यटन विभाग के साथ जीभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन, अभिमास मनाली के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज सायं इसी कड़ी में स्साथानीय महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्थानीय व्यंजनों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर इस अवसर पर एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, अभिमास मनाली के निदेशक अविनाश सहित अन्य मौजूद रहे।

## एसएसबी गुरिल्ला संघ की बैठक एक अप्रैल को

**कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संघ कुल्लू की मासिक बैठक एक अप्रैल को कुल्लू में होगी। बैठक में ऑल इंडिया गुरिल्ला संघ के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने बताया कि बैठक में गुरिल्ला केस जो सुप्रीम कोर्ट में लगा है और जिसकी लंबी बहस 16 अप्रैल को होनी है उसको लेकर विस्तृत चर्चा होगी और फाइनल रणनीति तैयार होगी।

## गगरेट से रजनी ने ठोंकी चुनावी ताल

**गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट से हो रहे विधानसभा उपचुनाव में जिला परिषद सदस्य रजनी चौधरी ने भी चुनावी ताल ठोंक दी है। रजनी चौधरी जिला परिषद वार्ड अंबोटा से जिला पार्षद चुनी गई हैं और गगरेट कांग्रेस में महिला के साथ साथ सशक्त ओबीसी चेहरा हैं। रजनी चौधरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट से पीछे पांच दशकों से अधिक समय से कोई भी महिला चेहरा कांग्रेस ने चुनाव में नहीं उतारा है। अगर कांग्रेस उन्हें इस चुनाव में मौका देती है तो यह महिलाओं के साथ साथ ओबीसी वर्ग का भी सम्मान होगा।

# भुंतर-मणिकर्ण मार्ग में ट्रैफिक जाम

## जरी-डुंखरा के पास बार बार धंस रही सड़क वाहन चालकों की बढ़ा रही परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



धंसी सड़क से मलबा हटाती मशीनरी।

धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मणिकर्ण को जोड़ने वाले भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर ट्रैफिक जाम इन दिनों आम बना हुआ है। हालात यह है कि इस सड़क मार्ग पर आपदा के दौरान भी जहां काफी नुकसान हुआ है और जरी-डुंखरा के पास बार बार सड़क धंसने से यातायात जहां प्रभावित हो रहा है वहीं, पर्यटकों सहित आम जनता को भी जाम के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बार बार सड़क धंसने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई रही हैं और कई लोगों को मजबूरन पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ रहा हैं। तीन दिन पहले यहां पर करीब 50-60 मीटर से अधिक क्षेत्र में सड़क पूरी तरह से धंसने के कारण करीब 15 घण्टों के बाद यह सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हुआ था।

वहीं, शनिवार को भी सुबह के समय बारिश के कारण इस मार्ग पर सड़क धंसने का खतरा बना रहा और जाम की समस्या से भी वाहन चालकों को काफी दिक्कतें पेश आई। वहीं, सड़क को समतल करने को लेकर कार्य चला हुआ है और मशीन यहां पर इस कार्य में लगी हुई है लेकिन हालात बहुत खराब हैं।गौरतलब है कि वर्ष 2023 में जून के महीने में जिला कुल्लू में आई तबाही के चलते यहां करीब दो सौ मीटर सड़क पूरी तरह से डैमेज हो गई थी और काफी हिस्सा पार्वती नदी में चला गया है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग ने यहां सड़क को जंगल के बीच से काफी ऊंचे स्थान से होकर ट्रैस निकालकर बनाया था लेकिन अब फिर से बिना बारिश के सड़क धंस जाने से वाहनों की आवाजाही को दिक्कतें झेलनी पड़ रही है।

जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया ने कहा है कि मणिकर्ण सड़क डुंखरा और जरी के बीच की हालत खराब है। यहां पर ट्रैफिक जाम के कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा व्यवस्था परिवर्तन हुआ है कि भुंतर से लेकर बरशैणी तक कम से कम 10 से 15 जगह रोड़ की बुरी हालत है। अगर इस मार्ग को सही तरीके से सुधारा नहीं गया तो आने वाली बरसात में सभी को मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। रेखा गुलेरिया ने कहा कि मनिकर्ण घाटी की प्रबुद्ध जनता के लिए खराब रोड़ चिंता का विषय बन गया है। क्यों कि इस रोड़ के लिए लगभग 78 करोड़ केंद्र से आया हैं तब भी काम नहीं हो रहा है।

# अब कांग्रेस में आ गए हैं स्वार्थी लोग : रवि

**कमलेश वर्मा, मनाली**



रवि ठाकुर के साथ गोविंद ठाकुर व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

भगवा का हाथ थामने के बाद और टिकट लेने के बाद पहली बार कुल्लू जिला पहुंचे पूर्व विधायक रवि ठाकुर का जहां पहले जिला भाजपा बजौरा से लेकर कुल्लू तक भव्य स्वागत हुआ था। वहीं, शनिवार को लाहौल स्पीति से भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का मनाली पहुंचने पर भाजपा मनाली मंडल की ओर से भी जोरदार स्वागत किया गया। मनाली मंडल सहित पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस से निष्कासित विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके कांग्रेस समर्थक भी भाजपा का दामन थामकर रवि को मजबूत बनाने में जुट गए हैं। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि कुल्लू मनाली में रह रहे लाहौल स्पीति के सभी लोग रवि ठाकुर की जीत सुनिश्चित करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा की सभी सीटें जीतने के साथ साथ प्रदेश में उप चुनावों की सभी सीटों में जीत हासिल करेगी।

भाजपा का टिकट मिलते ही रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखे हमले शुरू कर दिए हैं। भगवा चोला धारण करने के बाद पहली बार मनाली पहुंचे रवि ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार बचकाना तरीके से चल रही है। सरकार के कामकाज से वह संतुष्ट नही थे। राज्यसभा में ऐसा नेता थोप गया जिसने हिमाचल के हित से जुड़े वाटर सेस के खिला पैरवी की थी। इसको देखते हुए 13-14 विधायकों ने भाजपा के हर्ष महाजन को वोट देने का फैसला लिया था। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस एक आंदोलन को लेकर गठित की गई थी।

महात्मा गांधी एयर पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय पार्टी में जो आदर्श थे वह अब नही रहे। कुछ स्वार्थी लोग पार्टी में आ गए है। सरकार बचकाना तरीके से चल रही थी। उन्होंने कहा कि पार्टी गठन लोगों के हित की रक्षा के लिए किया जाता है। न कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए। वह पांच साल के लिए विधायक चुने गए थे लेकिन गलत आरोप लगाकर गलत तरीके से उन्हें निलंबित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### आपदा के आठ माह बाद भी नहीं सुधरी सड़क की हालत, वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

# पतलीकूहल-नग्गर पुल से आगे की सड़क की हालत खस्ता

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**





पतलीकूहल-नग्गर पुल से आगे की सड़क की खस्ता हालत की मुंह बालती तस्वीरें।

पतलीकूहल-नग्गर पुल से आगे की सड़क की हालत खस्ता हालत है, जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि आपदा के आठ महीने बीत जाने के बाद भी इस सड़क की हालत नहीं सुधरी है और विभाग भी आंखे मूंद कर बैठा है। इस कारण वाहन चालकों के लिए यह सड़क सिर दर्द बनी हुई है और चालक यहां पर हिचकोले खाने में विवश हैं। इस कारण इस सड़क में हमेशा ही बड़े हादसे का अंदेशा बना रहता है। बारिश के समय यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को और कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

गौर रहे कि पिछले वर्ष जुलाई माह में ब्यास में आई भयंकर बाढ़ से नग्गर पुल से आगे की सड़क बह गई थी। उसके बाद विभाग ने आनन फानन में बाढ़ की भेंट चढ़ी सड़क की मुरम्मत करवा कर इसे यातायात के लिए खोल दिया था लेकिन उसके 8 माह बाद अभी तक यहां पर सड़क को न तो पक्का किया गया है और न ही दुरुस्त किया गया। इस सड़क के बार बार बाढ़ की चपेट में आने के चलते यहां पर कंक्रीट की दीवार का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए यहां पर बड़ी बड़ी नालियां खोदी गई है, लेकिन वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के प्रावधान नहीं किए गए हैं। जिस कारण यहां लगातार हादसे हो रहे हैं।

वहीं, स्थानीय निवासी कुशल, डिंपल, अशोक पुष्प, रमेश, कमल, पाल, राज, मीना ने प्रशासन से आग्रह किया है कि नग्गर पुल की सड़क की टायरिंग की जाए और सड़क के दोनों तरफ बैरिकेट्स और स्ट्रीट लाइटों का प्रबंध किया जाए, ताकि हादसों पर रोक लगे। (अनंत ज्ञान)

### जून में होगा सड़क का टारिंग का कार्य : कश्यप

लोक निर्माण विभाग कटराईं के सहायक अभियंता के डी कश्यप के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई में माह में ब्यास में आई भयंकर बाढ़ से नग्गर पुल से आगे की सड़क बह गई थी जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ़ की भेंट चढ़ी सड़क की मुरम्मत करवाकर इसे यातायात के लिए बहाल कर दिया है। जून माह में इस सड़क का टारिंग का कार्य किया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा ।

### शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर, रामलाल मार्कंडेय ने रवि ठाकुर पर बोला जुबानी हमला

# रवि का आरक्षण को लेकर दिया बयान लोगों के साथ धोखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

शीत मरूस्थल लाहौल-स्पीति जिला में विधानसभा उप चुनाव की दस्तक के साथ ही अब पूर्व विधायक रवि ठाकुर व पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय में अब जुबानी जंग भी छिड़ गई है। पूर्व मंत्री डाक्टर राम लाल मार्कंडेय ने पूर्व विधायक रवि ठाकुर पर आरोप जड़ते हुए कहा कि उनका लाहौल-स्पीति के आरक्षण को लेकर जो बयान दिया है वह लाहौल के लोगों के साथ धोखा है।

उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर ने लाहौल से आईएएस बने अधिकारियों को लेकर यह कहा है कि जिन्हें एक बार जनजातीय का कोटा मिल गया उन लोगों के परिवारों या बच्चों को यह कोटा दोबारा नहीं मिलना चाहिए। मार्कंडेय ने कहा कि पूर्व विधायक यह बयान बड़ा हास्यपद है कि लाहौल से जो आईएएस आफिसर बने हैं वह कोटे से बने हैं। वहीं जिस आधार पर उन्होंने लाहौल के हर परिवार को आर्थिक आधार पर कोटा देने की बात की है उससे आने वाले समय में लाहौल-स्पीति में जनजातीय कोटा ही खत्म हो जाएगा।

डाक्टर मार्कंडेय ने कहा कि अगर लाहौल-स्पीति के किसी परिवार में चारभाई है तथा एक को जनजातीय कोटे के आधार पर नौकरी मिल गई तो पूर्व विधायक बाकि तीन भाइयों के कोटे को खत्म करने की बात कर रहे है। पूर्व मंत्री ने रवि ठाकुर से प्रश्न किया है कि क्या वह जनजातीय कोटे से पहले विधायक नहीं बने हैं। उनकी माता भी जनजातीय कोटे से विधायक व उनके पिता जनजातीय कोटे से टीएसी मेंबर रहे हैं। ऐसे में जनजातीय कोटा खत्म करने वाले पूर्व विधायक रवि ठाकुर को लोग इन उपचुनावों में कड़ा सबक सिखाएगी।

मार्कंडेय ने कहा कि रवि ठाकुर मात्र अपना विकास देखते हैं यही कारण है कि आज तक वह जितनी बार भी विधायक बने उन्होंने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री के खिलाफ सरेआम मोर्चा खोला जिसका खामियाजा लाहौल-स्पीति के लोगों को भुगतना पड़ा। आज लाहौल-स्पीति को रवि ठाकुर ने ही विधानसभा के उपचुनावों में धकेला है जिसका जबाव अब लोग चुनावों में पूर्व विधायक को देंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय आरक्षण लाहौल-स्पीति के लोगों का अधिकार है। सर्दियों के मौसम में लाहौल के लोग किस तरह का जीवन जीते है यह शायद रवि ठाकुर नहीं जानते है। यही कारण है कि लाहौल-स्पीति के लोगों को मिलने वाले जनजातीय आरक्षण को रवि ठाकुर आर्थिक आधार या फिर इसे खत्म करवाने की साजिश रच रहे हैं जिस तरह से मीडिया में पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने लाहौल स्पीति के जनजातीय कोटे को लेकर अनाप-शनाप ब्यानबाजी की है उसका वह पूरी तरह से विरोध करते है तथा आने वाले उपचुनावों में पूर्व विधायक रवि ठाकुर को इसका करारा जबाव दिया जाएगा।

# 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



उपायुक्त राहुल कुमार विशेष हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए।

जिला लाहौल-स्पीति निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा है कि जिला में इस बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया है।

शनिवार को लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 30 मार्च से पांच अप्रैल तक चलाया जा रहा है।

इस मौके पर राहुल कुमार ने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति में 41 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां पर गत निर्वाचन के दौरान 62 प्रतिशत ही मतदान हुआ लेकिन इस मर्तबा जिला में सभी मतदान केंद्र पर 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने इस दौरान ईवीएम वेयर हाउस व केंद्रीय विद्यालय केलांग में स्थित स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया और कहा की सभी ईवीएम व वीवीपैट मशीन पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखी गई है और सभी मशीनों की प्रथम स्तरीय चेकिंग (एफएलसी) के उपरांत इन्हें कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी रजनीश शर्मा, परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज कुमार, इलेक्शन तहसीलदार पवन राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 'तेरे नखरे झेचिये' गीत रिलीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




कमल ठाकुर का गाया गाना तेरे नखरे झेचिय का पोस्टर।

कुल्लू जिला के उभरते हुए युवा लोक गायक कमल ठाकुर का गाना तेरे नखरे झेचिये... यूटयूब पर रिलीज हो गया है। इस गीत को जिले के युवा लोक कलाकार कमल ठाकुर ने खुद ही लिखा और अपनी आवाज़ से सजाया है। इस गीत में संगीत संदीप ठाकुर ने दिया है ओर गाने का निर्देशन आशुतोष शर्मा ने किया है। इस गीत का फिल्मांकन कुल्लू और मनाली की खूबसूरत वादियों में की गई है। कमल इससे पहले भी कई लोकप्रिय गीत दर्शकों के सामने पेश कर चुके हैं और अब 'तेरे नखरे झेचिये' गीत को भी खूब पंसद किया जा रहा है।

## जलोड़ी दर्रा में मतदाताओं को किया जागरूक

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के आउटर व इनर सिराज की सीमा को जोड़ने वाले 10 हजार फीट से अधिक ऊंचे जलोड़ी दर्रा में मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। शनिवार को ज़िला पर्यटन विभाग कुल्लू और जिभी वैली टूरिज़्म एसोसिएशन द्वारा जलोड़ी दर्रा पर शोभला सराज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान बारे जागरूक किया गया। लगातार हो रही बर्फबारी और खराब मौसम में भी उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने उदाहरण पेश करते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू ने कुल्लू की स्वीप टीम के साथ वोट बनाने और मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।

**स्वास्थ्य** कुल्लू के मात्र 65,983 परिवार हिम केयर योजना में पंजीकृत

# 20 हजार हिमकेयर कार्ड रिन्यू नहीं

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी बोले- कार्ड का नवीनीकरण कर उठाएं योजना का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




जिले में हिमकेयर योजना के लाभार्थी हिमकेयर कार्ड के नवीनीकरण (रिन्यू) करवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिला में 20,000 के करीब लाभार्थियों ने अपने हिम केयर कार्ड का अभी तक नवीनीकरण नहीं करवाया है, जिस कारण लाभार्थियों को हालांकि बीमारी के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन फिर भी लाभार्थी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिना नवीनीकरण के योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा, जिन लाभार्थियों के कार्ड का नवीनीकरण होना है, उन्हें निर्धारित समय अवधि के भीतर नवीनीकरण करवाना होगा, तभी उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल पाएगा।

गौर रहे कि जिला कुल्लू में हिम केयर योजना के तहत लगभग 65,983 परिवार पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें करीब 20,000 लाभार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करवाया है, जो उनकी परेशानी को बढ़ा सकता है। हालांकि हिम केयर योजना के तहत बने कार्ड का नवीनीकरण न करवाने के पीछे सरकार द्वारा समय पर बजट जारी न करना भी कारण बताया जा रहा है। सरकार हिम केयर योजना के तहत चिकित्सा कंपनियों और संस्थाओं को देरी से भुगतान कर रही है और इससे भ्रांतियां फैलाई जा रही है कि योजना बंद हो गई है। इन भ्रांतियों के कारण भी लाभार्थी अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करवा रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से कार्ड नवीनीकरण की अपील कर रहा है। इस संबंध में हिम केयर योजना के जिला समन्वयक धर्मपाल ने कहा कि हिम केयर योजना के तहत नए कार्ड बनाए जा रहे हैं और जिनके कार्ड रिन्यू होने हैं। उनका नवीनीकरण भी किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. एनआर पवार ने जिले के हिमकेयर कार्ड के लाभार्थियों से आग्रह है कि वे कार्ड का नवीनीकरण करें और योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बीमारी के समय लाभार्थियों को इस योजना के तहत काफी फायदा मिलेगा।



# विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद् भागवत कथा श्रेष्ठ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाली कुठेड़ा पंचायत के तहत जय बाबा नाहर सिंह भागवत कमेटी भगोट के सौजन्य से जनसहयोग द्वारा कुठेड़ा स्कूल रोड से होते हुए हॉस्पिटल चौक तक कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया, जिसमें गांव के सभी लोगों ने भाग लिया। वृंदावन धाम से पंडित घनश्याम कौशल्या ने प्रथम दिन की कथा में बताया कि विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद् भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है।

ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता हैं, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

# लीकेज से घरों की बजाय सड़कों पर व्यर्थ बह रहा पानी, विभाग मौन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जल शक्ति विभाग घुमारवीं के हर घर नल का जल घरों की बजाय सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है। इससे रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नगर परिषद घुमारवीं के तहत गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली मुख्य सड़क पर करीब 10 स्थानों पर पेयजल पाइपों से पानी लीकेज होकर व्यर्थ सड़कों पर बह रहा है, लेकिन जल शक्ति विभाग पेयजल पाइपों से हो रही इस लीकेज को रोक पाने में विफल साबित हो रहा है।

रोजाना हजारों लीटर हो रही इस पानी की बर्बादी को रोकने के लिए विभाग कोई भी कदम उठाने को तैयार नहीं है ।जबकि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार विभाग को इस बात से अवगत करवाया जा चुका है।

बताते चलें कि गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली इस सड़क पर सड़क के बीचों-बीच पेयजल पाइप बिछाई गई है, जिसे बिछाए कई वर्ष बीत चुके हैं। इस पाइप की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसे कई वर्षों से बदला तक नहीं गया है। जबकि उसके बाद कई बार इस सड़क के ऊपर टारिंग की जा चुकी है।


सड़क पर बह रहा व्यर्थ पानी, जिसको लेकर लोगों में रोष है।

हालांकि करीब 3 महीने पहले ही जब लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क की टारिंग का काम शुरू की गया था तब भी लोगों द्वारा जल शक्ति विभाग को इस बात से अवगत करवाया गया था की टारिंग होने से पहले इस लीकेज को बंद करवाया जाए, लेकिन लोगों की माने तो विभाग ने उनके मांग को अनदेखा कर दिया । (अनंत ज्ञान)

## विभाग जल्द करवाए समस्या का समाधान

**लोगों** का कहना है कि गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है ऐसे में हर वर्ष पूरे शहर में पानी की किल्लत रहती है बावजूद इसके हजारों लीटर पानी रोजाना सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस लीकेज की समस्या को ठीक करवाया जाए अन्यथा स्थानीय दुकानदार जल शक्ति विभाग कार्यालय के बाहर धरना देने को मजबूर हो जाएंगे।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**


कुछ दिन पहले ही मामला ध्यान में आया है की गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली मुख्य सड़क पर चार पांच स्थानों पर पेयजल पाइप में लीकेज हो रही है । जिसके बाद काम शुरु करवाया गया है। दो-तीन जगह लीकेज बंद करवा दी गई है जल्द ही सारी पाइपलाइन ठीक करवा दी जाएगी।

**-मस्तराम चौहान, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग घुमारवीं।**

## न्यूज ब्रीफ

### जूनियर गर्ल्स कबड्डी टीम पटना के लिए रवाना

**घुमारवीं।** हिमाचल की सब जूनियर गर्ल्स कबड्डी टीम पटना के लिए रवाना हो गई।



पटना में नेशनल सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने टीम को रवाना किया। उन्होंने टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही उम्मीद जताई कि इस बार हिमाचल की टीम मैडल विजेता बनेगी। पटना में इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रदेश भर से इन खिलाडियों का चयन किया गया है। टीम की कमान प्रीती को सौंपी गई है। इसके अलावा टीम में अनामकिा, वंशिका, तमन्ना, जसप्रीत, वसूधा, अंशिका, मिताली, शिवांशी, सिमरन, श्रेया, दीक्षा को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम कोच हंसराज होंगे। टीम मैनेजर की जिम्मेदारी अंकिता को सौंपी गई है।

इस दौरान एएसपी शिव चौधरी ने कहा कि इससे पहले भी कबड्डी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। इस बार भी उन्हें उम्मीद है कि इस बार भी हिमाचल की टीम मैडल विजेता बनेगी। उन्होंने खिलाडियों से आह्वन किया कि कड़ी मेहनत करें।

### सलोआ का परीक्षा परिणाम घोषित

**घुमारवीं ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोआ का परीक्षा परिणाम आज वर्चुअल बैठक के माध्यम से घोषित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य कुलदीप डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारी बारिश और तुफान के कारण अभिभावकों और विधार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर वर्चुअल बैठक के माध्यम से परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

उन्होंने बताया कि विधालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में प्रथम स्थान विशाली देवी ने अर्जित किया जबकि दूसरे स्थान पर अंजलि देवी रही,वही तृतीय स्थान पर मीनाक्षी देवी रही। वही नोवीं कक्षा में रीतिका ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, अर्पिता चौधरी ने दूसरा और कर्ण कुमार तीसरे स्थान पर रहे । जबकि आठवीं कक्षा में अंशु प्रथम, अशलम द्वितीय और रिया देवी ने तृतीय स्थान पर रही। वही सातवीं कक्षा में साक्षी प्रथम,ज्योति द्वितीय एवं नीरज कुमार ने तृतीय स्थान पर रहे ।

वहीं उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इस अवसर उन्होंने पर सभी अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई दी गई। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विधालय निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर रहने की कामना की।

# तूफान से तबाही, गिरे कई पेड़

## बिजली के खंबे भी गिरे, घरों व गाड़ियों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ,घुमारवीं**

शुक्रवार रात अचानक आई तेज आंधी, तूफान व बारिश ने कई इलाकों में भारी तबाही मचाई। अचानक आई बारिश व तूफान के चलते लोग सहम गए। भारी तूफान तथा बारिश के चलते क्षेत्र में पेड़ गिरने के साथ-साथ बिजली के खंबे गिरने व घरों को काफी नुकसान पहुंचा है।

उप मंडल घुमारवीं के ग्राम पंचायत सेऊ के गांव देलग में अचानक आए इस तूफान तथा भारी बारिश के कारण घरों के बाहर खड़ी दो गाड़ियों पर एक भारी भरकम पेड़ गिरने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

वहीं दूसरी तरफ एक घर की एक छत भी इस तूफान के चलते उड़ गई । दोनों ही घटनाओं में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

शुक्रवार रात आए इस तूफान तथा भारी बारिश के कारण पेड़ के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हुई कारों के मालिक प्रवेश निवासी भदरोग व अजीत पटियाल गांव रूहाणी ने बताया कि शुक्रवार रात उन्होंने अपने घरों के बाहर गाड़ियां खड़ी की थी, लेकिन अचानक आए तूफान से गाड़ियों के समीप एक भारी भरकम पेड़ के गाड़ियों के ऊपर गिर जाने से उनके कारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

**नुकसान की रिपोर्ट तैयार होने पर पीड़ितों को दी जाएगी राहत**


गाड़ियों पर गिरे पेड़ तथा (इनसेट भी) ।

उन्होंने बताया कि पेड़ गिरने पर एक जोर का धमाका हुआ, जिसे सुनते ही तुरंत लोग घटना स्तर पर पहुंचे तो देखा कि दोनों कारें पेड़ के नीचे दब चुकी हैं।

उनका कहना है कि पेड़ के गिरने से उनको लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं इस तूफान के कारण भदरोग निवासी रामलाल के घर की छत भी पूरी तरह से उड़ गई।

ग्राम पंचायत प्रधान पवन शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वह पटवारी तथा अन्य लोगों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा मौके का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि गिरे हुए पेड़ को जल्द ही कारों के ऊपर से उठाया जा रहा है, ताकि कारों की वास्तविक स्थिति तथा नुकसान का ज्यादा लिया जा सके।

वहीं उन्होंने बताया कि तूफान में मकान के छत उड़ने से करीब करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। नुकसान की रिपोर्टर तैयार की जा रही है ताकि जल्द ही पीड़ितों को राहत प्रदान की जा सके।

## तुफान से बिजली विभाग को दस लाख का नुकसान

**भराड़ी ।** आंधी व बारिश के कारण बिजली विभाग मंडल घुमारवी का दस लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। क्षेत्र में 40 के करीब बिजली के पोल क्षतिग्रत हो गए। जिस कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव में बिजली गुल हो गई।

विभाग के कर्मी सुबह सात बजे से ही बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुट गए। हालांकि बिभाग द्वारा मुस्तेदी दिखाते हुए अधिकतर गांव की बिजली आपूर्ति दोपहर तक बहाल कर दी थी, लेकिन कुछ गांव 15 घंटे से बिना बिजली के रहे। कुछेक जगहों पर शाम 7 बजे तक बिधुत आपूर्ति बहाल नही हो पाई थी।

अधिशाषी अभियंता कर्ण चंदेल ने बताया की शुक्रवार रात आए तूफान के कारण 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आचार सहिंता चले होने के कारण टेंडर प्रक्रिया नही हो पाएगी। कर्मी अपने स्तर पर बिजली बहाल करने में लगे हैं।

# मेले में लोगों को कला का प्रदर्शन करने का मिलता है मौका

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य स्तरीय घुमारवीं घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव 5 से 9 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान 6 से लेकर 9 अप्रैल तक चार सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएगी।


जानकारी देते गौरव चोधरी।

उप मंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने ग्रीष्मोत्सव की तैयारीयों की जानकारी देने के लिए आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता के दौरान दी । उन्होंने कहा कि मेले में स्थानीय लोगों को अपनी कला का प्रदर्शन करने और अपने व्यापार को बढ़ाने का मौका मिलता है। 5 अप्रैल को शिव मंदिर घुमारवीं से शुरू होकर मेला मैदान तक शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा तथा मेला स्थल पर खूंटी गाड़ने और बैल पूजन के साथ ही इस मेले की शुरूआत होगी।

उन्होंने बताया की आठ व नौ अप्रैल को कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। इसकी अतिरिक्त कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबाल सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।

गौरव चौधरी ने कहा मुख्य कुश्ती में विजेता रहे पहलवान को 51,000 रुपए और गुर्ज तथा उपविजेता को 41000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी । हिमाचल कुमार के लिए आयोजित कुश्ती में विजेता पहलवान को 21 हजार व गुर्ज और उपविजेता को 15 हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके अलावा महिलाओं की कुश्तियां में महिला विजेता पहलवान को 11000 रुपए और गुर्ज तथा उपविजेता को 9000 रुपए की राशि दी जाएगी, जबकि बिलासपुर कुमार के विजेता पहलवान को 7100 रुपए और गुर्ज तथा उपविजेता पहलवान को 5100 रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा मेले को और अधिक आकर्षित बनाने के लिए बेबी शो, डॉग शो तथा अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इस बार आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में एक संध्या लोकल कलाकारों के लिए रखी जाएगी । राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्याओं में इस बार बच्चे भी अपनी डांस प्रस्तुति दे पाएंगे।

उपमंडलिय अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि इस ऑडिशन में स्कूली बच्चों के साथ-साथ उन स्थानीय कलाकारों को भी महत्ता दी जाएगी।

# स्पोर्ट्स मीट में बेटियों का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

राजकीय आईटीआई बिलासपुर में जिला आईटीआई स्पोर्ट्स मीट 2024 का आगाज़ हुआ। जिसमें बिलासपुर जिला की 5 सरकारी आईटीआई और 1 प्राइवेट संतोषी आईटीआई घुमारवीं ने भाग लिया।

शानदार प्रदर्शन करते हुए संतोषी आईटीआई घुमारवीं ने 6 ट्रॉफी अपने नाम की।

बता दें कि संतोषी आईटीआई घुमारवीं वॉलीबाल, बैडमिंटन, लोकनृत्य में विजेता रही, वहीं समूह गान और एकल गान में छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ऑल राउंडर का खिताब भी हासिल किया। आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर नाथ शर्मा का कहना है कि बेटियां पिछले काफी महीनों से कड़ी मेहनत कर रही थी जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और उनकी मेहनत रंग लाई।


शानदार जीत के बाद खुशी जताती हुई छात्राएं व अन्य।

छात्राओं ने कहा कि हम बहुत खुश हैं और आगे भी परिश्रम कर प्रदेश स्तर की प्रतियोगितायों में भी अपनी जीत दर्ज करेंगी। बताते चलें कि 29 मार्च को इस स्पोर्ट्स मीट का आगाज़ हुआ और 2 अप्रैल को इसका समापन होगा।

# प्रयास संस्था जांचेगी लोगों का स्वास्थ्य

**बिलासपुर।** एक अप्रैल को प्रयास संस्था बिलासपुर के वरिष्ठ नागरिक सभागार में समीप नगरपरिषद विश्रामगृह रौड़ा सैक्टर बिलासपुर में प्रात: 10 बजे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रधान लाल शर्मा ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की जांच हेतु शिविर में भाग लेने के लिए आग्रह किया है।

उन्होंने कहा शिवर में लोगों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी जाएगी, इसलिए सभी वरिष्ठ नागरिक इस कैंप का लाभ उठाए ।

# अनुराग को है लोगों की चिंता : चंदेल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के प्रति बेहद सतर्क रहते है। अपने क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वो प्रयास संस्था के माध्यम से जनता के घर द्वार तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे है।

यह बात बिलासपुर सदर चुनाव क्षेत्र के प्रयास संस्था के समन्वयक कर्ण चंदेल ने कही। उन्होंने बताया कि प्रयास संस्था के मध्यम से अस्पताल सेवा शुरू की गई है, जिससे स्वास्थ्य टीम जनता के घर द्वार पहुंच कर जनता के विभिन्न प्रकार के टेस्ट करती है। अस्पताल सेवा में बेहतरीन डॉक्टरों, लैब टेक्नीशियन व फार्मासिस्ट की टीमें है। हर व्यक्ति की डॉक्टर द्वारा जांच की जाती है व जरूरत पड़ने पर डॉक्टर द्वारा जरूरी टेस्ट लिखे जाते है।

लैब टेक्नीशियन डॉक्टर द्वारा लिखे टेस्ट करते है व रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर उन्हें जरूरी परामर्श देकर दवाइयां देते है। अनुराग ठाकुर द्वारा चलाई गई ये सेवा निशुल्क रहती है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता इस स्वास्थ्य सेवा का भरपूर फायदा उठा रही है। कर्ण चंदेल ने बताया कि इसी बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में 4 अस्पताल सेवा की एम्बुलेंस चलती है, जो घर द्वारा जाकर जनता को स्वास्थ्य लाभ देती है। इसी कड़ी में आगामी 31 मार्च को बिलासपुर शहर के वार्ड नम्बर 2 में स्तिथ दुर्गा माता मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा।

इसी प्रकार 1 अप्रैल को वार्ड नम्बर 4 में स्थित वरिष्ठ नागरिक सभा के सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा। 3 अप्रैल को वार्ड नम्बर 5 में शिव मंदिर के साथ निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा। कर्ण चंदेल ने बताया कि इन शिविरों में जनता का डॉक्टर द्वारा निशुल्क जांच की जाएगी।

# हिम सर्वोदय में करवाई ग्रेजुएशन सेरेमनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घुमारवीं में नर्सरी कक्षाओं के बच्चों की वार्षिक ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। इस आयोजन में बच्चों की पुरे सत्र भर की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों के आधार पर मूल्यांकित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रधानाचार्य राजेश कुमार गर्ग ने सभी बच्चो को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

बच्चों के भविष्य निर्माण में बेहतर कार्य करने के लिए प्रबंध निदेशिका नीलम महाजन ने सभी अध्यापकों को आशीर्वाद दिया। इस आयोजन में कक्षावार निम्नलिखित छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए।



बच्चों के साथ अध्यापक व अन्य।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक वर्ग ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विमल महाजन, सुनील महाजन, वाइस प्रिंसीपल राधा महाजन, मुख्याध्यापक अश्विनी कांत व अन्य उपस्थित रहें।

# बस रूट बंद होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

उपमंडल रोहडू के धारा भलाड़ा मलखून रूट पर पिछले एक माह से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस नहीं जा रही है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस रूट से दो ग्राम पंचायत भलाडा व बशला के लोग प्रभावित हो रहे है। लोगों को कई किलोमीटर तक पैदल रास्ता तय करने के बाद धारा बस के लिए पहुंचना पड रहा है। जिससे सबसे अधिक परेशानी मरीजों व छात्रों को हो रही है। भलाडा ग्राम पंचायत में एक माह से बस नहीं चलने पर लोगों ने भारी विरोध किया है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत भलाडा की प्रधान प्रभा चौहान ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए बताया कि एक बार नहीं कई बार वे विभाग से बरसात के बाद हुए नुकसान की मुरम्मत करने का आग्रह कर चुकी है, लेकिन अब उनकी पंचायत के लोग लोक निर्माण विभाग के दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन करने को लेकर मजबूर हो जाएंगे।

भाजपा रोहड़ू मंडल के सह प्रवक्ता विक्रम चौहान ने बताया कि बस की सुविधा नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी छात्रों, बुजुर्गों व मरीजों को झेलनी पड़ रही है। इस बारे में एचआरटीसी प्रबंधन को भी कई बार अवगत करवाया जा चुका है। बावजूद एक माह से अधिक समय हो गया है कि एचआरटीसी की बस इस रूट पर नहीं जा पाई है। उन्होंने बताया कि सीपीएस व विधायक मोहनलाल ब्राक्टा यह कहते हुए नहीं थक रहे कि रोहडू में हिमपात के बाद व्यवस्था पटरी पर आ गई है, जो सरासर झूठ है। यदि समय रहते बस रूट को बहाल नहीं किया गया तो लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

अधिशाषी अभियंता उपमंडल रोहडू परेश चौहान ने बताया कि दो चार दिन में सड़क बस के लिए बहाल कर दी जाएगी।

# तीन दिवसीय प्राथमिक उपचार सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न


प्रशिक्षण कैंप के दौरान मौजूद लाभार्थी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

इंडियन रैडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा सेंटजॉन एम्बुलेंस एस्सोसिएसन शिमला के सहयोग से प्राथमिक उपचार सर्टिफिकेट कोर्स उप निदेशक शिक्षा विभाग के ट्रेनिंग हाल में सम्पन्न हुआ। सचिव अमित कुमार ने बताया कि 27 मार्च से 29 मार्च तक चले प्रशिक्षण के दौरान अजय धीमान के द्वारा सीपीआर, अस्थि फ्रैक्चर होने पर किए जाने वाले उपाय के बारे में बताया गया।

इस कोर्स से कंडक्टर, ड्राइवर के लाइसेंस, सुरक्षा गार्ड, नर्सिंग सहायक के पद के लिय उपयोगी है।

**संस्कृति** | **नलवाड़ मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली लोक गायिका बॉबी शर्मा व रिचा शर्मा के नाम**

# कोटधार मेले में 'गराएं देया लम्बड़ा हो' पर थिरके लोग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले कोटधार शिव मंदिर में नलवाड़ मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली लोक गायिका बॉबी शर्मा व रिचा शर्मा के नाम रही। उनके गानों पर पंडाल में बैठे लोग खूब झूमे।

अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि थाना प्रभारी शाहतलाई अमिता चौधरी उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन ज्ञानचंद धीमान महासचिव अमरनाथ धीमान व कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। उसके बाद स्थानीय महिला महिला मंडलों व स्कूल के बच्चों द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई।



सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए कलाकार व (दाएं) कलाकारों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

स्थानीय कलाकारों रितु शर्मा , अर्चना, रेनू, भगवानदास हरदई, रंजन, दिनेश, अंजू इत्यादि कलाकारों ने हिमाचली गीतों से लोगों का दिल जीत लिया। उसके बाद जैसे ही मंच हिमाचली लोकगायिका बॉबी शर्मा को मिला तो उन्होंने गराएं देया लम्बड़ा, मेरेया शराबणुआ इत्यादि हिमाचली गाने गाकर लोगों को खूब नचाया। वहीं रिचा शर्मा ने धुड़ु नचेया, चंबा आर की नदियां पार, लच्छी, लच्छी लोक गलान्दे, कैसा लगा गोरिए इत्यादि गाने गाकर लोगों का दिल जीत लिया।

# अग्निकांड पीड़ितों को मिला आर्थिक सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

उपमंडल रोहडू के टिक्कर तहसील के शरौंथा पंचायत के ब्रेष्टू गांव में अग्निकांड की घटना के बाद संजीवनी सहारा समिति रोहडू ने सात पीड़ित परिवारों की आर्थिक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाते हुए 1 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक मदद परिवार के सदस्यों तक पहुंचाई है।

उल्लेखनीय है कि शरौंथा के साथ लगते ब्रेष्टू गांव में 28 मार्च यानि वीरवार देर शाम को अग्निकांड की घटना से मकान जलकर नष्ट हो गए और सात परिवार बेघर हो गए। पुलिस के अनुसार बेघर हुए परिवारों में दयानंद शर्मा, यशवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, राम गोपाल शर्मा, पुष्पा देवी व अंजू शामिल है।



जानकारी देते हुए समीति के सदस्य व अन्य।

अग्निकांड की इस घटना में 35 से 40 कमरों का मकान जलकर राख हो गया है और सात पीड़ित परिवारों के 35 के करीब सदस्य बेघर हो गए है।

राजस्व विभाग की ओर से अग्निकांड की घटना से करोड़ों रुपए की संपत्ति के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया हैं। वहीं बेघर हुए परिवारों में वन विभाग में कार्यरत वन रक्षक यशवंत शर्मा अग्निकांड की घटना के समय अढाल बीट में ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें मकान में आग लगने की सुचना गांव के सदस्य ने फोन के माध्यम से दी है। प्रभावित परिवारों में वन रक्षक यशवंत शर्मा की बहन व बुआ जो जन्म से ही दृष्टिहीन है। वे दोनों अग्निकांड की घटना के समय मकान के अंदर रह रही थी। गांव के लोंगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें घर से बाहर निकाला और उनकी जान बचाई।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी की वारदातों का मुख्य सरगना गिरफ्तार



सुबाथु क्षेत्र में हुई चोरी के मामलों का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**सोलन।** सुबाथु क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए जिला पुलिस ने इस गैंग के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। धर्मपुर पुलिस की एक टीम ने पिछले कल आरोपी सुखा (22) पुत्र विक्रम निवासी बंगाला कॉलोनी रेलवे स्टेशन कुराली खरड़ जिला पंजाब को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी को अदालत में पेश करके इसका 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। अभी तक की जांच से ज्ञात हुआ है कि यह आरोपी पहले भी चोरी की 5 से ज्यादा वारदातों में संलिप्त रहा है, जिनमें 3 मामले पुलिस जिला बद्दी के थाना रामशहर, नालागढ़ और 2 मामले थाना धर्मपुर के हैं। चोरी के इन 5 मामलों में इस आरोपी ने करीब 10 लाख रुपए की नकदी तथा ज्वेलरी की चोरी को अंजाम दिया है। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

### जोहड़ों में आपदा को लेकर किए जागरूक



कालाअंब में दमकल विभाग की ओर से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के जोहड़ों में दमकल विभाग की ओर से आग से बचाव को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अविचल पब्लिशिंग कंपनी परिसर में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान विभाग ने 75 कर्मचारियों को अग्निकांड जैसी स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले इंतजामों को लेकर बारीकी से जानकारी दी गई, साथ ही आग पर काबू पाने वाले फायर संयंत्रों के इस्तेमाल के बारे में भी बताया। इस मौके पर दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन राजेश कुमार, प्लाटून कमांडर कुलदीप कुमार और चालक अरुण शर्मा ने कंपनी के कर्मचारियों को जागरूक किया।

### भाजपा को सबक सिखाएगी जनता : जेठी



सोलन में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस प्रवक्ता कुशल जेठी, अमन सेठी व अन्य।

**सोलन।** कांग्रेस प्रवक्ता कुशल जेठी और अमन सेठी ने कहा कि प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा कई तरह के हथकंडे अपना रही है, पर वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों को खरीदने के बाद भाजपा अब निर्दलीय विधायकों को भी गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को पहली बार ईमानदार और कर्मठ मुख्यमंत्री मिले हैं, जो भ्रष्टाचार को खत्म कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। आपदा के समय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रभावितों के साथ खड़े रहे और जरूरत पड़ने पर भरपूर मुआवजा भी दिया, जबकि भाजपा नेताओं फोटो खिंचवाने तक सीमित रहे। मुख्यमंत्री गरीब आम आदमी की बात को समझते हैं। पूर्व की भाजपा सरकार ठग, ठेकेदार और दलालों की की सरकार थी, जिसके चलते प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 5 साल मैंडेट दिया जो भाजपा को पच नहीं रहा। कांग्रेस के कुछ ठेकेदार और भ्रष्ट नेताओं को भी मुख्यमंत्री की ईमानदार छवि रास नहीं आ रही। इसके चलते उन्होंने पार्टी से विश्वासघात किया। प्रदेश की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और कांग्रेस चारों लोकसभा सीट जीतने के साथ-साथ छह विधानसभा सीटों में भी विजय हासिल करेगी।

# अंधड़ और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

## कृषि और बागवानी विभाग सरकार को भेजेगा रिपोर्ट, ओलों के बीच मॉल रोड पर लोगों का पैदल चलना हुआ मुश्किल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार सुबह बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि हुई। वहीं, गरज के साथ-साथ तेज हवाएं भी चली। सोलन शहर में करीब पांच मिनट तक भारी गरज के साथ ओले गिरे। ओले गिरने की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों का माल रोड पर पैदल चलना मुश्किल हो गया।

ओलावृष्टि से सोलन में मटर की नकदी फसल को नुकसान पहुंचा है। मुख्यालय के साथ लगे सपरून, बसाल, सेरी, जौणाजी, शिल्ली, डांगरी, कोठी सहित शामती और नौणी पंचायतों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से मटर की तैयार फसल को नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों को मानें तो ओलावृष्टि के बाद मटर की फसल में दाग और सड़न रोग लगने की संभावना है, जिसकी रोकथाम की कीटनाशक स्प्रे की जा सकती है।

**फलदार पौधों को नुकसान:** ओलावृष्टि से फलदार पेड़ों में इन दिनों आ रहे फूलों पर ओले गिरने से फसल प्रभावित होगी। फलदार पौधों जैसे पल्म, नाशपाती और आड़ू में इन दिनों फ्लोरिंग हो रही है। फूलों पर ओले गिरने से फल खराब हो जाता है।


इसके साथ सोलन के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों टमाटर की पौध भी तैयार हो रही है। ओलों से इस फसल को भी नुकसान हुआ है। मौसम में हुए बदलाव को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया था। आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। कृषि और बागवानी विभाग नुकसान की रिपोर्ट को कंपाइल कर प्रदेश सरकार को भेजेगा। (अनंत ज्ञान)




सोलन मॉल रोड में हुई ओलावृष्टि, जिस कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### गेहूं और लहसुन की फसल के लिए लाभदायक

**बारिश** गेहूं और लहसुन की फसल के लिए लाभदायक सिद्ध होगी, परंतु कहीं न कहीं ओलावृष्टि के दुष्प्रभाव मटर की फसल पर नजर आ सकते हैं। इसके लिए किसान कृषि विभाग से संपर्क करें और आवश्यक दवाइयां ले सकते हैं। वर्तमान में जिला सोलन में किसानों ने 24 हजार हेक्टेयर में फसलों की बिजाई की हुई है। जिला सोलन में 21300 हैक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। इसमें से 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बारिश पर निर्भर है, जबकि शेष क्षेत्र में सिंचाई की अच्छी सुविधा है।



सोलन में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुआ नुकसान।

### मटर की फसल पर दाग और सड़न रोग की संभावना, करें कृषि विभाग से संपर्क : डॉ. चौधरी



**कृषि** विभाग सोलन के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर आरसी चौधरी का कहना है कि बारिश से गेहूं और अन्य फसलों की पैदावार में वृद्धि होगी, परंतु ओलावृष्टि से मटर की फसल में दाग और सड़न रोग लगने की संभावना है। ओलावृष्टि से फसल में दाग दिखे तो तुरंत कृषि विभाग से संपर्क करें और खेतों में जल्द से जल्द फंगीसाइड का छिड़काव करें, ताकि जो फसल में दाग धब्बे लगे हैं, उसकी वजह से पूरी फसल तबाह न हो।

## अर्की पुलिस स्टेशन के कर्मचारी आवास की उड़ी छत




तूफान के चलते उड़ी पुलिस स्टेशन अर्की में कर्मचारियों के कमरों की छत।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल में तूफान (अंधड़) के चलते पुलिस स्टेशन अर्की में कर्मचारियों के कमरों की छत उड़ गई। जानकारी के अनुसार रात्रि 3 बजे कमरों में सो रहे पुलिस कर्मियों को जोर की आवाज सुनाई दी, तो देखा कि उनके कमरों की छत हवा से उखड़ रही है।

उन्होंने तुरंत आनन-फानन में अपना सामान उठाया व साथी कर्मियों के कमरों में रखा। इतने में ही तीन कमरों की छत उड़कर मैदान में जा गिरी। गनीमत यह रही के किसी को कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। सूत्रों की मानें तो पुलिस स्टेशन अर्की में पुराने समय के भवनों में अभी भी टीन की छतें है। उनकी लकड़ी की कड़ियां जर्जर हालत में हैं, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

### सफेदे के पेड़ों से भी खतरा उचित कदम उठाना जरूरी

वहीं, साथ ही पुलिस स्टेशन के ज्यादातर रिहायशी मकान के साथ लगे सफेदे के पेड़ों की जद में हैं, जिनकी जड़ें साफ तौर पर देखी जा सकती हैं, जो कि पुलिस स्टेशन और इस के रिहायशी मकानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि किसी दुर्घटना से बचना है तो विभाग को इन भारी भरकम पेड़ों को हटाना पड़ेगा, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने का पूरा अंदेशा बना हुआ है।

## नाहन में तेज तूफान आने से पेड़ के गिरने पर वाहन दबे



नाहन में तेज हवाएं चलने से वाहनों पर गिरा पेड़।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन में तेज तूफान आने से शहर में काफी नुकसान होने की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस थाना में इस तूफान के कारण एक बहुत बड़ा वृक्ष गिर गया, जिससे वहां खड़े वाहन इस की चपेट में आ गए।

इन वृक्षों पर पेड़ के गिरने से 8 वाहनों को काफी नुकसान हुआ है। वाहन मालिकों के अनुसार उन्हें लाखों की हानि हुई है।

तेज तूफान के कारण इस आम के भारी-भरकम पेड़ के गिरने से बिजली की तारों के टूटने से क्षेत्र में अंधेरा छा गया और कई घरों की बिजली बंद हो गई।

पुलिस लाइन में रिहायशी इमारतें भी हैं और गनीमत यह रही कि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ

## एलडी शर्मा डिजिटल पर्सन ऑफ द ईयर नामित

**एसपी जैरथ, नाहन**

### एशिया वन मैगजीन की रेटिंग में सिरमौर का परचम बुलंद

अमेरिका, कनाडा, चीन सहित एशिया के करीब 15 राष्ट्रों में बिजनेस अंतरराष्ट्रीय मानकों की प्रमुख पत्रिका एशिया वन मैगजीन में हिमाचल के सिरमौर का परचम बुलंद हुआ है। शुग्लू ग्रुप के सीईओ एलडी शर्मा एशिया के डिजिटल पर्सन ऑफ द ईयर साबित हुए हैं। एलडी शर्मा को यह पुरस्कार हाल ही में मुंबई में हुए एशिया वन मैगजीन के कार्यक्रम में दिया गया है। एलडी शर्मा की इस उपलब्धि पर न केवल सिरमौर, बल्कि पूरे हिमाचल में खुशी की लहर है।

बता दें कि एशिया वन मैगजीन मानव संसाधन के क्षेत्र के साथ-साथ व्यापार की दुनिया में होने वाले नए-नए अनुसंधानों और उपलब्धियां का मूल्यांकन करने वाली श्रेष्ठ मैगजीन है। डिजिटल मार्केटिंग की दुनिया में जिस तरीके से शुग्लू ग्रुप ने उत्कृष्ट मानक स्थापित किए हैं, वह आज दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है।

शुग्लू ग्रुप ने न केवल अपने लिए बल्कि उधमशीलता उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए संघर्षशील उद्यमियों के लिए भी अपने दरवाजे खोले हुए हैं। यही वजह है कि आज यह ग्रुप पूरी दुनिया पर डिजिटल उद्योग क्रांति के रूप में सर्वश्रेष्ठ साबित हो गया है। (अनंत ज्ञान)



एलडी शर्मा को मुंबई में हुए एशिया वन मैगजीन के कार्यक्रम में मिला सम्मान।

## फूलों से लदे कचनार के वृक्ष बढ़ा रहे शोभा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों फूलों से लदे कचनार के वृक्ष जंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। बता दें कि कचनार की सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर होती है। आयुर्वेद में कचनार का उपायोग विभिन्न रोगों की दवाई बनाने के लिए किया जाता है।

गौर रहे कि कचनार के वृक्ष जंगलों में स्वत: ही उगे होते हैं, जिसमें बसंत ऋतु में लगने वाली पंखुड़ियां व फूल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों के लिए किया जाता है, जो कि विषैले तत्व से रहित व जैविक गुणों से भरपूर हैं। कचनार, जिसे लोग स्थानीय भाषा में करयालटी भी कहते हैं। कचनार की कलियों का आचार बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधि का काम भी करता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार कचनार की सब्जी औषधीय गुणों से भरपूर है और कचनार की छाल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाएं बनाने में भी किया जाता है। इनका कहना है कि कचनार की छाल का शरीर के किसी भाग की गांठ को गलाने में सबसे उत्तम औषधी है। इसके अतिरिक्त रक्त विकार, त्वचा रोग जैसे खाज-खुजली, एक्जीमा, फोड़े-फूंसी के उपचार में इसकी छाल उपयोग में लाई जाती है।

उन्होंने बताया कि लोगों को जंगली सब्जियों का प्रचूर मात्रा में उपयोग करना चाहिए, जिससे शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पूर्व प्रधान कुशल तोमर का कहना है कि इन दिनों गांव में जंगली शुद्ध सब्जियों की बहार आई है, जिनमें कचनार, काथी की कोपलें, रामबाण के गोव्वा, फेगड़े, खड़की के कोमल पत्ते, खड्डों में उगने वाली छूछ इत्यादि जंगली सब्जियां प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है।

इनका कहना है कि बाजार से मिलने वाली सब्जियां के संक्रमित होने की संभावना रहती है। अतीत में ग्रामीण परिवेश में जंगली सब्जियों का उपयोग काफी मात्रा में किया जाता था। आजकल युवा पीढ़ी जंगली सब्जियों को ज्यादा पसंद नहीं करती है, परंतु इनके उपयोग से अनेक रोगों से बचाव होता है।



सिरमौर के पहाड़ी क्षेत्रों में कचनार के पेड़ में खिले फूल।

## ग्रामीणों पर हमला करने वाले फरार पांच आरोपी गिरफ्तार

### बीते दिनों कुछ आरोपियों को पहले ही पकड़ चुकी है पुलिस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के तहत मंझौली पंचायत के गांव मैसा-टिब्बा में ग्रामीणों पर तेजधार हथियारों से हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। डीएसपी फिरोज खान के दिशा-निर्देशों पर थाना प्रभारी श्याम लाल ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ लिया है।

शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को पुलिस से तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में कुछ आरोपियों को पकड़ा था, जबकि पांच युवक फरार चल रहे थे, जिन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपियों की पहचान हरीश कुमार निवासी मंझौली, साहिल, अमरजीत, सरबजीत सिंह निवासी मंझौली व लखविंद्र सिंह के रूप में हुई है। गौरतलब रहे कि बीते 18 मार्च को कई युवकों ने गांव में घुसकर लोगों पर हथियारों से जानलेवा हमला किया था। हमले में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें से दो लोग गंभीर घायल हुए थे, जिन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया था।

ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि हमलावरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएसपी फिरोज खान ने बताया कि ग्रामीणों पर हुए हमले के मामले में पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है जिन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया जा रहा है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और एरिया का माहौल खराब करने वालों को कभी भी बख्शा नहीं जाएगा।

## बुजुर्ग महिला के घुटनों का सफल प्रत्यर्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन के श्री साई अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विभाग ने रुमेटीइड गठिया उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रुमेटीइड गठिया से पीड़ित 61 वर्षीय महिला वीना के दोनों घुटनों और दोनों कोहनियों की अस्पताल में सफल सर्जरी हुई। जोड़ प्रत्यारोपण विभाग की विशेषज्ञों की टीम द्वारा वीना के सफल ऑपरेशन कर फिर से वीना को आत्मनिर्भर बनाया है।

जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. एमएस गुप्ता ने बताया कि मरीज को रुमेटीइड गठिया की शिकायत थी, जिस कारण मरीज को चलने-फिरने, उठने-बैठने और बाजु से काम करने में बहुत परेशानी हो रही थी। वीना के दोनों घुटने व दोनों कोहनियों की सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएसएन प्रसाद की देखरेख में एक्सरसाइज से मरीज की ज्वाइंट मूवमेंट करवा कर मरीज को सफलतापूर्वक अपनी दिनचर्या करने के लिए तैयार किया। डॉ. प्रसाद ने बताया की रुमेटीइड गठिया दीर्घकालिक सूजन संबंधी विकार है जो मुख्य रूप से जोड़ों को प्रभावित करता है, जिससे दर्द, सूजन और कठोरता होती है। वीना के लिए इस स्थिति ने उसकी गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से सीमित कर दिया था।

वीना ने बताया कि वह पिछले 14 -15 सालों से गठिया रोग से ग्रस्त थी। उसको अपने दिनचर्या के कार्य के लिए परिवारजनों पर निर्भर रहना पड़ता था। सर्जरी के फैसले ने उसका जीवन बदल दिया। वीना ने बताया कि उनके घुटनों की सर्जरी जनवरी में हुई थी, जिसके बाद वह रिकवर हो र अब उन्होंने अपने कोहनियों की सर्जरी करवाई। श्री साई अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश बेदी ने सफल सर्जरी के लिए जोड़ प्रत्यारोपण विभाग की टीम को बधाई दी और बताया की अस्पताल में हाईटेक उपकरण एवं अनुभवी विशेषज्ञों की टीम मौजूद है जो की गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज नाहन में ही कर रही है।

अब हमारे सिरमौरी भाई-बहन को बाहरी अस्पतालों में जा के महंगे इलाज के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। नाहन में ही उच्च स्तरीय इलाज किफायती कीमत पर उपलब्ध है। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है।



सफल प्रत्यर्पण करने वाली डॉक्टरों की टीम।

## चुनौतियों से निपटने के लिए लाइफ स्टाइल को पर्यावरण अनुकूल बनाना आवश्यक : राणा



वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति के विज्ञान जागृति कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित एकदिवसीय पर्यावरण एवं स्वास्थ्य मुद्दों की विज्ञान जागृति पर चौपाल अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। सराहां में बतौर रिसोर्स पर्सन मौजूद संजू राणा ने कहा कि अगर हम अपनी आने वाली पीढ़ी के जीवन व वर्तमान में हमारे समक्ष आ रही पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटान करना है, तो हमें अपने जीवन को लाइफ स्टाइल को पर्यावरण अनुकूल बनाना अति आवश्यक है।

बीआर पराशर ने स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव एवं जीवनशैली में आए परिवर्तन के ऊपर जनसमुदाय को जागरूक किया। संस्था के परियोजना अधिकारी एवं पुनीत कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस उपलक्ष पर परियोजना के सह-समन्वयक मधु देवी एवम अनिल कुमार एवम संस्था के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

**आयोजन** पांवटा होला मोहल्ला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या शानदार तरीके से मनाई

## हार्मनी ऑफ द पाइंस पुलिस बैंड ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

होला मोहल्ला पांवटा साहिब की तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या धूमधाम और शानदार तरीके से मनाई गई। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में हार्मनी ऑफ द पाइंस पुलिस बैंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, साथ ही हिमाचल प्रदेश के जाने-माने कलाकार और इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल ने भी अपने गानों से समां बांधा।

उन्होंने 'वे हानिया वे दिल जानिया', कैसे हुआ कैसे हुआ, हीरिए आदि गाने गाए। इस संध्या में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा मुख्य अतिथि रहे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया। इसके बाद मंच पर एक से बढ़कर एक कलाकारों ने प्रस्तुति दी और वाहवाही लूटी।

बता दें कि पांवटा साहिब में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होला मोहल्ला को धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही जिला सिरमौर के कलाकारों के लिए सिरमौर आइडल का आयोजन किया गया, जिसमें योगेंद्र चीमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

शोंकी दूसरे और विकेश पुंडीर तीसरे स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने तीनों कलाकारों को सम्मानित किया। हार्मनी ऑफ द पाइंस पुलिस बैंड ने धमाल मचाया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वंदे मातरम् से पुलिस बैंड ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद अगर तुम साथ हो सहित कई गाने गाए।





होला मोहल्ला में प्रस्तुति देते हार्मनी ऑफ द पाइंस पुलिस बैंड (दाएं) तीसरी सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेते लोग।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# एचआरटीसी की बस पलटी, यात्री सुरक्षित

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते सड़कों पर वाहनों का स्किड होने का खतरा बना हुआ है।

### कुछ को आईं मामूली चोटें, दिया प्राथमिक उपचार

शनिवार सुबह समदो से रिकांगपिओ आ रही परिवहन निगम रिकांगपिओ डिपो की बस संख्या एचपी 25ए 5384 नाको के समीप एनएच पर बर्फ पर स्किड होने से बस सड़क और पलट गई।



स्किड होने से पलटी हुई एचआरटीसी की बस ।

गनीमत रही कि बस में चालक परिचालक सहित करीब 12 यात्री सुरक्षित बताए जा रहे है। निगम के इंस्पेक्टर गोपाल नेगीं ने कहा कि बस समदो से रिकांगपिओ आ रही थी की करीब साढ़े 8 बजे नाको के पास स्किट होने से सड़क पर पलट गई। बस चालक मंजीत, परिचालक अविनाश सहित 12 यात्री सुरक्षित है। कुछ को मामूली चोंटे आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है।

रिकांगपिओ से निगम की टीम नाको के लिए रवाना हो गई है। बर्फबारी के बीच बीआरओ व स्थानीय लोगों की मदद से बस को खड़ा किया गया। कल्पा, छितकुल, सांगला, रोपा वेली व हंगराग वेली में 2 से 3 सेंटीमीटर बर्फ दर्ज किया गया।

# एडवांस्ड स्टडी से बालूगंज वाले रास्ते पर लगाई रोक

आशिमा वैरागी, शिमला

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक एडवांस्ड स्टडी से बालुगंज जाने वाली रास्ते को बंद कर दिया गया है। उस रास्ते को स्कूल के विद्यार्थी शॉर्ट कट रास्ते के रूप में प्रयोग करते थे और साथ ही बुजुर्ग उस रास्ते का प्रयोग सुबह शाम टहलने के लिए किया करते थे। अब उस रास्ते को लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पढ़ रही है।

बुधवार को हुई नगर निगम की मासिक बैठक में समरहिल के पार्षद विरेंद्र ठाकुर ने हाउस में प्रश्न लगाया कि उनके वार्ड में रास्ता बंद होने से बुजुर्ग लोगों को टहलने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इससे लोग मायूस नजर आ रहे है।

### पार्षद नाराज, बुजुर्गों को टहलने की नहीं बची जगह




पार्षद का कहना है कि उस रास्ते को खोले की अपील की जाए क्योंकि आजतक वह रास्ता खुला था और अचानक बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही उस रास्ते मे सफाई की भी अपील की गई। उस रास्ते का प्रयोग रोजाना किया जाता है।पार्षद के अनुसार कुछ दिन पहले केंद्रीय संस्थान ने इस पैदल रास्ते को बंद करने के निर्देश दिए हैं। यह रास्ता दशकों पुराना है, इसलिए आम जनता की सुविधा के लिए इसे खोला जाना चाहिए। अब नगर निगम और जिला प्रशासन से इस रास्ते की बहाली की मांग की है।

### पेड़ गिरने का है खतरा

**एडवांस्ड** स्टडी वाले रास्ते में काफी पुराने पेड़ है, जो अब गिरने की कगार पर है। स्कूल के बच्चे अधिकतर उस रास्ते का प्रयोग करते है, इस रास्ते में कोई हानि न हो इसके लिए रास्ता बंद किया गया है।

> हाउस की परमिशन के बाद उस रास्ते को खोलने के लिए पत्र दिया जाएगा। पर्मिशन मिल चुकी है अब पत्र दिया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम शिमला पूरा प्रयास कर रहा है।
> -भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला ।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. बलवंत यूके में काम करने के लिए चयनित

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला के सांगला गांव के डॉ. बलवंत राय चेथा ने अपने काबिलियत से दो विशेष उपलब्धियां हासिल की है। डॉ. चेथा के पास अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दो डिग्रियों का होना ही विशेष है। डॉ. चेथा की ऐसी कई काबलियतों को भांप कर हाल ही में यूनाइटेड किंगडम सरकार ने उन्हें यूके में काम करने के लिए चयनित व स्पांसर किया है। डॉ. बलवंत राय चेथा के इस उपलब्धि को लेकर किन्नौर जिला वासियों ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि डॉ. बलवंत राय चेथा के पिता धर्म देव चेथा पूर्व में सरकारी विभाग में अधिकारी रहे हैं और माता जी, सेवा दासी चेथा, एक गृहिणी हैं। उनके चार बहनें और परिवार के अन्य सदस्य इस उपलब्धि से अत्यंत खुश व गौरवान्वित हैं। डॉ. चेथा हिमाचल के पहले डॉक्टर हैं जिन्होंने एमबीबीएस और एमडी रेडियोलॉजी दोनों की पढ़ाई एम्स से की है।



### सईदिया रहमान ने 11वीं में किया टॉप

**सुन्नी ।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में सत्र 2023 24 के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने अभिभावक वर्ग से कहा कि हमें बच्चों का मूल्यांकन उसके अंकों से नहीं बल्कि समग्र विकास से करना चाहिए। कक्षा नवमी में स्वास्तिका ने 98.57 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और मृणाल धवल ने 97.57 फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान और ओजस ठाकुर ने 96.85 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जमा एक के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान सईदिया 95 फीसदी अंक के साथ प्राप्त किया। मयंक शर्मा 90.60 फीसदी अंक के साथ द्वितीय और पीयूष वर्मा और हर्षिता ने संयुक्त रूप से 89.20 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्कूल स्टाफ सहित प्रबंधक सचिव धनंजय गुप्ता, मोनिका गुप्ता, डॉक्टर सुनील, पूनम चौहान तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 11वीं में अंशुल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**सुन्नी ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्योलिया में सत्र 2023-24 का शिक्षा संवाद आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य निशा बलूनी ने बच्चों को शैक्षणिक एंव खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया । इस दौरान नवी और ग्याहरवीं कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया । 9वीं कक्षा में दीक्षांत नेगी प्रथम, सृष्टि द्वितीय और रिद्धिमा तीसरे स्थान पर रही, जबकि ग्याहरवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अंशुल प्रथम, तन्वी द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान पर रही।

### सविएम तत्तापानी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**सुन्नी ।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय तत्तापानी का सत्र 2023 24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। शिशु कक्षा में कुल 20 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिसमें 17 बच्चे। ग्रेड में उत्तीर्ण हुए दो बच्चे बी ग्रेड में और एक बच्चा सी ग्रेड में उत्तीर्ण हुआ। प्रथम कक्षा से लेकर आठवीं तक भी बच्चे उत्तीर्ण हुए। नवमीं कक्षा में प्रथम स्थान पर भिवेश ठाकुर और माधवी चौहान द्वितीय स्थान पर रजत शर्मा और तृतीय स्थान पर पलक और पीयूष रहे।

### हर बूथ पर कमल खिलाएंगे : श्रीकांत शर्मा

**शिमला ।** भाजपा का नारा 400 पार इस बार हिमाचल चार की चार को पूरा करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। इस कार्य हेतु मंडलों में बैठकों के दौर में शिमला मंडल और भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा की बैठक को लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रभारी श्रीकांत ने कहा की मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेते हुए हम हर बूथ पर पूरे प्रदेश में कमल खिलाएंगे। श्रीकांत ने कहा कि कांग्रेस काल के प्रधानमंत्री के समय, उनको कोई प्रधानमंत्री मानने को तैयार नहीं था और उस सरकार में सब मंत्री, अपने आपको प्रधानमंत्री समझते थे जो सुपर पीएम के आदेश पर काम कर रहे थे। परिणाम यह हुआ कि घोटाले पर घोटाले होते रहे, प्रधानमंत्री सब कुछ जानते हुए भी आंख मूंदे बैठे रहते थे।

### बिल भुगतान के लिए आज खुला रहेगा कैश काउंटर

**सुन्नी ।** विद्युत उपमंडल सुन्नी के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं अपने बिजली बिलों का भुगतान रविवार 31 मार्च को भी करवा सकेंगे। विद्युत उपमंडल सुन्नी के सहायक अभियंता जगदीश शर्मा ने बताया की जिन उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है, वह सभी उपभोक्ता अपने बिजली बिलों का भुगतान कार्यालय में 31 मार्च, 2024 (रविवार) को सुबह 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे तक कर सकते है। रविवार के दिन कैश काउंटर खुला रहेगा।

### आईएफएस अधिकारी नागेश गुलेरिया सेवानिवृत्त



**शिमला ।** शिमला जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य निदेशक एवं वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य प्रधान अरण्यपाल नागेश कुमार गुलेरिया आज सेवानिवृत्त हुए। जाइका वानिकी परियोजना कार्यालय शिमला में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन कर यहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नागेश गुलेरिया को विदाई दी। परियोजना निदेशक श्रेष्ठानंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में यहां विराजमान अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नागेश गुलेरिया को सेवानिवृति के बाद जीवन की दूसरी पारी शुरू करने की शुभकामनाएं दी।

# ऊंचे क्षेत्रों में ताजा हिमपात

## शिमला में बारिश से फसलों और फलदार पौधों को हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी के बीच राज्य के कई ऊंचे क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में बीती रात से तेज बारिश हुई है, वहीं कुछ एक क्षेत्रों में देर रात अंधड़ और जोरदार बिजली कड़कने से धरती पर तेज रोशनी भी गिरती दिखी। वहीं राजधानी शिमला और इसके आसपास के कई क्षेत्रों में तेज बारिश और तुफान से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

### दूरदराज क्षेत्रों में बिजली रही गुल

वहीं प्रदेश के कई इलाकों में बिजली कड़कने के बाद बिजली गुल होने से लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। शिमला के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचोली जारी है। शिमला जिले के दूरदराज क्षेत्रों में बिजली गुल होने का क्रम जारी है।

सेब के पौधों में इस समय में नए पत्ते आ रहे हैं वहीं बर्फबारी से अब तापमान में गिरावट दर्ज की गई है ऐसे में पौधों में फूल खिलने में थोड़ा और समय लग सकता है।

वहीं सेब की फसल के लिए यह खतरनाक मानी जाती है क्योंकि निचले क्षेत्रों में सेब में फूल आना शुरू हो गया है ऐसे में मौसम का साफ रहना जरूरी माना जाता है। सेब के साथ साथ यह बारिश और ठंड स्टोन को भी नुकसान कर सकती है।



बारिश के दौरान छाता लेकर गुजरते हुए लोग।

### आगामी दिनों में ऐसा रहेगा मौसम

**मौसम** विभाग की ओर से 31 मार्च को भी प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई। वहीं, 1 व 2 अप्रैल को मौसम साफ रहने के आसार हैं। 3 से 5 अप्रैल तक प्रदेश में फिर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं, बादलों की गड़गड़ाहट के बीच में दोपहर को ऊना में झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से हल्की राहत मिली है। धूप खिलने का भी नजारा देखने को मिला।



तूफान से बिछी हुई फसल के नुकसान से किसान परेशान हैं।

### ओलावृष्टि से स्टोन फ्रूट को नुकसान

शिमला के कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ-साथ हल्की ओलावृष्टि होने से स्टोन फ्रूट की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। इन दिनों जिले के निचले क्षेत्रों में पौधों में फुल आ रहे हैं और तेज बारिश और ओलावृष्टि से फुल गिर रहे हैं जिससे आगामी समय में पौधें में फलों की पैदावार पर भी इसका असर पड़ रहा है।

### तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर हुई बारिश

**मौसम** विभाग ने हिमाचल की राजधानी शिमला और कुछ अन्य स्थानों पर तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश हुई और सोलन में ओलावृष्टि हुई। स्थानीय मौसम कार्यालय ने शनिवार को राज्य के 12 में से सात जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि और भारी बारिश का अनुमान जताया है।
हिमाचल प्रदेश के बदले हुए मौसम को लेकर प्रदेश की पुलिस, यातायात पुलिस और रेलवे पुलिस ने भी पोस्ट कर जानकारी दे रहे हैं।

# 125 यूनिट फ्री बिजली न मिलने पर नागरिक सभा करेगी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में नागरिक सभा ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। नागरिक सभा ने सरकार के फैसले पर विरोध जताते हुए सोमवार से सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने का फैसला लियै है।

शिमला में नागरिक सभा ने बिना एनओसी व बिना नक्शा पास भवनों को महंगी बिजली देने व सबसिडी खत्म करने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने इसे सरकार व विद्युत नियामक आयोग का जनता विरोधी फैसला करार दिया है। नागरिक सभा ने प्रदेश सरकार व विद्युत नियामक आयोग से मांग की है कि वह जनता के हित में इस निर्णय को वापस लें।




नागरिक सभा ने इस निर्णय के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दे दी है। नागरिक सभा ने पानी व कूड़े की दरों को बढ़ाने के खिलाफ, स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने व इस मुद्दे पर 1 अप्रैल को शिमला में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

नागरिक सभा सह संयोजक विजेंद्र मेहरा ने कहा कि अगर बिना नक्शा पास किए और बिना एनओसी वाले उपभोक्ताओं की सबसिडी खत्म करने, घरेलू दरों का स्लैब सवा छह रुपए व प्रतिमाह सरकार द्वारा 125 यूनिट फ्री बिजली देने के निर्णय को लागू न किया गया तो इसके खिलाफ जनता सड़कों पर उतरेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने साल 2022 में बिना एनओसी वाले भवन मालिकों को भी घरेलू उपभोक्ता की श्रेणी में रखा था व उनके लिए भी वही नियम शर्तें लागू किए गए थे जो नगर निकायों से एनओसी प्राप्त भवन मालिकों के लिए लागू थे। नगर निगम शिमला व अन्य नगर निकायों में काफी क्षेत्र नगर निगम की स्थापना के काफी समय बाद इसमें जोड़े गए थे।

इन मर्ज एरिया में नगर निगम में शामिल होने से पहले बने मकानों के लिए कोई एनओसी व नक्शा की ज़रूरत नहीं होती थी। ऐसे हजारों भवन बिना एनओसी व नक्शा के हैं।

शिमला शहर में कई गरीब बस्तियों में जनता ने कड़ी मेहनत से की कमाई से मकान बनाए हैं जिन्हें एनओसी नहीं दी गई है। हालांकि सरकार इन लोगों को घर बनाने के लिए दो बिस्वा जमीन देने की घोषणाएं कई बार कर चुकी हैं लेकिन यह आजतक पूरी नहीं हुई। ऐसे में विद्युत नियामक आयोग द्वारा इन भवनों को सबसिडी व 125 यूनिट फ्री बिजली के दायरे से बाहर करना न्यायसंगत नहीं है।

# जाखू में तीन भवनों की एटिक की अवैध तरीके से बढ़ाई ऊंचाई

अनंत गया ब्यूरो, शिमला

जाखू में तीन भवन मालिकों द्वारा भवन की एटिक की ऊंचाई को अवैध तरीके से बढ़ा दिया गया है। नगर निगम शिमला का शनिवार को कमिश्नर कोर्ट में कुल 64 केस लगे, जिसमें से 10 मामलों पर सुनवाई हुई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से किए गए निर्माण को तोड़ने के निर्देश जारी हुए हैं।

कोर्ट में इन्हें तोड़ने के आदेश जारी हुए हैं। अब इन तीनों की भवनों की एटिक को तोड़ा जाएगा। इसके अलावा जाखू में ही एक भवन मालिक द्वारा बेसमैंट एरिया को खोल दिया गया है, जबकि ऊपरी मंजिल को तोड़ने के आदेश जारी किए गए हैं।

संजौली में अवैध तरीके से बनाए गए ढारे को तोड़ने के आदेश दिए गए है। समरहिल में भी भवन मालिक को अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश दिए है। शहर के पंथाघाटी में 5 मंजिला भवन के ऊपर की पांचवीं मंजिल को अवैध करार दिया गया है। शिमला के राम बाजार में 2 भवन मालिकों पर नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना लगाया गया है। कोर्ट के आदेशों के तहत भवन मालिकों को 7 दिनों के अंदर खुद ही अवैध निर्माण तोड़ना होगा।

# व्यक्ति से चरस बरामद

**शिमला ।** पुलिस चौकी मतियाना के तहत एक नेपाली मूल के व्यक्ति से 457.41 ग्राम चरस बरामद की गई है। जानकारी अनुसार स्पेशल सेल शिमला की टीम ने नेपाली करण बहादुर खत्री पुत्र राम बहादुर जो की बलविंदर चौहान गांव टीर मतियाना के यहां रहता है अपने शैड में चरस का कारोबार कर रहा है से 457.41 ग्राम चरस बरामद की है।

डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# ओम प्रकाश को दोबारा महासंघ का महासचिव चुना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल एवं सांस्कृतिक महासंघ की बैठक एक निजी होटल वाइट गजेड़ अपर खोल गली में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल एवं सांस्कृतिक महासंघ महासचिव ओम प्रकाश मेहता ने की।

बैठक में सभी जोनल के अध्यक्ष व महासचिव तथा जोनल डेलीगेट्स ने भाग लिया और इस बैठक में महासंघ के चुनाव भी करवाए गए, जिसमें ओम प्रकाश मेहता को दोबारा महासचिव की जिम्मेवारी दी गई। ओम प्रकाश मेहता के विरुद्ध किसी भी सदस्यों ने चुनाव पर्चा नही भरा और सभी जोनल्स के अध्यक्ष व महासचिव तथा जोनल डेलीगेटस पदाधिकारियों ने सहमति से ओम प्रकाश मेहता को पूना महासंघ के महासचिव चुना गया।

बैठक में हाउस ने महासचिव ओम प्रकाश मेहता को कार्यकारिणी का विस्तार करने की अनुमति दी गई और मेहता को अपनी बुद्धि और विवेक से कार्यकारणी का विस्तार करेंगे । एमआर वर्मा ने कहा है कि यह बैठक एक निजी होटल वाइट गजेड़ अपर खोल गली में सम्पन्न हुई।

# पोस्ट कोड 1073 की सैकड़ों ने दी परीक्षा

**शिमला।** राज्य चयन आयोग ने शनिवार को आपरेशन थियेटर असिस्टेंट (ओटीए) के पोस्ट कोड 1073 के 162 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की। इस ऑनलाइन परीक्षा के लिए 447 आवेदकों को तीन परीक्षा केंद्र अलॉट किए गए थे।

कैबिनेट ने 13 मार्च को ओटीए की परीक्षा आयोजित करने के लिए राज्य चयन आयोग को अधिकृत किया था। सैकड़ों उमींदवारों ने परीक्षा दी। पारदर्शी तथा मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आने वाले समय में राज्य चयन आयोग के माध्यम से अन्य परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी।

# बस की चपेट में आई महिला, चालक पर केस दर्ज

**ठियोग ।** पुलिस चौकी फागू के तहत परिवहन निगम की के बस चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी अनुसार दया कृष्ण शर्मा पुत्र बंसी लाल शर्मा निवासी वीपीओ सतोग तह ठियोग जिला शिमला ने लिखित बयान पर दर्ज करवाए। उन्होंने बताया कि बस नंबर एचपी 03बी 6226 के चालक ने उसकी चाची द्रोपती देवी को टक्कर मारी है ।

दुर्घटना में उसकी चाची के पेट और बांह पर चोटें आई। उसने कहा कि बस का टायर उसके ऊपर से गुजर गया। जिसके बाद वह अपनी मौसी को अपनी निजी कर से इलाज के लिए आईजीएमसी ले गया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन निगम चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# 2025 से शिमला शहर में पानी की दरें नहीं बढ़ेंगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर में हर साल पानी के बिल मे 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है। यह निर्णय वर्ल्ड बैंक द्वारा लिया गया है। अब शिमला शहर में इससे लोग परेशान हो रहे है। शनिवार को नगर निगम के महापौर कार्यालय में एसजेपीएनएल के प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत के दौरान इस विषय पर चर्चा की गई।
हर साल पानी के बिल में 10 प्रतिशत न बढ़े इसके लिए सुरेन्द्र चौहान ने कहा जिस पर एमडी ने कहा कि अभी वर्ल्ड बैंक के कान्ट्रैक्ट के अनुसार चलना होगा। अगले साल यह खत्म होगा। बुधवार को एमसी की मासिक बैठक में 10 प्रतिशत पानी के बिल बढ़ोतरी पर भाजपा के पार्षदों ने आपति जताई थी।

रुलदुभट्टा की पार्षद ने कहा कि पानी के दाम नहीं बढ़ने चाहिए। नगर निगम एसजेपीएनएल के प्रबंध निदेशक से बात की जाएगी और पानी के दरों का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। अब 2025 में शहरवासियों के पानी के बिल नहीं बढ़ेंगे।

# लापरवाही पर दुकानदारों को लगा जुर्माना

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले जिला किन्नौर चंदू लाल नेगी ने क्षेत्रीय अस्पताल रोड, मुख्य बाजार रिकांगपिओ, पवारी, दाखो व खवांगी क्षेत्र में 25 फल एवं सब्जी विक्रेताओं, करियाना, चिकन/मीट विक्रेताओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकतर विक्रेताओं द्वारा मूल्य सूची प्रदर्शित न करने के मामले पाए गए तथा 116 किलोग्राम फल/सब्जी/खाद्यान्न जब्त किए गए और 8300 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा राज्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा के तहत परिसर में सड़ी-गली सब्जियां व कचरा फैलाने के लिए 8 दुकानदारों पर 9000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।



दुकानों का निरीक्षण करते हुए विभाग के अधिकारी।

उन्होंने बताया कि उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता द्वारा व्यवसायियों को निर्देश जारी किए गए कि गली-सड़ी फल/सब्जियों को तत्काल प्रभाव से नष्ट किया जाए और भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

**खुबसूरती** | बैंटनी एस्टेट में दो निजी धरोहर भवन, बैंटनी कैसल और बैंटनी कॉटेज हैं शामिल

# बैंटनी कैसल लगाता है शिमला की खूबसूरती में चार चांद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला की बैंटनी कैसल ऐतिहासिक और धरोहर स्मारकों में से एक है। शिमला आने वाले पर्यटक यहां न पहुंचे ऐसा हो ही नहीं सकता। यह भवन 140 साल पहले बनाया गया था।

बैटनी एस्टेट में दो निजी धरोहर भवन, बैंटनी कैसल और बैंटनी कॉटेज शामिल हैं। वर्तमान में शिमला स्थित ग्रांड होटल गवर्नर जनरल लॉर्ड बैंटिक का आवास स्थान था और इस बैंटनी हिल का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। यह भवन जिसे अब बैंटनी कहा जाता है।

यह सिरमौर के पूर्व शासकों का आवास था और इसे 19वीं शताब्दी के अंत में बनाया गया था। 2023 में रेनोवेशन के बाद यहां लाइट एंड शो चलाया गया जिसकी एंट्री फीस 100 रुपए रखी गई।



### यहां पर होती हैं ये एग्जीबिशन

**पर्यटन** कारोबार को बढ़ावा देने के लिए इसमें कई तरह की एग्जीबिशन लगाई जाती है। भवन में लाइट एंड साउंड शो, गांधी इन शिमला एग्जीबिशन, पहाड़ी कल्चर को दिखाया जाएगा। बता दें कि लाइट एंड साउंड शो में इतिहास का जिक्र किया जाता है, जिसमें एग्जीबिशन के बारे में दिखाया जाता हैं। वहीं बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अनुपम खेर की आवाज यहां के शो में गूंजती है।

> यहां की संस्कृति को बाहरी राज्यों से आए लोग देख सकेंगे। सैलानियों के अलावा यहां पर स्थानीय लोगों को भी अपने गौरवशाली इतिहास को जानने का मौका मिलता है।
> -हरि चौहान, म्यूजियम अध्यक्ष।

### धरोहर के रेनोवेशन में लगे 27 करोड़

**इस** ऐतिहासिक धरोहर के रेनोवेशन का काम चला था जो 2023 में पूरा हो गया। यहां पर ओपन एयर लाइट एंड साउंड शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। बता दें कि सरकार ने इस भव्य इमारत का मरम्मत कार्य 27 करोड़ की लागत से किया है। दो मंजिला बैंटनी कैसल के विशाल लॉन में दो ओपन एयर थिएटर के अलावा गैलरी हॉल हैं।

### लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने कंगना पर छोड़े सियासी तीर

# ‘आपदा में कहां थी हिमाचल की बेटी’

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोकसभा चुनाव में देश की सबसे हॉट सीट बन चुकी मंडी से प्रत्याशी कंगना रनौत पर हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सियासी हमला बोला है।

शिमला में विक्रमादित्य ने कहा कि बीते वर्ष हिमाचल में मंडी और कुल्लू जिला में प्राकृतिक आपदा के चलते सबसे ज्यादा तबाही हुई और इस दौरान सैकड़ों लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा, मगर कंगना को उस दौरान हिमाचल की याद नहीं आई।

विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना का मंडी के साथ-साथ मनाली में भी अपना घर है। दोनों जगह प्रभावित परिवार से मिलने कंगना क्यों नहीं आईं। अब कंगना कह रही हैं कि वह हिमाचल व मंडी की बेटी हैं। जब आपदा आई तो बेटी कहां थी।



वहीं विक्रमादित्य ने कहा कि भाजपा के कई नेता पार्टी के संपर्क हैं। कांग्रेस जल्द चारों लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी तय करेगी। मंडी लोकसभा सीट जीत की रणनीति कांग्रेस 3 अप्रैल को बनाएगी। मंडी में कांग्रेस और सभी फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन की बैठक ली जाएगी, इसमें मंडी लोकसभा के साथ लाहौल-स्पीति विधानसभा उपचुनाव की भी रणनीति बनाई जाएगी।

कांग्रेस पार्टी ने विक्रमादित्य को मंडी लोकसभा सीट के लिए प्रभारी बनाया है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विपरीत परिस्थितियों और सदी की सबसे भीषण आपदा के बावजूद विकास नहीं रुकने दिया। विक्रमादित्य ने कहा नेता प्रतिपक्ष ने इलेक्शन कमीशन को शिकायत करके महिलाओं को 1500 रुपए रोकने का काम किया है। प्रदेश की महिलाएं चुनाव में इसका जवाब देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### यानिक और ग्रिगोर दिमित्रोव मियामी ओपन के फाइनल में



**मियामी गार्डंस।** दूसरे वरीय यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव पर जीत से मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल में सिनर का सामना 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को दूसरे सेमीफाइनल में शिकस्त दी। दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद सेमीफाइनल में जर्मनी के ज्वेरेव को 6-4, 6-7, 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग का फाइनल शनिवार को अमेरिका की डेनियल कोलिंस और चौथी वरीय एलीना रिबाकिना के बीच खेला जायेगा।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियंस इंचियोन में चीनी पैडलर्स का दबदबा जारी

**इंचियोन।** चीनी पैडलर्स ने डब्ल्यूटीटी चैंपियंस इंचियोन पर अपना दबदबा बनाया और सभी खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पुरुष एकल में, दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरी वरीयता प्राप्त लियांग जिंगकुन ने स्लोवेनियाई डार्को जोर्गिक को शिकस्त दी। तीसरी वरीयता प्राप्त मा लोंग ने दक्षिण कोरियाई पैडलर लिम जोंग-हून को 3-1 से हराया, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैन जेंडॉन्ग भी आगे बढ़े। महिला एकल वर्ग में, दुनिया की नंबर-1 और शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंग्शा ने स्वीडिश पैडलर लिंडा बर्गस्ट्रॉम को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका मुकाबला नंबर 5 सीड जापान की हिना हयाता से होगा। एक अन्य मैच में, तीसरी वरीयता प्राप्त वांग यिडी ने रोमानियाई एलिजाबेथ समारा को हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ऑस्ट्रियाई पैडलर सोफिया पोल्कानोवा से होगा। जापान की मिवा हारिमोटो के साथ मुकाबले में विश्व नंबर-4 चेन मेंग ने आसान जीत दर्ज की, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त वांग मन्यु ने चीनी ताइपे खिलाड़ी चेंग आई-चिंग को हराया।

### बांग्लादेश का जुलाई में होने वाला अफगानिस्तान दौरा स्थगित

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश का जुलाई में होने वाला अफगानिस्तान दौरा स्थगित कर दिया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद दो टेस्ट मैचों के साथ-साथ तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी थी। बीसीबी क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने शनिवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, ''दोनों बोर्डों द्वारा किसी अन्य समय पर श्रृंखला खेलने के लिए सहमत होने के बाद इसे पुनर्निर्धारित किया जाएगा।''

### आईपीएल से हटे डेविड विली, एलएसजी ने मैट हेनरी के साथ किया करार



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने डेविड विली की जगह तेज गेंदबाज मैट हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। विली निजी कारणों से इस साल के आईपीएल 2024 की शुरुआत से हट गए थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। लीग ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ पिछले दो सीजन बिताने के बाद, इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विली को पिछले साल दुबई में मिनी-नीलामी में एलएसजी ने उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। विली ने आईपीएल से पहले क्रमशः आईएलटी-20 और पीएसएल में अबू धाबी नाइट राइडर्स और मुल्तान सुल्तांस का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले विली भारत में थे, जहां उन्होंने विश्व कप खेला था। हेनरी, जिन्हें एलएसजी ने 1.25 करोड़ रुपए में खरीदा था, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट मैचों में सफल प्रदर्शन के बाद आईपीएल में प्रवेश कर रहे हैं।

### नीदरलैंड के एडे शहर में कई लोगों को बनाया गया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के एडे शहर में पुलिस ने उस इलाके की घेराबंदी की है जहां एक इमारत में कई लोगों को बंधक बनाया गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने मीडिया को बताया कि एडे में लोगों को बंधक बनाया गया है, लेकिन उन्होंने घटना के बारे में अधिक जानकारी देने या यह बताने से इनकार कर दिया कि इसमें कितने लोग शामिल हैं। इससे पहले, पुलिस ने एडे शहर में एक केंद्रीय चौराहे के पास 150 घरों को यह कहते हुए खाली करा लिया था कि इलाके में एक व्यक्ति है ''जो उनके या दूसरों के लिए खतरा हो सकता है।'' एम्स्टर्डम से 85 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पूर्व में एक ग्रामीण बाजार शहर, एडे में घटनास्थल की तस्वीरें आई हैं जिनमें पुलिस और अग्निशमन कर्मी एक घेराबंदी वाले क्षेत्र में सड़कों पर दिख रहे हैं। नगर पालिका ने बताया कि एडे के केंद्रीय हिस्से की सभी दुकानें बंद रहेंगी।

### बलूचिस्तान में भारी बारिश के कारण छत गिरने से पांच मजदूरों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक मकान की छत गिरने से कम से कम पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह मकान स्थानीय कोयला खदान के बाहर मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि इसी इलाके में भारी बारिश के कारण एक घर ढह जाने से करीब सात लोगों की मौत हो गई।

---

**आईपीएल-2024** जीत के लिए गुजरात को गेंदबाजी आक्रमण में करना होगा सुधार

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टकराएंगे सनराइजर्स और टाइटंस

**एजेंसी, अहमदाबाद**



गुजरात टाइटंस को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की। गुजरात टाइटंस ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की, लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटंस के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो 1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्याएं खड़ी कर सकता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पांड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाए रखते थे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटंस विजेता और उपविजेता रही थी, लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय आल राउंडर पंड्या की कमी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिए गए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका। सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं, जबकि गिल की टी-20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं। वहीं उनके फिनिशर डेविड मिलर (12 और 21 रन) भी जूझ रहे हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही। अब टीम उम्मीद करेगी कि मिलर अपनी फॉर्म में वापसी करें, क्योंकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी की बराबरी करने के लिए बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट की छुपी रूस्तम सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा बनाये गए आईपीएल के पांच विकेट पर 263 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता ट्रेविस हेड (62 रन, 24 गेंद) ने शानदार पदार्पण किया और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर विस्फोटक शुरूआत करायी, लेकिन फिर 'अनकैप्ड' भारतीय अभिषेक शर्मा ने इस रिकॉर्ड को बेहतर करके महज 16 गेंद में अर्द्धशतक जड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और हेनरिच क्लासेन निचले क्रम में शानदार फॉर्म में हैं।

**इस प्रकार हैं टीमें**

**गुजरात टाइटंस**

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन।

## टी-20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन



**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किए जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी-20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजिमी है। उसे उम्मीद थी कि अगर बोर्ड और चयनकर्ता उन्हें हटाना भी चाहते हैं तो उन्हें इसके पीछे के कारणों के बारे में सूचित करना चाहिए और उन्हें हर चीज के बारे में जानकारी देनी चाहिए।''

## सेपक टकरा में हिमाचल की टीम ने झटका ब्रॉन्ज मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कर्नाटक के देवनगिरी में 27वीं जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने डबल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 26 से 30 मार्च तक आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में देशभर के लड़के और लड़कियों ने भाग लिया।

इस टीम में जिला कुल्लू के बंजार स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के दो विद्यार्थी पवन कुमार और देवांश ठाकुर भी शामिल थे। इस प्रतियोगिता में देश की 28 टीमों के 700 खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया। हिमाचल की टीम का सेमीफाइनल उत्तराखंड की टीम से हुआ और इस टीम ने सेमीफाइनल में जीत हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

हिमाचल से इस डबल इवेंट टीम में अंतरिक्ष राठौर, चमन वर्मा, दिशांत ठाकुर और मनीष कुमार टीम कोच, विशाल टीम मैनेजर ने इस प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया। हिमाचल प्रदेश सेपक टकरा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पीएन आजाद, हेमराज प्रदेश कार्यकारी सचिव अंजू शर्मा, मंडी जिला महासचिव पूर्ण चंद्र, रवि कुमार, नरेश कुमार, हरि कृष्ण, मणिलाल, लुदर चंद, विकास शर्मा इत्यादि ने हिमाचल प्रदेश की टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए उनको बधाई दी है। गौर रहे कि सेपक टकरा में हिमाचल टीम ने पहली बार ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।



कर्नाटक के देवनगिरी में आयोजित 27वीं जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल विजेता टीम।

**क्या है सेपक टकरा गेम**

**सेपक** टकरा एक फुट वॉलीबॉल खेल है जहां खिलाडी केवल अपने पैरों, घुटनों, छाती और सिर का उपयोग करके गेंद को छूते हैं और संभालते हैं। खेल के नियम और कानून काफी हद तक वॉलीबॉल के समान हैं। 1990 से सेपक टकरा को एशियाई खेलों में भी शामिल किया गया है।

## सीएसके के खिलाफ दिल्ली को पृथ्वी शॉ की जरूरत



**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपने बल्लबाजी क्रम में फेरबदल करके विस्फोटक पृथ्वी साव को शामिल करने की जरूरत होगी।

टी-20 प्रारूप में हालांकि काफी कुछ टॉस पर निर्भर करता है, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पिछली चार भिड़ंत में सीएसके की चुनौती से पार नहीं पा सकी है और इसमें भी उसकी हार का अंतर 91 रन, 27 रन और 77 रन रहा है जो उसकी हालत दर्शाने के लिए काफी है, बस पिछली भिड़ंत में ऋषभ पंत उपलब्ध नहीं थे।

**इस प्रकार हैं टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), मोइन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिज़वी, मुस्तफिजुर रहमान, और अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर)।

## मां की कब्र के पास माफिया मुख्तार अंसारी को किया सुपुर्द-ए-खाक

**एजेंसी, गाजीपुर**

मुख्तार अंसारी के शव को उनके पैतृक कब्रिस्तान कालीबाग में ही मां की कब्र के बगल में ही सुपुर्द-ए-खाक किया गया है। इस दौरान प्रशासन की ओर से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कब्रिस्तान के गेट के सामने डीएम और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे जो लोगों को अंदर जाने से रोक रहे थे। इसमें मुख्तार के परिवार के लोग भी जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे थे। मुख्तार के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग कब्रिस्तान के बाहर मौजूद रहे, जिन्हें हटाने में प्रशासन को काफी जदोजहद करनी पड़ी। वहीं, पिता की कब्र के पास काफी देर तक बेटा उमर बैठा रहा। मुख्तार के करीबी लोग उसे मिट्टी देने के लिए पहुंचे।



**पांच फुट गहरी कब्र में दफनाया जाएगा मुख्तार**

**मुख्तार** की कब्र और सुपुर्द-ए-खाक कराने को लेकर कब्रिस्तान के व्यवस्थापक अफरोज ने बताया कि मुख्तार अंसारी को दफनाने के लिए कब्रिस्तान यूसुफपुर मोहम्मदाबाद में काली बाग कब्र तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि 7.5 फुट लम्बी, 3.5 फुट चौड़ी, पांच फुट गहरी कब्र बनायी गयी है। हिन्दू मजदूरों गिरधारी, संजय और नगीना ने मुख्तार की कब्र को तैयार किया है।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में खड़े नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण उन्हें उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

जांच आयोग की सुनवाई बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत द्वारा 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' (एएनसी) ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया।

गुप्ता परिवार पर देश के स्वामित्व वाले 'एस्कॉम' जैसे उद्यमों से अरबों की धोखाधड़ी करने का आरोप है। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

## सीरिया और लेबनान में इसराइल के हवाई हमले में 36 सैन्यकर्मियों सहित 44 की मौत


**एजेंसी, यरुशलम**

इजरायल ने शुक्रवार को सीरिया और लेबनान के खिलाफ अबतक का सबसे बड़े हवाई हमला किया है जिसमें 36 सैन्यकर्मियों समेत 44 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला गाजा युद्ध के शुरू होने के साढ़े पांच महीनों के दौरान हुआ।



सीरिया की राजधानी दमिश्क और अलेप्पो प्रांत में किए इजराइली हवाई हमलों में 44 लोग मारे गए हैं, जिनमें 36 सैन्यकर्मी हैं। जबकि लेबनान के बाजौरिया इलाके में लेबनानी हिजबुल्लाह का वरिष्ठ कमांडर मारा गया।रूस ने सीरिया पर इजराइली हमलों की निंदा की है और इसे सीरिया की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। कहा कि इस तरह के हमलों का खतरनाक दुष्परिणाम हो सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि हिजबुल्लाह की राकेट और मिसाइल यूनिट का उप प्रमुख अली आबेद अख्सान हवाई हमले में मारा गया है। बताया है कि अली आबेद हिजबुल्लाह के घातक रॉकेटों को संचालित करने का कार्य करता था और वह इजराइली क्षेत्र में हमलों के लिए जिम्मेदार था।इजराइली हमले में छह अन्य लोगों के मारे जाने की भी सूचना है।

## पंजाब में बंद होंगे दो टोल प्लाजा, सरकार ने नहीं बढ़ाई समय सीमा




**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य में दो और टोल प्लाजा बंद करने जा रही है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से अब तक 12 टोल प्लाजा बंद किए जा चुके हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लुधियाना से बरनाला वाया सुधार रायकोट महिल कलां में दो टोल प्लाजा हैं। इनमें एक टोल प्लाजा गांव रकबा के नजदीक मुल्लांपुर व दूसरा गांव महिल कलां के नजदीक है। दोनों एक ही कंपनी हैं। सीएम ने लिखा है कि कंपनी ने कोविड व किसान आंदोलन का विवरण देकर 448 दिन टोल प्लाजा बढ़ाने की अनुमति मांगी थी। इसे पंजाब सरकार ने नहीं माना है। यह दोनों टोल प्लाजा 2 अप्रैल रात 12 बजे से बंद हो जाएंगे। उन्होंने आखिर में लिखा है इंकलाब जिंदाबाद। सरकार ने अब तक किसी भी कंपनी को समय सीमा बढ़ाने के लिए मंजूरी नहीं दी है। इससे इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को काफी फायदा मिलेगा, क्योंकि अप्रैल से ही नए टोल रेट भी लागू होने वाले थे।

## मेक्सिको के तट के पास नौका दुर्घटना में आठ व्यक्तियों की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**

मेक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट के पास एक नौका हादसे में आठ प्रवासियों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतक संभवतः एशिया के थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत ओक्साका में अभियोजकों ने कहा कि इस हादसे में जीवित बचे एक एशियाई व्यक्ति का पता लगा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति एशिया के थे। मृतकों के शव प्लाया विसेंटे शहर में एक समुद्र तट के पास मिले। नौका हादसे का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।



## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.631 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी की है। यह लगातार पांचवां सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है।

इससे एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.49 अरब डॉलर हो गया था। इससे पहले देश के विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड हाई 642.45 अरब डॉलर था, जो सितंबर 2021 में दर्ज किया गया था, लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का इस्तेमाल किया, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी। आरबीआई हर सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार और गोल्ड रिजर्व का डाटा जारी करता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करंसी एसेट्स 12.3 करोड़ डॉलर घटकर 568.26 अरब डॉलर हो गए।

डॉलर में एक्सप्रेस किए जाने वाले फॉरेन करेंसी एसेट्स में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

**ऐलान** नेकां अध्यक्ष बोले-मैं चुनाव लड़ूं या नहीं, कहां से लड़ूं, यह मेरी निजी पसंद नहीं है

## दिल्ली में 'लोकतंत्र बचाओ रैली' में हिस्सा लेंगे फारूक अब्दुल्ला

**एजेंसी, श्रीनगर**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की 'लोकतंत्र बचाओ रैली' में भाग लेंगे। यह जानकारी उनके बेटे एवं पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने दी।

उमर अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'दिल्ली के रामलीला मैदान में 'विपक्षी' गठबंधन का एक कार्यक्रम है। नेकां की ओर से हमारे अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला इसमें भाग लेंगे।' उत्तरी कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव के दौरान अफवाह फैलाई जाती है।



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं चुनाव लड़ूं या नहीं, या कहां से लड़ूं, यह मेरी निजी पसंद नहीं है, यह नेकां का फैसला होगा। पार्टी मुझे लड़ाना चाहती है या नहीं और किस सीट से लड़ाना चाहती है, यह पार्टी पर छोड़ दें और मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता।' जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा तब करेगी जब उसका मन होगा।

उन्होंने कहा, ''आप यह जानने के लिए इतने बेताब क्यों हैं कि हमारे उम्मीदवार कौन होंगे? सज्जाद लोन को छोड़कर किस पार्टी ने कश्मीर में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। आप केवल नेकां के पीछे हैं, जैसे कि हर कोई हमारा इंतजार कर रहा है।'' उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हम इसकी घोषणा तब करेंगे, जब हमारा मन करेगा। यह अधिसूचना के बाद या नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन भी हो सकता है।'